लखनऊ, बरेली, मुरादाबाद, हल्द्वानी, अयोध्या व कानपुर से प्रकाशित

ज्येष्ठ कृष्ण पक्ष दशमी विक्रम संवत 2081

# अमृत विचार

वर्ष 5, अंक 196, पृष्ठ 14+4, मूल्यः 6 रुपये

एक सम्पूर्ण अखबार

बरेली, रविवार, 2 जून 2024




इस बार के रविवारीय संस्करण 'लोक दर्पण' में, हमारा पर्यावरण हमारा भविष्य व अन्य विषयों पर विशेष सामग्री दी जा रही है।

www.amritvichar.com




बिग बॉस ओटीटी- 3 को होस्ट करेंगे अनिल कपूर...14


**आज का मौसम** 42.0° अधिकतम तापमान | 30.0° न्यूनतम तापमान | आसमान साफ रहेगा, धूप खिली रहेगी। | सूर्योदय 05 : 16 | सूर्यास्त 18 : 58

## मई में 1.73 लाख करोड़ रुपये रहा जीएसटी संग्रह

**नई दिल्ली।** माल एवं सेवा कर (जीएसटी) राजस्व संग्रह चालू वित्त वर्ष के दूसरे महीने मई में 1.73 लाख करोड़ रुपये रहा है जो पिछले वित्त वर्ष में इसी महीने में संग्रहित 157090 करोड़ रुपये की तुलना में 10 प्रतिशत अधिक है। वित्त मंत्रालय द्वारा जारी आंकड़ों के अनुसार चालू वित्त वर्ष के पहले दो महीने अप्रैल-मई में कुल जीएसटी राजस्व संग्रह 3.83 लाख करोड़ रुपये रहा है जो पिछले वित्त वर्ष की इसी अवधि में संग्रहित राजस्व की तुलना में 11.3 प्रतिशत अधिक है। अप्रैल 2024 में पहली बार जीएसटी संग्रह रिकार्ड दो लाख करोड़ को पार करते हुए 210267 करोड़ रुपये पर पहुंच गया जो अप्रैल 2023 के 187035 करोड़ रुपये की तुलना में 12.4 प्रतिशत अधिक था। वित्त मंत्रालय ने शनिवार को मासिक जीएसटी संग्रह के आंकड़े जारी किए जिसके अनुसार रिफंड के बाद अप्रैल 2024 में शुद्ध जीएसटी राजस्व संग्रह 1.44 लाख करोड़ रुपये रहा है जो मई 2023 के शुद्ध संग्रह से 6.9 प्रतिशत अधिक है। जीएसटी के आंकड़ों के अनुसार मई 2024 में कुल जीएसटी संग्रह 172739 करोड़ रुपये रहा है।


- **पिछले वित्त वर्ष से 10 प्रतिशत अधिक रहा संग्रह**

# अंतिम चरण : उप्र की 13 लोकसभा सीटों पर 55 .60% मतदान

**वरिष्ठ संवाददाता, लखनऊ**

**अमृत विचार :** प्रदेश में सातवें व अंतिम चरण में 13 लोकसभा सीटों पर शाम छह बजे तक 55.60 प्रतिशत मतदान हुआ। चंदौली में सबसे ज्यादा 60.34 प्रतिशत व सलेमपुर में सबसे कम 51.25 प्रतिशत मतदान रहा। सोनभद्र की दुद्धी विधानसभा सीट पर 54.48 प्रतिशत मतदान हुआ।

मुख्य निर्वाचन अधिकारी नवदीप रिणवा ने बताया कि सभी सीटों पर छिटपुट घटनाओं के बीच शांतिपूर्ण ढंग से मतदान हुआ। उन्होंने बताया कि महाराजगंज में 60.08 प्रतिशत, गोरखपुर में 54.69 प्रतिशत, कुशीनगर में 57.29, देवरिया में 55.30, बांसगांव में 51.59, घोसी में 54.87 प्रतिशत, सलेमपुर में 51.25, बलिया में 52.84 प्रतिशत, गाजीपुर में 55.21, वाराणसी में 56.35 प्रतिशत, मिर्जापुर में 57.72 व राबर्ट्सगंज (अजा) में 55.92 प्रतिशत मतदान हुआ।



- **चंदौली सीट पर सबसे ज्यादा 60.34% और सलेमपुर में सबसे कम 51.25% वोटिंग**

मुख्य निर्वाचन अधिकारी ने बताया कि मतदान के दौरान कुल 236 शिकायतें प्राप्त हुईं, जिसमें सबसे ज्यादा देवरिया सीट पर 34 शिकायतें दर्ज हुईं। इनमें ईवीएम खराब होने व फर्जी मतदान होने समेत विभिन्न शिकायतें रहीं।

- **मतदान के दौरान कुल 236 शिकायतें प्राप्त हुईं, सबसे ज्यादा देवरिया सीट पर 34 शिकायतें**

### प्रचंड गर्मी और लू के बीच आठ राज्यों की 57 सीटों पर 61.63 प्रतिशत मतदान

**नई दिल्ली।** लोकसभा चुनाव के आखिरी और सातवें चरण में शनिवार को देश के विभिन्न अंचलों में प्रचंड गर्मी और लू के बीच 61.63 प्रतिशत मतदाताओं ने वोट डाले। अंतिम चरण में आठ राज्यों एवं केन्द्रशासित प्रदेशों की 57 सीटों के साथ-साथ ओडिशा विधानसभा की बाकी बची 42 सीटों पर सुबह सात से शाम छह बजे तक मतदान कराया गया। निर्वाचन आयोग से रात 11 :45 बजे उपलब्ध कराई सूचना के अनुसार इस चरण में भी पश्चिम बंगाल मतदान में 73 .36 प्रतिशत वोट डाले गए। बिहार में मत प्रतिशत 51 .92 रहा। पंजाब और पश्चिम बंगाल में कुछ मतदान केन्द्रों पर विभिन्न दलों के कार्यकर्ताओं के बीच झड़पों को छोड़कर मतदान शांतिपूर्ण बताया गया है। चंडीगढ़ में 67 .9, हिमाचल प्रदेश 69 .67, झारखंड 70 .66, ओडिशा 70 .67, पंजाब 58 .33, उत्तर प्रदेश 55 .60 प्रतिशत वोट पड़े। इन 57 सीटों पर कुल 904 उम्मीदवार मैदान में थे। सातवें चरण में उत्तर प्रदेश की 13, पंजाब की 13 और चंडीगढ़ की एक सीट के साथ हिमाचल प्रदेश की चार, झारखंड की तीन, ओडिशा की छह, बिहार की आठ, प. बंगाल की नौ सीटों पर मतदान कराया गया।

### मोदी समेत कई दिग्गजों का भाग्य ईवीएम में कैद

सातवें चरण के मतदान के बाद प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी समेत कई दिग्गजों का भाग्य ईवीएम में कैद हो गया। मोदी वाराणसी सीट से तीसरी बार प्रत्याशी रहे। उनके मुकाबले में इंडी गठबंधन से कांग्रेस के प्रदेश अध्यक्ष अजय राय रहे। गोरखपुर सीट पर भाजपा से मौजूदा सांसद रवि किशन प्रत्याशी थे। इनका मुक़ाबला सपा नेता काजल निषाद से रहा। चंदौली सीट से केंद्रीय मंत्री महेंद्र नाथ पांडे, रॉबर्ट्सगंज सीट पर भाजपा से रिंकी कोल, घोसी सीट पर राजग से ओम प्रकाश राजभर के बेटे अरविंद राजभर, कुशीनगर सीट पर भाजपा से मौजूदा सांसद विजय दुबे, मिर्जापुर सीट से केंद्रीय मंत्री अनुप्रिया पटेल चुनाव मैदान में रहीं।

## सलमान खान को मारने की साजिश में 4 शूटर गिरफ्तार


**मुंबई।** नवी मुंबई पुलिस ने शनिवार को दावा किया कि उसने बॉलीवुड अभिनेता सलमान खान की हत्या की साजिश रचने के आरोप में लॉरेंस बिश्नोई गिरोह के चार सदस्यों को गिरफ्तार किया है। गिरोह ने महाराष्ट्र के पनवेल में इस साल की शुरुआत में सलमान के फार्महाउस के समीप उनकी कार रोककर उन पर एके-47 राइफलों से गोलीबारी कर हत्या की साजिश रची थी। आरोपियों की पहचान धनंजय तपसिंह उर्फ अजय कश्यप, गौरव भाटिया उर्फ नाहवी, वस्पी खान उर्फ वसीम चिकना और रिजवान खान उर्फ जावेद खान के रूप में की गई है। आरोपियों के खिलाफ विभिन्न धाराओं में मामला दर्ज हुआ है। पुलिस उपायुक्त विवेक पनसारे ने कहा कि गिरफ्तार आरोपियों को एके-47 राइफलों व अन्य हथियारों से हमला करने के निर्देश दिए गए थे।



- **अभिनेता पर एके-47 राइफलों से हमला करने की थी योजना**












# एग्जिट पोल : मोदी हैट्रिक को तैयार

## भाजपा के नेतृत्व वाले राजग को प्रचंड बहुमत मिलने के आसार, इंडिया समूह कहीं भी टक्कर में नहीं

**नई दिल्ली, एजेंसी**

लोकसभा चुनाव के अंतिम चरण का मतदान संपन्न होने के बाद आए एग्जिट पोल (चुनाव बाद सर्वेक्षण) में भाजपा के नेतृत्व वाले राजग को प्रचंड बहुमत मिलने का अनुमान लगाया गया है। इन सर्वेक्षणों के मुताबिक, प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी लगातार तीसरी बार केंद्र की सत्ता संभालने जा रहे हैं। सर्वेक्षणों में सत्तारूढ़ गठबंधन राजग के तमिलनाडु और केरल में खाता खोलने और कर्नाटक में फिर से एकतरफा जीत का अनुमान जताया गया है। कांग्रेस तथा उसके सहयोगियों का इंडिया समूह कहीं भी टक्कर में दिखाई नहीं दे रहा है।

सभी सर्वेक्षण में राजग को बहुमत से कहीं अधिक सीटें दर्शाई गई हैं। टुडेज़ चाणक्य ने 2019 के चुनावों की तुलना में भाजपा और उसके गठबंधन के लिए कहीं अधिक सीटें मिलने की भविष्यवाणी की है। इसने भाजपा को 335 सीटें और राजग को 400 सीटें दी हैं। इसने विपक्षी गठबंधन को 107 सीटें दी हैं। इस लोकसभा चुनाव में भाजपा ने अपने गठबंधन के लिए 400 पार का नारा दिया था। अगर एग्जिट पोल सच साबित होते हैं, तो मोदी अपनी पार्टी को लगातार तीसरी बार चुनाव में जीत दिलाने के मामले में देश के पहले प्रधानमंत्री जवाहरलाल नेहरू के रिकॉर्ड की बराबरी कर लेंगे।

### इंडी गठबंधन वोटरों के दिलों को छूने में विफल रहा : मोदी



**नई दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने शनिवार को विश्वास जताया कि लोगों ने राजग सरकार को फिर से चुनने के लिए रिकॉर्ड संख्या में मतदान किया है। अवसरवादी इंडी गठबंधन मतदाताओं के दिलों को छूने में विफल रहा है। उन्होंने कहा कि मतदाताओं ने विपक्ष की प्रतिगामी राजनीति को खारिज कर दिया। अंतिम चरण के लिए मतदान समाप्त होने के बाद मोदी ने कहा कि लोगों ने उनकी सरकार का 'ट्रैक रिकॉर्ड' देखा है। उन्होंने कहा कि उनकी सरकार के कामकाज से गरीबों, हाशिए पर पड़े लोगों और दलितों के जीवन में गुणात्मक बदलाव आया है।

### इंडी गठबंधन को मिलेंगी कम से कम 295 सीटें : कांग्रेस



**नई दिल्ली।** कांग्रेस ने एग्जिट पोल के अनुमानों को खारिज करते हुए दावा किया कि यह एग्जिट पोल उस व्यक्ति ने मैनेज करवाएं हैं जिनका चार जून को एग्जिट होना तय है। पार्टी महासचिव जयराम रमेश ने यह भी कहा कि वास्तविक परिणाम बहुत अलग होंगे तथा इंडी गठबंधन को कम से कम 295 सीट मिलेंगी। रमेश ने एक्स पर पोस्ट किया इंडी गठबंधन को निश्चित रूप से कम से कम 295 सीटें मिलेंगी- बिल्कुल स्पष्ट और निर्णायक बहुमत। कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे ने भी दावा किया कि इंडी गठबंधन 295 से अधिक सीट जीतेगा।

| सर्वेक्षण एजेंसी | राजग | इंडी गठबंधन |
|---|---|---|
| इंडिया टुडे-एक्सिस मॉय इंडिया | 361-401 | 131-166 |
| एबीपी-सी वोटर | 353-383 | 152-182 |
| इंडिया टीवी-सीएनएक्स' | 371-401 | 109-139 |
| न्यूज नेशन | 342-378 | 153-169 |
| रिपब्लिक टीवी-मैट्रिज़ | 353-368 | 118-133 |
| जन की बात | 362-392 | 141-161 |
| टुडेज़ चाणक्य | 400 | 107 |
| टाइम्स नाउ-ईटीजी रिसर्च | 358 | 152 |
| रिपब्लिक टीवी-पी मार्क | 359 | 154 |

### उप्र में 65 से अधिक सीटों पर एनडीए का दावा

**नई दिल्ली।** सबसे ज्यादा 80 सीटों वाले उत्तर प्रदेश में से बीजेपी को 64 से 67 सीटें मिलती दिख रही हैं। इंडी गठबंधन को 8 से 12 सीटें मिलने का अनुमान है। एबीपी न्यूज-सीवोटर एग्जिट पोल के अनुसार एनडीए को 62-66, इंडी गठबंधन को 15-17 और अन्य को 0 सीटें मिलती दिख रही हैं। आज तक माय एक्सिस इंडिया के अनुसार एनडीए 67-72 और इंडी गठबंधन 8-12 सीटें जीत सकता है। एबीपी न्यूज सी-वोटर के एग्जिट पोल के अनुसार यूपी में एनडीए को 62 से 66 सीटें मिल सकती हैं। इंडी गठबंधन को 15 से 17 सीटें मिलने का अनुमान है। बसपा का सफाया हो रहा है। न्यूज नेशन के सर्वे में एनडीए को 67, इंडी गठबंधन को 10 और अन्य को 3 सीट मिलती दिख रही है। रिपब्लिक टीवी के एग्जिट पोल में एनडीए को 69 और इंडिया अलायंस को 11 सीट दिख रही है।

## अफसर के खाने में हड्डी निकली, होटल सील

**संवाददाता, गजरौला (अमरोहा)**

**अमृत विचार :** गजरौला में हाईवे पर हवेली होटल में खाना खा रहे ओडिशा में मतगणना ऑब्जर्वर उत्तराखंड के वरिष्ठ पीसीएस अधिकारी के खाने में मुर्गे की हड्डी निकल आई। इस पर उन्होंने कॉल करके स्थानीय प्रशासनिक अधिकारियों को जानकारी दी। इस पर खाद्य विभाग की टीम पहुंची। जिलाधिकारी के आदेश पर एसडीएम ने होटल को सील करा दिया है।

पूर्व सांसद हरीश नागपाल का गजरौला में नेशनल हाईवे पर हवेली होटल है। पंकज भारद्वाज समेत तीन लोग होटल का संचालन करते हैं। शनिवार दोपहर राजस्व पुलिस एवं भूलेख सर्वेक्षण प्रशिक्षण संस्थान उत्तराखंड के डायरेक्टर सीनियर पीसीएस अफसर श्रीश कुमार अल्मोड़ा से दिल्ली जाते समय होटल में खाना खाने के लिए रुके। उनके साथ बेटा भी था। उन्होंने कढ़ाई पनीर का आर्डर दिया। खाना सर्व होने के बाद दोनों ने खाना शुरू किया। तभी पनीर में मुर्गे की हड्डी निकल आई। उनकी सूचना के बाद अमरोहा से खाद्य विभाग की टीम मौके पर पहुंची। एसडीएम चंद्रकांता व प्रभारी निरीक्षक हरीश वर्धन भी पहुंचे। खाद्य विभाग की टीम ने हड्डी समेत खाने के नमूने लिए। इसके बाद एसडीएम ने होटल को सील करा दिया। होटल के प्रबंधक पंकज भारद्वाज ने बताया कि शुक्रवार रात होटल के कर्मचारियों ने पार्टी करने के लिए चिकन बनाया था। गलती से हड्डी खाने में आ गई।




हवेली होटल में मौजूद उत्तराखंड के सीनियर पीसीएस अधिकारी श्रीश कुमार।

- **दिल्ली जा रहे थे ओडिशा के कांउटिंग आर्ब्जवर श्रीश कुमार**

> राजस्व पुलिस एवं भूलेख सर्वेक्षण प्रशिक्षण संस्थान उत्तराखंड के डायरेक्टर श्रीश कुमार बेटे के साथ अल्मोड़ा से दिल्ली जा रहे थे। इस बीच वह गजरौला में हवेली होटल में खाना खाने के लिए रुके थे। वहीं उनके खाने में हड्डी निकल आई। होटल को सील कर दिया गया है। – **चंद्रकांता**, एसडीएम, मंडी धनौरा

### एक नजर

### विमान को बम से उड़ाने की धमकी, इमरजेंसी लैंडिंग



**मुंबई।** विमानन कंपनी इंडिगो की चेन्नई से मुंबई आ रही एक उड़ान को बम की धमकी मिलने के बाद शनिवार को यहां पूर्ण आपात स्थिति में उतारा गया। इस उड़ान में 172 यात्री थे। विमान सुबह करीब 8 .45 बजे उतरा और यात्रियों को सीढ़ी का इस्तेमाल करके विमान से उतारा गया। इंडिगो के विमान में बम की धमकी मिलने की पिछले एक सप्ताह में यह दूसरी घटना है। इससे पहले 28 मई को दिल्ली से वाराणसी जा रही इंडिगो की एक उड़ान में बम होने की धमकी मिली थी। चेन्नई से मुंबई आ रही उड़ान संख्या 6ई5314 में कथित रूप से बम की धमकी की पुष्टि करते हुए इंडिगो ने कहा कि यात्रियों को सुरक्षित उतार लिया गया है।

## भाजयुमो नेता ने पिता को चाकू से गोदा, मौत

**संवाददाता, रुद्रपुर**

- **हत्या के बाद थाना ट्रांजिट कैंप में हत्यारोपी ने किया आत्मसमर्पण**



**अमृत विचार :** थाना ट्रांजिट कैंप के आजाद नगर में भाजयुमो नेता ने चाकू से गोदकर अपने पिता को मौत के घाट उतार दिया। वारदात को अंजाम देने के बाद हत्यारोपी पुत्र ने थाने पहुंचकर आत्मसमर्पण कर दिया। मृतक के भांजे ने मामले में हत्या की रिपोर्ट दर्ज कराई है।

थाना ट्रांजिट कैंप के आजाद नगर में तोताराम राठौर (50) अपने बड़े बेटे दीपक राठौर और सुमित राठौर के साथ रहते थे। दीपक भाजयुमो उत्तरी मंडल का उपाध्यक्ष है। तोताराम का दीपक के साथ मकान बेचने को लेकर विवाद था। तोताराम पैसे छोटे बेटे को देना चाहता था। शुक्रवार की रात साढ़े दस बजे इसी बात को लेकर तोताराम व दीपक में झगड़ा हुआ। सुबह चार बजे दीपक ने सो रहे पिता की चाकू से हत्या कर दी। इसके बाद हत्यारोपी खुद ही थाना ट्रांजिट कैंप पहुंचा और पुलिस को घटना के बारे में बताया।

## केजरीवाल को आज जाना ही होगा जेल



**नई दिल्ली।** दिल्ली की एक अदालत ने आबकारी नीति मामले में मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल की अंतरिम जमानत याचिका पर शनिवार को आदेश पांच जून के लिए सुरक्षित रख लिया। विशेष न्यायाधीश कावेरी बावेजा ने कहा कि यह आवेदन चिकित्सा आधार पर अंतरिम जमानत के लिए था न कि सुप्रीम कोर्ट द्वारा दी गई अंतरिम जमानत की अवधि के विस्तार के लिए। मुख्यमंत्री को उच्चतम न्यायालय ने एक जून तक के लिए अंतरिम जमानत दी थी । उन्हें रविवार 2 जून को आत्मसमर्पण करना है।

### अपमान का बदला लेने को प्रेमी ने दो दोस्तों के साथ दिया वारदात को अंजाम

## कार में युवती से सामूहिक दुष्कर्म

**संवाददाता, संत कबीरनगर**

**तीनों आरोपी गिरफ्तार**

- **पुलिस ने घटना में प्रयुक्त अर्टिगा कार भी आरोपियों से किया बरामद**

**अमृत विचार :** कोतवाली खलीलाबाद क्षेत्र में एक युवती के साथ चलती गाड़ी में तीन युवकों द्वारा सामूहिक दुष्कर्म करने की घटना सामने आई है। युवकों के चंगुल से जैसे-तैसे आजाद होने के बाद रोते बिलखते युवती कोतवाली पहुंची और तहरीर देकर आरोपियों के खिलाफ कार्रवाई की मांग की।

पुलिस अधीक्षक सत्यजीत गुप्ता के निर्देश पर कोतवाली पुलिस ने मामला दर्ज कर तीनों आरोपियों को गिरफ्तार कर घटना में प्रयुक्त अर्टिगा गाड़ी भी बरामद कर ली है।

कोतवाली खलीलाबाद क्षेत्र के ग्राम बलुअरा जंगल ऊन निवासी शिवकुमार मौर्य उर्फ शिवा पुत्र दयाराम का इसी क्षेत्र के एक गांव की युवती से प्रेम प्रसंग था। शिवकुमार की किसी बात से नाराज युवती ने उसे भला-बुरा कहते हुए उससे सारे संबंध तोड़ लिए थे। शिवकुमार ने युवती से सुलह समझौते करने का प्रयास किया, लेकिन वह सफल नहीं हुआ। इससे आहत शिवकुमार ने एक बेहद घिनौनी साजिश रची और उसमें अपने दोस्तों गोरखपुर जिले के सहजनवा थाना क्षेत्र के ग्राम भीटी रावत निवासी राहुल मौर्य पुत्र मुनीब मौर्य और कोतवाली खलीलाबाद क्षेत्र के ग्राम खटौली निवासी प्रशांत गुप्ता पुत्र राम आशीष को भी शामिल कर लिया। शिवकुमार ने बहाने से अपनी प्रेमिका को खलीलाबाद बुलाया और अर्टिगा गाड़ी पर बैठाकर गोरखपुर ले गया। गाड़ी में उसके दोनों दोस्त भी मौजूद थे। तीनों ने चलती गाड़ी में बारी-बारी से उसके साथ दुष्कर्म किया। बाद में सभी युवती को खलीलाबाद स्थित मेंहदावल बाईपास पर छोड़कर फरार हो गए।

## वाणिज्यिक एलपीजी के दाम 69 रुपये घटे

**नई दिल्ली।** विमान ईंधन (एटीएफ) के दाम में शनिवार को 6.5 प्रतिशत की कटौती की गई, वहीं 19 किलोग्राम के वाणिज्यिक एलपीजी सिलेंडर पर 69 रुपये की कमी की गई है। अंतर्राष्ट्रीय बाजार में कच्चे तेल के मूल्यों में गिरावट के मद्देनजर ऐसा किया गया है। सार्वजनिक क्षेत्र की तेल विपणन कंपनियों के अनुसार 19 किलोग्राम वाले वाणिज्यिक एलपीजी सिलेंडर की कीमत 69 रुपये घटाकर 1,676 रुपये कर दी गई है। वाणिज्यिक एलपीजी सिलेंडर की कीमत में एक मई को 19 रुपये तथा एक अप्रैल को 30.5 रुपये की कटौती की गई थी।

# पिकअप ने छह ग्रामीणों को रौंदा, चार की मौत

**संवाददाता, बिसौली (बदायूं)**



धनपाल



ज्ञानचंद्र



ब्रह्मापाल



राम प्रकाश

- **लोगों ने पिकअप चालक को पकड़कर पीटा, पुलिस से झड़प और धक्का-मुक्की**
- **दोपहर में पीपल के नीचे बैठकर बातें कर रहे थे ग्रामीण, तभी हुए हादसे के शिकार**

**अमृत विचार :** तेज रफ्तार पिकअप ने पीपल के पेड़ के नीचे बैठे छह लोगों को रौंद दिया। चार लोगों की मौके पर मौत हो गई जबकि दो घायल हो गए। गुस्साए ग्रामीणों ने पिकअप चालक को पकड़कर जमकर धुनाई की फिर सड़क पर जाम लगा दिया। मौके पर पहुंची पुलिस से ग्रामीणों की झड़प भी हुई। एक मृतक के भाई के समझाने पर साढ़े चार घंटे के बाद जाम खोलने पर राजी हुए।

बिसौली-आंवला मार्ग पर गांव पैगा भीकमपुर में छह ग्रामीण शनिवार दोपहर पीपल के पेड़ के नीचे बैठकर बातें कर रहे थे। इसी दौरान आंवला की ओर से आई पिकअप का चालक नियंत्रण खो बैठा और पिकअप ने ग्रामीणों को रौंद दिया। राम प्रकाश (45), ब्रह्मपाल (40), धनपाल (50), ज्ञानचंद्र (35) की मौके पर मौत हो गई। जबकि रामवीर और नेत्रपाल गंभीर रूप से घायल हो गए। ग्रामीणों ने चालक को पकड़कर धुनाई शुरू कर दी। सूचना पर बिसौली के प्रभारी निरीक्षक सुनील अहलावत के साथ पहुंचे पुलिसकर्मियों ने चालक को बचाने की कोशिश की तो ग्रामीणों से उनकी झड़प और धक्का-मुक्की हो गई। पुलिस ने जैसे-तैसे चालक को बचाकर कोतवाली भेजा। इसके बाद गुस्साए ग्रामीणों ने आंवला मार्ग पर डनलप और ट्रैक्टर-ट्रॉली लगाकर जाम लगा दिया। मौके से शव नहीं उठाने दिए। वाहनों की कतार लग गई। ग्रामीण डीएम को बुलाने की जिद करने लगे। एडीएम प्रशासन रेनू सिंह और एसपी देहात राम मोहन सिंह गांव पहुंचे लेकिन उनके समझाने के बाद भी नहीं माने। मृतक राम प्रकाश के चचेरे भाई अधिवक्ता वीर सिंह यादव के समझाने के बाद ग्रामीणों ने चारों शव पोस्टमार्टम के लिए जाने दिए।

> हादसे में चार लोगों की मौत हुई थी और दो लोग घायल हैं। ग्रामीणों को समझाकर शवों को पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया है। आगे की कार्रवाई की जा रही है। – **राम मोहन सिंह**, एसपी देहात

# राहत : 15-22 जून के बीच बारिश संभव

**राज्य ब्यूरो, लखनऊ**

- **मानसून जल्द देगा दस्तक फसलों को भी होगा फायदा**
- **मानसून से पहले कई जिलों में हल्की बारिश की संभावना**

**अमृत विचार :** जानलेवा गर्मी व हीट वेव से परेशान लोगों को जल्द ही राहत मिल सकती है। आगामी 24 घंटे में प्रदेश में मौसम परिवर्तन की संभावना है। राज्य के कई जिलों में हल्की बारिश होने का पूर्वानुमान है। मानसून के इसी माह के तीसरे सप्ताह में दस्तक देने की संभावना है।

मौसम विभाग के लखनऊ केंद्र से मिली जानकारी के मुताबिक, उत्तर प्रदेश में 15 से 22 जून के बीच मानसून की बारिश शुरु हो सकती है जो सितंबर माह तक जारी रहेगी। मौसम विभाग ने पूरे राज्य में सामान्य से अधिक वर्षा होने की संभावना जताई है। अच्छी बारिश से गर्मी से राहत मिलने के साथ फसलों को भी काफी फायदा मिलेगा और किसानों की चिंता कम होगी। लखनऊ मौसम विभाग के अनुसार मानसून आने से पहले फिलहाल अगले तीन दिनों में भीषण गर्मी से थोड़ी राहत मिल सकती है। भारतीय मौसम विज्ञान विभाग के अनुसार उप्र. में अलग-अलग स्थानों पर बारिश और गरज के साथ बौछारें पड़ने की संभावना है। इस दौरान सहारनपुर, मेरठ, गाजियाबाद, बुलंदशहर, अलीगढ़, बरेली, रामपुर, मुरादाबाद, गाजीपुर, सीतापुर, लखनऊ, हरदोई, बहराइच, उन्नाव, बाराबंकी, गोंडा, गोरखपुर, इटावा, एटा, महामायानगर, मैनपुरी, फर्रुखाबाद समेत राज्य के कई जिलों में बारिश का येलो अलर्ट जारी किया गया है। इन जिलों में 2 से 4 जून तक तेज हवा के साथ बारिश हो सकती है।

### टूटा रिकॉर्ड, उप्र में 29,727 मेगावाट बिजली की मांग

**लखनऊ।** भीषण गर्मी के कारण प्रदेश में बिजली की अधिकतम मांग का रिकॉर्ड फिर टूट गया। शनिवार को प्रदेश में बिजली की अधिकतम मांग 29,727 मेगावाट पर पहुंच गई। बिजली अभियंताओं के मुताबिक बिजली मांग के 30 हजार मेगावाट पर पहुंचने की संभावना है। पावर कारपोरेशन के सूत्रों के अनुसार पिछले साल प्रदेश में बिजली की अधिकतम मांग 28 हजार मेगावाट पर पहुंची थी। इस बार 18 मई को बिजली की अधिकतम मांग 28 हजार मेगावाट पर पहुंच गई। 24 मई को अधिकतम मांग 29,197 मेगावाट थी। 25 मई को 29,215 मेगावाट, 26 मई को 29,084 मेगावाट, 27 मई को 29,261 मेगावाट, 28 मई को 29,282 मेगावाट व 29 मई को 29,077 मेगावाट व इसके बाद 29,129 मेगावाट दर्ज हुई थी। जल्द ही 30 हजार मेगावाट बिजली की अधिकतम मांग पहुंचने की संभावना है।

# प्रदर्शन पर प्रदर्शनः हे, नगर निगम के विकास पुरुषों... प्यासों को पानी तो दो

## खुर्रम गौटिया, सूफी टोला, कटीकुइयां, जाटवपुरा और माधोबाड़ी की महिलाएं पहुंचीं नगर निगम


सुबह सूफीटोला की महिलाएं दोबारा नगर निगम में प्रदर्शन करने पहुंचीं। ● अमृत विचार


दोपहर बाद पानी की समस्या के खिलाफ माधोबाड़ी की महिलाओं ने प्रदर्शन किया

कार्यालय संवाददाता, बरेली

- स्मार्ट सिटी का हाल, प्रचंड गर्मी में संकट से जूझ रही है शहर की 70 हजार की आबादी
- कई वार्डों में भीषण संकट, कई दिन से सिर्फ आश्वासन देकर टाल रहे हैं अफसर

**अमृत विचार :** सरकारी विभागों में मौके-बेमौके गूंजने वाले नारी वंदे जैसे नारों का हश्र क्या है, यह भीषण गर्मी में पानी के लिए जूझ रही शहर की हजारों महिलाओं के चेहरों पर साफ दिखाई दे रहा है। नगर निगम पर कई दिनों से रोज प्रदर्शन हो रहे हैं। यह संकट कितना बड़ा है, इसका अंदाजा इसी बात से लगाया जा सकता है कि शनिवार को एक ही दिन में कई इलाकों की महिलाएं अलग-अलग प्रदर्शन करने नगर निगम पहुंचीं। हालांकि देर शाम तक इनमें से एक भी इलाके में पानी का संकट हल नहीं हो पाया।

पानी की किल्लत से परेशान महिलाओं का नगर निगम पहुंचकर प्रदर्शन का सिलसिला सुबह 11 बजे शुरू हो गया जो शाम चार बजे तक जारी रहा। एक-एक कर माधोबाड़ी, खुर्रम गौंटिया, सूफी टोला, कटीकुइयां और जाटवपुरा की महिलाएं नगर निगम पहुंचीं और पानी की सप्लाई न होने पर गुस्सा जताते हुए नारेबाजी की। इसके साथ जलकल विभाग के कार्यालय में एक्सईएन को भी घेरकर खरीखोटी सुनाई।

महिलाओं का कहना था कि पानी न मिलने से शहर में लाखों की आबादी परेशान है लेकिन अफसर कोई समाधान करने के बजाय आराम से अपने दफ्तरों में बैठे हैं। शिकायतों पर भी कोई कार्रवाई नहीं हो रही है।

महिलाओं ने एक्सईएन को चेतावनी दी कि बार-बार झूठे आश्वासन से वे टलने वाली नहीं हैं। अगर एक-दो दिन में पानी की सप्लाई शुरू न हुई तो वे पूरे परिवार के साथ आकर नगर निगम में बैठ जाएंगी। महिलाओं ने कहा कि परिवार के वयस्क पुरुष तो जैसे-तैसे इधर-उधर जाकर काम चला ले रहे हैं लेकिन उनके साथ बच्चों और बुजुर्गों को बूंद-बूंद पानी के लिए जूझना पड़ रहा है। महिलाओं ने कहा कि पानी न मिलने से अगर किसी के साथ कोई अनहोनी हुई तो इसकी पूरी जिम्मेदारी नगर निगम की होगी।

### यह है वादों की असलियत

**● खुर्रम गौटिया**

खुर्रम गौटिया वार्ड-35 का हिस्सा है। सबसे ज्यादा महिलाएं यहीं से प्रदर्शन करने पहुंची थीं। बताया, इलाके में 40-50 दिनों से पानी की सप्लाई बंद है। इसी मोहल्ले के राकेश, कृष्णा, अनुराग, दीपक आदि ने बताया कि कई बार नगर निगम आकर शिकायत दर्ज करा चुके हैं लेकिन समस्या का हल नहीं हो सका। जलकल विभाग हर बार टालमटोल कर देता है।

**● जाटवपुरा**

जाटवपुरा के लोगों ने बताया कि उनके इलाके में दस दिन से ज्यादा वक्त से पानी नहीं आ रहा है। मोहल्ले के सैकड़ों घरों में नगर निगम के कनेक्शन हैं। हजारों की आबादी पानी की समस्या से जूझ रही है। मोहल्ले में लगे कई सरकारी हैंडपंप भी काफी समय से खराब पड़े। शिकायत करने के बाद भी अफसर सुन नहीं रहे हैं। सिर्फ बहाने बनाए जा रहे हैं।

**● माधोबाड़ी**

माधोबाड़ी की महिलाओं ने बताया कि उनके इलाके में करीब 15 दिन पहले पानी की सप्लाई बंद हो गई थी जो अब तक दोबारा शुरू नहीं हुई है। इसकी कई बार शिकायत भी दर्ज कराई। अधिकारियों ने जल्द सप्लाई शुरू कराने का आश्वासन तो दे दिया लेकिन अब तक स्थिति जस की तस है। पानी न आने से हैंडपंपों पर लोगों की लाइन लगी रहती है।

**● सूफी टोला**

सूफी टोला के करीब 250 घरों में भी काफी दिनों से पानी की सप्लाई नहीं हो रही है। तीन दिन पहले इलाके की महिलाओं ने नगर निगम में प्रदर्शन किया तो अपर नगर आयुक्त ने जेई को भेजने का आश्वासन दिया लेकिन अब तक जेई समस्या की वजह देखने के लिए नहीं पहुंचा है। शनिवार को पहुंचीं महिलाओं ने इस पर काफी गुस्सा जताया।

### पंप ऑपरेटर पर महिलाओं से अभद्रता का आरोप

जलकल विभाग के अधिशासी अभियंता से मिलने पहुंची सूफी टोला और कटीकुइयां की महिलाओं ने शिकायत की शमशाद नाम का एक व्यक्ति खुद को जलकल विभाग का सुपरवाइजर बताता है, उससे फोन पर पानी न आने की शिकायत की तो वह अभद्रता से बात करने लगा। गुस्साई महिलाओं ने कहा कि अफसर यह समझने को तैयार नहीं हैं कि पानी की किल्लत से उन्हें कितनी परेशानी हो रही है।

### एक्सईन का थोड़ी देर में जेई भेजने का आश्वासन ठुकराया, बोलीं- अभी भेजो

महिलाओं की जलकल विभाग के अधिकारियों से काफी नोकझोंक हुई। अधिकारियों ने महिलाओं से घर जाने का आग्रह करते हुए कुछ देर में जेई को भेजने का आश्वासन दिया तो उन्होंने इसे मानने से इन्कार कर दिया। महिलाओं ने कहा कि वे काफी समय से ऐसे आश्वासन सुन रही हैं। न अब तक जेई आया है, न ही समस्या हल हुई है। उन्होंने जेई को फौरन भेजकर पानी की सप्लाई शुरू कराने की मांग की। बता दें कि शहर में करीब 70 हजार की आबादी पानी के संकट से जूझ रही है। महीने भर पहले से इस बारे में नगर निगम के अधिकारियों से शिकायतें की जा रही हैं लेकिन अब तक अफसर लोगों को कोई राहत नहीं दे पाए हैं।

### मनाने पर भी नहीं पिघलीं तो मांगने लगे कुछ समय

प्रचंड गर्मी में महिलाओं ने आश्वासन की खुराक और बर्दाश्त करने से साफ इन्कार कर दिया। धरने और प्रदर्शन के दौरान अधिशासी अभियंता सिद्धार्थ कुमार ने कई बार समस्या के समाधान का आश्वासन देकर महिलाओं को टालने की कोशिश की लेकिन उन्होंने उनकी एक नहीं सुनी। आखिरकार उन्होंने खुद ही कह दिया कि समस्या हाथ के हाथ हल नहीं हो सकती है। उन्होंने महिलाओं को मनाते हुए कुछ समय देने का आग्रह किया। गुस्साई महिलाएं जल्द पानी की आपूर्ति शुरू न होने पर फिर आने की चेतावनी देकर लौट गईं।

## रहपुरा की महिलाओं की फरियाद हमें बंदरों से बचाओ मैडम

**बरेली, अमृत विचार :** रहपुर चौधरी की महिलाएं बंदरों के आतंक से परेशान हैं। शनिवार को कई महिलाओं नगर निगम पहुंचकर आयुक्त को ज्ञापन देकर बंदरों को पकड़वाने की मांग की। महिलाओं ने बताया कि बंदरों के हमलों से आए दिन लोग घायल हो रहे हैं। शनिवार को भाजपा महानगर की आशू सक्सेना की अगुवाई में महिलाएं नगर निगम पहुंचीं। महिला ने मेयर और नगर आयुक्त को ज्ञापन देकर बताया है कि वार्ड 29 रहपुर चौधरी में काफी संख्या में बंदर लोगों के घरों पर आ जाते है। कई बार बंदर लोगों पर हमला कर चुके हैं। बच्चे भी छतों पर जाने से डरते हैं। कहा कि बंदरों को पिंजड़ा लगाकर पकड़कर जंगल में छोड़ा जाए।



## मई में 1.4 डिग्री और बढ़ता तापमान तो टूट जाता 140 साल पुराना रिकॉर्ड

- इस बार 45.3 डिग्री तक पहुंचा पारा, इससे पहले 1884 में पहुंचा था 46.7 डिग्री तक

**बरेली, अमृत विचार :** मौसम के लिहाज से मई का महीना एक शताब्दी से भी ज्यादा समय से मुश्किल गुजरता रहा है। इस साल भी मई में अधिकतम तापमान का 140 साल पुराना रिकॉर्ड टूटते-टूटते रह गया। अगर पारा 1.4 डिग्री और बढ़ता तो यह रिकॉर्ड टूट जाता।

मई 2024 के आखिरी दिन यानी 31 मई को अधिकतम तापमान 45.3 डिग्री सेल्सियस तक पहुंच गया जो 29 मई 1884 को रिकॉर्ड किए गए 46.7 डिग्री सेल्सियस तापमान से सिर्फ 1.4 डिग्री कम था। मौसम विभाग के मुताबिक मई के महीने में मौसम के कई और आंकड़े चौंकाने वाले हैं। मई के महीने सर्दियों जैसा सर्वाधिक न्यूनतम तापमान 3 मई 1987 को 16.1 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया जा चुका है। मई में सर्वाधिक वर्षा का रिकॉर्ड भी हैरतअंगेज है। सर्वाधिक 69.4 मिमी बारिश 21 मई 2000 को रिकॉर्ड की गई थी। मई 2024 में 10 मिमी से भी कम बारिश रिकॉर्ड की गई है।



### शाम को चलीं तेज हवाएं तो कुछ और गिरा पारा

शनिवार शाम को पड़ोसी जिले पीलीभीत और शाहजहांपुर में आंधी के बाद बारिश होने से तापमान में कुछ और गिरावट आई जिससे कई दिन से गर्मी में तप रहे लोगों को कुछ राहत मिली। बरेली में भी शाम को आंधी जैसी तेज हवाएं तो चलीं लेकिन बारिश नहीं हुईं। हालांकि मौसम विभाग ने अगले चार दिनों में बरेली में भी बूंदाबांदी होने का अनुमान जताया है।







# गर्मी की मार.... धूप में सूख रहे कपड़े लेने छत पर गई किशोरी बेहोश होकर गिरी

## जिला अस्पताल में डॉक्टर ने पीजीआई ले जाने को कहकर बढ़ाईं धड़कनें

अमृत विचार, बरेली

**अमृत विचार :** छत पर सूख रहे कपड़े लेने गई एक किशोरी कड़ी धूप की वजह से वहीं बेहोश होकर गिर पड़ी। घरवाले उसे जिला अस्पताल लेकर पहुंचे तो डॉक्टर ने पीजीआई ले जाने की सलाह देकर उनकी धड़कन और बढ़ा दी। आननफानन वे उसे डिस्चार्ज कराकर निजी अस्पताल ले गए।

भूड़ में रहने वाली शोभना सक्सेना के अनुसार उनकी 16 वर्षीय बेटी आयुषी शनिवार दोपहर में छत पर सूख रहे कपड़े लेने गई थी। बहुत देर तक नहीं लौटी तो वे छत पर पहुंची तो पाया कि बेहोश पड़ी है। उसे जिला अस्पताल लाकर इमरजेंसी वार्ड में भर्ती कराया तो डॉक्टर हालत गंभीर बताकर पीजीआई रेफर करने को कहने लगे। उसे अब निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया है। उधर, सैलानी निवासी आजरा बी को हीट स्ट्रोक के लक्षणों के कारण मंगलवार को हीट स्ट्रोक वार्ड में भर्ती किया गया। शुक्रवार को आजरा को डिस्चार्ज कर दिया गया।


जिला अस्पताल में अचेत किशोरी का इलाज करता स्टाफ। ● अमृत विचार

### घर में मृत मिला बीज विकास निगम कर्मी पुलिस ने गर्मी से मौत की आशंका जताई

भोजीपुरा, अमृत विचार : बिलवा स्थित बीज विकास निगम के चतुर्थ श्रेणी कर्मचारी जमुना प्रसाद की रात को अपने ही घर पर संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हो गई। पुलिस ने गर्मी से मौत की आशंका जताते हुए शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा है। करीब 52 वर्षीय जमुना प्रसाद मूल रूप से पिथौरागढ़ (उत्तराखंड) के गंगोलीहाट क्षेत्र के गांव फुटसिल के रहने वाले थे। वह बिलवा गांव में ही तेजपाल सिंह के मकान में किराए पर रहते थे। शुक्रवार को वह रोज की तरह छत पर सोए थे। शनिवार सुबह उनका शव आंगन में मिला। उनकी नाक से खून बह रहा था। इंस्पेक्टर भोजीपुरा जगत सिंह ने एसआई रनवीर सिंह और सुखदेव सिंह के साथ घटनास्थल का निरीक्षण किया। सीओ हाईवे नितिन कुमार भी पहुंचे। फील्ड यूनिट ने भी जायजा लिया। जमुना प्रसाद घर में अकेले रहते थे। पुलिस गर्मी की वजह से नाक से खून बहने को मौत का कारण मान रही है। सीओ नितिन कुमार ने बताया कि मृतक के शरीर पर चोट के कोई निशान नहीं हैं। मौत का सही कारण पोस्टमार्टम के बाद ही पता चलेगा।

## पारा गिरा तो उमस ने किया बुरा हाल

**बरेली, अमृत विचार :** तीन दिन प्रचंड गर्मी के बाद शनिवार को अधिकतम तापमान 3.6 डिग्री गिरकर 41.7 डिग्री सेल्सियस पर आ गया लेकिन इससे लोगों को ज्यादा राहत नहीं मिली। दिन में 60 प्रतिशत आद्रता रहने से भीषण उमस के माहौल ने इसकी कसर पूरी कर दी।

मौसम विभाग के मुताबिक जिले में शनिवार को 41.7 डिग्री का अधिकतम तापमान सामान्य से 2.3 डिग्री ज्यादा था। न्यूनतम तापमान 27.2 डिग्री रिकॉर्ड हुआ जो सामान्य से 0.8 डिग्री ज्यादा रहा। सुबह से दोपहर बाद तक आर्द्रता 60 प्रतिशत और शाम को 33 प्रतिशत रिकॉर्ड हुई जिसने उमस बढ़ा दी।

आंचलिक मौसम केंद्र लखनऊ के वरिष्ठ मौसम वैज्ञानिक डॉ. अतुल कुमार सिंह के मुताबिक मौजूदा मौसमी परिस्थितियों के अनुसार बूंदाबांदी होने के आसार है। सप्ताह भर अधिकतम तापमान 39-40 डिग्री सेल्सियस और न्यूनतम 27 से 28 डिग्री सेल्सियस रह सकता है। पांच जून के बाद अधिकतम तापमान फिर बढ़कर 42 डिग्री के आसपास पहुंचने के आसार हैं।

### धूप में खड़ी कार से अचानक उठने लगीं लपटें



**बरेली, अमृत विचार :** भीषण गर्मी में वाहनों में आग लगने की घटनाएं हो रही हैं। शनिवार को बारादरी थाना क्षेत्र के डोहरा रोड पर धूप में खड़ी कार में अचानक आग लग गई। आग की लपटें देख रास्ते से गुजर रहे राहगीर कुछ देर के लिए सहम गए। अग्निशमन विभाग की टीम ने आग पर काबू पाया। जोगी नवादा निवासी जगत पाल सिंह शनिवार दोपहर डोहरा रोड पर कार खड़ी करके बाजार चले गए। इसके बाद कार में अचानक आग लग गई। घटनास्थल पर मौजूद लोगों ने अग्निशमन विभाग और पुलिस को सूचना दी। अग्निशमन कर्मियों ने किसी तरह आग पर काबू पाया।

### ओपीडी में डायरिया-बुखार से पीड़ित बच्चों की भरमार

**बरेली, अमृत विचार :** जिला अस्पताल के बच्चा वार्ड में डायरिया और बुखार से ग्रसित बच्चों की संख्या लगातार बढ़ रही है। 27 बेड की क्षमता वाले इस वार्ड में 28 बच्चे भर्ती हैं। इनमें 10 से ज्यादा बच्चे बुखार, उल्टी और दस्त से पीड़ित हैं। बाल रोग विशेषज्ञ डा. कर्मेंद्र ने बताया कि भीषण गर्मी और धूप से बच्चों की सेहत खराब हो रही है। बच्चों में डायरिया का प्रकोप तेजी से बढ़ रहा है। ओपीडी में रोज 50 से अधिक बच्चों में डायरिया और बुखार के लक्षण मिल रहे हैं। भर्ती मरीजों के परिजनों ने बताया कि वार्ड में दोपहर को पंखों से गर्म हवा आती है। वार्ड में दो में से एक कूलर खराब है। शनिवार को ओपीडी में 1100 लोगों को उपचार किया गया। फिजिशियन डा. आरके गुप्ता ने बताया कि अधिकतर मरीज उल्टी दस्त बुखार, सिरदर्द और पेट दर्द की समस्या को लेकर पहुंच रहे हैं।


जिला अस्पताल में भर्ती बच्चे।














शिव इन्टरप्राईजेज
फोम एण्ड प्लाई
गद्दे, सोफे का सामान, पर्दे, प्लाई बोर्ड, दरवाजे, सनमाइका
हार्डवेयर, फर्नीचर
सिकलापुर, बरेली
9897245877

# रुविवि : छात्राओं को सताने वाले सीनियर छात्रों की पीठ पर किसका हाथ

## बीफार्मा प्रथम वर्ष की छात्रा का आरोप, सीनियर छात्र लगातार कर रहे हैं उत्पीड़न, शिकायत पर भी नहीं हो रही कार्रवाई, बोली- अवसाद में आ गई हूं

कार्यालय संवाददाता, बरेली

- चीफ प्रॉक्टर से शिकायत- कैंपस में मार चुका है थप्पड़ बैचमैट को भी पीटा
- कहा- कई और छात्राओं को होना पड़ रहा है सीनियर्स के शोषण का शिकार



**अमृत विचार :** रुहेलखंड यूनिवर्सिटी में बीफार्मा फर्स्ट ईयर की छात्रा ने चीफ प्रॉक्टर से शिकायत कर सीनियर छात्रों पर दुर्व्यवहार और उत्पीड़न का आरोप लगाया है।

उसने कहा है कि उसे पहले भी कैंपस में सरेआम थप्पड़ मारा जा चुका है लेकिन शिकायत करने के बाद भी विश्वविद्यालय प्रशासन ने कोई कार्रवाई नहीं की। उसकी तरह कई और छात्राओं को विश्वविद्यालय में सीनियर्स के शोषण का शिकार होना पड़ रहा है। पीड़ित छात्रा के मुताबिक पिछले दिनों थर्ड ईयर के एक छात्र ने कैंपस के पास ही उसे थप्पड़ मारा था।

उसने इसकी शिकायत की लेकिन कोई कार्रवाई नहीं की गई। इसके बाद आरोपी छात्र लगातार उसका उत्पीड़न कर उसके व्यक्तिगत जीवन में दखल दे रहा है। छात्रा के मुताबिक शनिवार को वह प्रैक्टिकल के बारे में एक बैचमेट से बात रही थी। आरोपी छात्र के इशारे पर सेकंड ईयर के आयुष सिंह चौहान, शिवम और थर्ड ईयर के मेहुल ने उसके बैचमेट पर अचानक हमला कर दिया। वह बमुश्किल उसे बचा पाई।

छात्रा का कहना है कि लगातार इस तरह की घटनाओं से वह गहरे अवसाद की स्थिति में पहुंच गई है। कैंपस में उसे डर लगने लगा है और उसकी अकादमिक परफॉर्मेंस पर भी बुरा असर पड़ रहा है। छात्रा का कहना है कि उसके साथ की कई और छात्राओं के साथ इस तरह की घटनाएं हो चुकी हैं। सीनियर छात्र उनका भी लगातार शोषण कर रहे हैं। छात्रा ने चीफ प्रॉक्टर से आरोपी छात्रों पर कठोर कार्रवाई की मांग की है। चीफ प्राक्टर ने जांच के बाद कार्रवाई करने को कहा है।

### आरोपी छात्र पहले भी करते रहे हैं झगड़ा-मारपीट

छात्रा ने जिन सीनियर छात्रों पर आरोप लगाए हैं, वे पहले भी विश्वविद्यालय कैंपस में मारपीट और झगड़ा करते रहे हैं। उन पर पीजी हॉस्टल में भी मारपीट का आरोप लगा था। उन्होंने बीटेक द्वितीय वर्ष के छात्र को बुरी तरह पीटा था। अपनी क्लास के छात्रों से भी फेयरवेल के लिए चंदा न देने पर मारपीट की थी। बार-बार शिकायत के बाद भी विश्वविद्यालय प्रशासन उन पर कार्रवाई नहीं कर रहा है। चीफ प्रॉक्टर डॉ. एके सिंह ने बताया कि छात्रा की शिकायत पर आरोपी छात्रों से पूछताछ के साथ पूरे प्रकरण की जांच कराई जाएगी। दोषी पाए गए तो कार्रवाई होगी।

## ट्रेन के शौचालय में नशेड़ी ने खुद को बंद कर हंगामा किया

**बरेली, अमृत विचार :** एक नशेड़ी ने शनिवार को ट्रेन के शौचालय में खुद को बंद कर लिया। हंगामा होने पर कंट्रोल रूम को सूचना दी गई। बरेली जंक्शन पर युवक को शौचालय से बाहर निकाला गया। आरपीएफ ने आरोपी के खिलाफ कार्रवाई की है।

मामला 04530 भटिंडा वाराणसी समर स्पेशल का है। ट्रेन के स्लीपर कोच में यात्रियों ने एक संदिग्ध युवक को देखा तो चोर समझकर शोर मचाया। युवक लोगों से बचने के लिए ट्रेन के शौचालय में घुस गया और उसे अंदर से बंद कर लिया। इस दौरान वह यात्रियों को गाली देने लगा। इसपर ट्रेन में जमकर हंगामा हुआ। इस बीच किसी ने हेल्पलाइन नंबर पर जानकारी दी। सुबह करीब नौ बजे ट्रेन के बरेली जंक्शन पहुंचने पर आरपीएफ का स्टाफ मौके पर पहुंचा।



शौचालय का दरवाजा खुलवाने में आरपीएफ को करीब 20 मिनट लग गए। इस दौरान ट्रेन प्लेटफार्म पर रुकी रही। युवक को ट्रेन से उतारकर चेक किया गया तो उसके पास चोरी का कोई सामान नहीं मिला। आरोपी ने अपना नाम विकास निवासी मुजफ्फरनगर थाना चरथावल बताया। उसके मुताबिक वह बिना टिकट था। टीटीई के डर से शौचालय में छिप गया था। आरपीएफ ने नशे की हालत में हंगामा करने और अवैध रूप से ट्रेन में सवार होने के मामले में रेलवे एक्ट की धाराओं में रिपोर्ट दर्ज की है।

# अब शाहदाना सबस्टेशन ओवरलोड होने से संकट रोज 5-6 घंटे की कटौती से लोगों का बुरा हाल

## कई दिनों से शाहदाना सबस्टेशन से जुड़े तमाम इलाकों में बना हुई है दिक्कत, लोगों में बढ़ रहा है गुस्सा

कार्यालय संवाददाता, बरेली

- ओवरलोडिंग दूर करने को भूमिगत केबल डालनी शुरू की तो पार्षद के पति ने किया विरोध
- नई खड़क की खोदाई करने से रोका, किला और बाकरगंज में भी कटौती बढ़ी, लोग परेशान

**अमृत विचार :** सुभाषनगर के बाद शाहदाना सबस्टेशन ओवरलोड होने से हजारों की आबादी को बिजली संकट झेलना पड़ रहा है। रोज पांच से छह घंटे की कटौती की जा रही है। ओवरलोडिंग दूर करने के लिए विभाग ने भूमिगत केबल डालने को सड़क की खोदाई करनी चाही तो पार्षद के पति ने रोक दिया। उधर, कुतुबखाना उपकेंद्र से जुड़े इलाक में ट्रांसफार्मर में खराबी से तीन घंटे बिजली आपूर्ति बाधित रही।

शाहदाना उपकेंद्र में ओवरलोड के कारण शुक्रवार रात तीन घंटे और शनिवार सुबह से लेकर दोपहर 3 बजे तक बिजली कटौती की गई। शुक्रवार रात बिजली कर्मचारी ओवरलोडिंग दूर करने के लिए भूमिगत केबल डालने पहुंचे। इसपर वार्ड पार्षद के पति ने कर्मचारियों को नई सड़क खोदने से रोक दिया।फिलहाल, विभाग ने काम रोक दिया। विभागीय अफसरों के अनुसार रजा चौक से मालियों की पुलिया तक भूमिगत केबल डालकर ओवरलोडिंग को दूर किया जा सकता है। केबल डाले जाने पर सिविल लाइंस तृतीय से लोड जुड़ जाएगा।

**ट्रांसफार्मर खराब, तीन घंटे गुल रही बिजली :** शहर के कुतुबखाना सबस्टेशन पर शनिवार दोपहर करीब एक बजे ट्रांसफार्मर में खराबी से आपूर्ति बाधित हो गई। जिससे पुराना बस अड्डा, आजमनगर, कोतवाली, चौपुला, कुतुबखाना रोड आदि इलाकों में तीन घंटे बिजली गुल रही। वहीं, किला और बाकरगंज क्षेत्र में भी लोकल फाल्ट के चलते बिजली आपूर्ति बाधित रही। कटघर और जसोली मोहल्ले में दिनभर कम वोल्टेज की समस्या बनी रही। शुक्रवार रात एक से 3 बजे तक हार्टम क्षेत्र में बिजली आपूर्ति बाधित रही। जगतपुर उपकेंद्र के सेटेलाइट, पीलीभीत बाईपास, पशुपति विहार कॉलोनी, आजादनगर क्षेत्र में ट्रिपिंग की समस्या रही। महानगर और हरूनगला से जुड़े इलाकों में भी बिजली आपूर्ति बाधित रही। गर्मी से बेहाल लोग परेशान होते रहे।

> जो भी काम हो रहा है, वह अनुमति लेकर कराया जा रहा है। केबल डालने के लिए सड़क की खोदाई को लेकर नगर निगम के अधिकारियों से बात हो गई है।
>
> – अनुज गुप्ता, अधिशासी अभियंता तृतीय

> नगर निगम के जेई का फोन आया था कि सड़क को बिना परमिशन न खोदने दिया जाए। दोनों विभागों की सहमति से ही काम होगा। सड़क बिजली विभाग ठीक करानी होगी।
>
> – मो. लईक खान, पार्षद के पति

### कुंवरपुर में दूसरे दिन भी बिजली नहीं आई तो भड़के लोग



कुंवरपुर में बंच केबल टूटने से बिजली नहीं आ रही है, शनिवार को गुस्साए लोगों ने प्रदर्शन किया। ● अमृत विचार

**बरेली, अमृत विचार :** कुंवरपुर में दूसरे दिन शनिवार को भी बिजली संकट छाया रहा। इससे गुस्साए लोगों ने विभाग के खिलाफ प्रदर्शन किया। शुक्रवार को जसोली और कुंवरपुर में ओवरलोड के कारण आधा दर्जन घरों के विद्युत उपकरण फुंक गए थे। कुंवरपुर के लोगों को चौपाल उपकेंद्र से सप्लाई देने की बात की गई थी, लेकिन शनिवार को भी समस्या का समाधान नहीं हो सका। कुंवरपुर तलैया के लोगों ने चौपाल उपकेंद्र से लाइन जुड़ने नहीं दी। इससे नाराज क्षेत्र के लोगों ने विरोध प्रदर्शन किया।

**तेज हवा चली तो शहर की बंद कर दी सप्लाई :** शहर में शनिवार देर शाम तेज हवा चलने के कारण सिविल लाइंस, किला, कुतुबखाना, सीबीगंज, नादोसी, साहदना, महानगर, हरुनगला, सन सिटी आदि स्थानों पर बिजली आपूर्ति बंद कर दी गई। रात 10 बजे के बाद आपूर्ति सुचारू की गई। अधीक्षण अभियंता शहरी अंबा प्रसाद वशिष्ठ ने बताया कि लाइन ट्रिप न हो, इसको लेकर कुछ देर सप्लाई बंद की गई थी।

### हर डिविजन पर बकाया बिल वाले 500 उपभोक्ता किए जाएंगे चिह्नित

**बरेली, अमृत विचार :** अधीक्षण अभियंता ग्रामीण ने शनिवार को सभी अधिशासी अभियंता, एसडीओ और जेई के साथ वर्चुअल बैठक की, जिसमें उन्होंने कहा कि सभी डिवीजन पर अधिक बकाया वाले 500 उपभोक्ताओं को चिह्नित करें। अगर गलत बिल हो तो सही करें। उपभोक्ता बिल जमा नहीं करते हैं कनेक्शन काटें। अधीक्षण अभियंता अशोक कुमार चौरसिया ने बताया कि हर बिजली घर पर लाइन लॉस संबंधी फीडर को चिह्नित किया जाएगा। लाइन लॉस कम करने के लिए जेई को जिम्मेदारी दी गई है। वह हर घर से मीटर के साथ ट्रांसफार्मर के लोड को चेक करेंगे। दो किलोवाट से अधिक के कनेक्शन पर बकाया बिल है तो एसडीओ कनेक्शन काटने की कार्रवाई करें। फाल्ट होने पर तुरंत ठीक कराया जाए। आपूर्ति व्यवस्था पर नजर रखी जाए।

# मारिया फ्रोजन मीट फैक्ट्री प्रबंधन ने पुलिस के दावे को बताया पूरा हवाई

कार्यालय संवाददाता, बरेली

- तीन लोगों को गिरफ्तार फैक्ट्री में चोरी की भैंसों को कटवाने का किया था दावा
- 24 घंटे में पुलिस ने नहीं की कोई छानबीन, पूछताछ करने फैक्ट्री तक नहीं पहुंची

**अमृत विचार :** पांच सौ से ज्यादा भैंसे चोरी कर उन्हें मारिया फ्रोजन मीट फैक्ट्री में कटवाने का पुलिस का दावा 24 घंटे बाद भी पुष्टि की दिशा में एक कदम भी आगे नहीं बढ़ पाया। उधर, फैक्ट्री प्रबंधन ने इस दावे को पूरी तरह हवाई बताया है। उसका कहना है कि फैक्ट्री में कटने वाले पशुओं का पूरा रिकॉर्ड रखा जाता है। भैंस चोर गिरोह के सरगना नफीस का फैक्ट्री का कर्मचारी होने का दावा भी पूरी तरह गलत है।

फतेहगंज पूर्वी पुलिस ने बृहस्पतिवार रात जगतपुर गौंटिया चांद मस्जिद निवासी आदिल, पुराना शहर के नफीस और अहलादपुर के आकाश को गिरफ्तार किया था। उनके कब्जे से एक भैंस, एक पड्डा, 12 बोर की एक पौनिया, कारतूस, एक पिकअप और एक टेंपो बरामद करने का दावा करते हुए पुलिस ने बताया था कि तीनों भैंस चोर गिरोह के सदस्य हैं। तीन और भैंस चोर जुनैद, इमरान और लाडला मौके से भाग निकले।

इस गिरोह ने पांच सौ से ज्यादा भैंसे चोरी कर मारिया फ्रोजन फैक्ट्री में कटवाई हैं। पुलिस का कहना था कि गिरोह का सरगना नफीस फैक्ट्री का कर्मचारी है जो चोरी की भैंसों को सिर्फ 30 मिनट में कटवा देता था जबकि सामान्य प्रक्रिया में इसमें 10 से 12 घंटे तक का समय लगता है। पुलिस की छानबीन तो यह दावा करने के बाद एक भी कदम आगे नहीं बढ़ी। शनिवार को पुलिस कोई पूछताछ करने फैक्ट्री भी नहीं पहुंची, लेकिन दूसरी तरफ फैक्ट्री प्रबंधन ने पुलिस के दावे को सिरे से खारिज कर दिया। फैक्ट्री प्रबंधक ईशान ने बताया कि नफीस फैक्ट्री का कर्मचारी नहीं है। तीन दिन पहले पुलिस ने फैक्ट्री के बाहर से किसी को पकड़ा था, हो सकता है वह नफीस ही हो। फैक्ट्री में सभी पशुओं का रिकॉर्ड रखा जाता है। तीन महीने पहले कैंट पुलिस को फैक्ट्री के सभी कर्मचारियों की सूची देकर वैरिफिकेशन कराया गया था। इससे भी इसकी पुष्टि की जा सकती है।उधर, एसपी देहात दक्षिणी मानुष पारीक ने इतना ही बताया कि फरार हुए तीन भैंस चोरों को जल्द ही पकड़ लिया जाएगा।

### आईजी ने कहा- फैक्ट्री के खिलाफ जांच होगी

**बरेली, अमृत विचार :** मारिया फ्रोजन मीट फैक्ट्री में चोरी के पशुओं का कटान होने के आरोप के बाद आईजी ने जांच का निर्देश दिया है। आईजी डॉ. राकेश सिंह ने बताया कि चोरी के पशु कटान का आरोप लगा है तो उसकी जांच जरूर कराई जाएगी। इस बारे में निर्देश दे दिया गया है।

# बसें कम चलाने पर एआरएम समेत 22 रोडवेज कर्मियों का वेतन रोका

कार्यालय संवाददाता, बरेली

- आरएम ने वर्कशाप का किया निरीक्षण, मिलीं कमियां
- एआरएम और कर्मचारियों को नोटिस देकर मांगा जवाब



निरीक्षण करने पहुंचे आरएम।

**अमृत विचार :** बसों का संचालन कम होने पर आरएम ने तीन डिपो के एआरम समेत रीजन के 22 कर्मचारियों का वेतन रोकने का आदेश दिया है। आरएम ने शनिवार सुबह वर्कशाप का निरीक्षण करने के बाद यह कार्रवाई की। निरीक्षण में कई कमियां भी मिलीं। इस संबंध में डिपो के एआरएम को नोटिस देकर स्पष्टीकरण मांगा गया है।

परिवहन निगम के बरेली रीजन के रुहेलखंड और बदायूं डिपो के वर्कशाप का निरीक्षण करने के लिए शनिवार को आरएम दीपक चौधरी पहुंचे। रीजन के चारों डिपो की बसों का संचालन 400 किलोमीटर से प्रतिदिन कम मिलने पर आरएम का पारा चढ़ गया।

उन्होंने बरेली, रुहेलखंड और पीलीभीत डिपो के एआरएम और 22 कर्मचारियों का मई का वेतन रोकने का आदेश दिया। उन्होंने बरेली डिपो में पांच, रुहेलखंड डिपो में छह, पीलीभीत डिपो में तीन, बदायूं डिपो में पांच कर्मचारी, बरेली, रुहेलखंड और पीलीभीत डिपो के एआरएम को नोटिस जारी कर जवाब मांगा है। निरीक्षण में वर्कशाप में गंदगी मिलने पर सुधार की हिदायत दी। 400 किलोमीटर प्रतिदिन की तुलना में बरेली डिपो में 324 और रुहेलखंड डिपो में 315 किलोमीटर बसों का संचालन हो रहा है। आरएम ने बताया कि बसों का संचालन कम पाए जाने पर यह कार्रवाई की गई है।

### मतगणना कक्ष में लगे सभी वेंटिलेटर खुलवाकर पंखों की संख्या बढ़ाएं

**बरेली, अमृत विचार :** चार जून को होने वाली मतगणना को लेकर शनिवार को डीएम रविंद्र कुमार ने परसाखेड़ा में मतगणना स्थल की तैयारियों का जायजा लिया। उन्होंने एडीएम प्रशासन दिनेश कुमार को निर्देश दिए कि गर्मी के मद्देनजर मतगणना कक्ष के सभी वेंटिलेटर खुलवा दिए जाएं। साथ ही कक्ष में पंखों की संख्या बढ़ाई जाए। जिससे मतगणना कार्मिकों और आब्जर्वर को समस्या न हो।

# चल भाई... नए कपड़े खरीदेंगे और ट्रेन में बैठकर घूमेंगे

- घर से एक लाख की रकम उठाकर छोटे भाई के साथ चली आई थी नौ वर्षीय बच्ची

**बरेली, अमृत विचार :** घर में एक लाख रुपये उठाकर सैर के लिए निकली नौ वर्षीय बच्ची और छह साल के उसके भाई को शनिवार को अलीगढ़ से आए उनके माता-पिता के सुपुर्द कर दिया गया। पता चला कि इस रकम से सैरसपाटा करने का आयडिया बहन का था और वह छह साल के छोटे भाई को भी साथ ले आई थी।

जीआरपी ने बृहस्पतिवार रात अलीगढ़-बरेली पैसेंजर में बहजोई के पास इन दोनों को रोते हुए देखकर कब्जे में लिया था। उनके पास एक काली थैली में रखे एक लाख रुपये भी मिले थे। बरेली लाकर उन्हें रेलवे चाइल्ड लाइन के हवाले किया गया, फिर बाल कल्याण समिति ने उन्हें बॉर्न बेबी फोल्ड भेज दिया था। पैसों को



कैसे-कैसे बच्चे... घर में रखे देखे एक लाख रुपये तो उठाकर चल दिए सैर-सपाटे पर

मालखाने में जमा करा दिया गया था। शनिवार को अलीगढ़ की बिस्मिल्लाह कॉलोनी से उनके माता-पिता उन्हें लेने पहुंचे। मां ने चाइल्ड लाइन को बताया कि उनके पति ने प्लॉट खरीदने के लिए ये पैसे घर में रखे थे। चाइल्ड लाइन की सदस्य दिव्या कठेरिया ने बताया कि बच्ची ने अपने भाई को लालच दिया था कि इन पैसों से नए कपड़े खरीदेंगे और ट्रेन में बैठकर घूमेंगे। उधर बच्चों की मां ने बताया कि वह अलीगढ़ के रहने वाले हैं। संबंधित थाने में गुमशुदगी की रिपोर्ट भी दर्ज कराई थी। चाइल्ड लाइन सदस्य दिव्या कठेरिया ने बताया कि बच्चों को उनके मां बाप के सुपुर्द कर दिया गया है।

## गंगा सतलुज एक्सप्रेस में फायर अलार्म बजने से हड़कंप

**बरेली, अमृत विचार :** बीच सफर में गंगा सतलुज एक्सप्रेस में फायर अलार्म बजने से यात्रियों में अफरातफरी मच गई। ट्रेन रास्ते में खुद रुक गई। आरपीएफ स्टाफ मौके पर पहुंचा, लेकिन फायर अलार्म क्यों बजा, यह स्पष्ट नहीं हो सका।

यह घटना सुबह करीब नौ बजे की है। तिलहर और बंथरा स्टेशन के बीच अचानक 13308 गंगा सतलुज एक्सप्रेस के थर्ड एसी कोच में फायर अलार्म बजने लगा। एलएचबी रेक होने के कारण अलार्म बजने पर ट्रेन खुद बीच रास्ते में रुक गई। उधर, यात्रियों में अफरा तफरी का माहौल हो गया। गार्ड ने संबंधित कोच को चेक किया, लेकिन वहां कुछ ऐसा नहीं पाया गया, जिससे फायर अलार्म बजे। शाहजहांपुर में भी ट्रेन चेक की, लेकिन कुछ पता नहीं चल पाया।

## एसडीएम की पत्नी की तबीयत खराब बता मेडिकल स्टोर मालिक से 30 हजार ठगे

- फोन करने वाले ने खुद को कोतवाली का एसएचओ बताया, रिपोर्ट दर्ज

**बरेली, अमृत विचार :** एसडीएम की पत्नी की तबीयत खराब बताकर साइबर ठग ने मेडिकल स्टोर संचालक से 30 हजार रुपये ठग लिए। जालसाज ने खुद को पुलिस अधिकारी बताकर दवाइयों का बिल भुगतान के नाम पर संचालक से दो बार में पैसे ट्रांसफर करा लिए। एसएसपी के आदेश पर कोतवाली थाना पुलिस ने मामले में रिपोर्ट दर्ज कर ली है।

थाना क्षेत्र के बिहारीपुर निवासी कृष्णा कुमार का मलूकपुर में मेडिकल स्टोर है। आरोप है गुरुवार को मोबाइल पर एक कॉल आई। फोन करने वाले ने खुद को एसएचओ संदीप थाना कोतवाली बताया। उसने एसडीएम की पत्नी की तबीयत खराब बताकर मेडिकल स्टोर से कुछ दवाएं बताईं, जो कि 3400 रुपये की थीं। आरोप है कि दवाओं का बिल भुगतान के नाम पर जालसाज ने 13 हजार 400 रुपये पेमेंट का फर्जी स्क्रीनशॉट वाटसएप पर भेजा। जिसमें 10 हजार गलती से भुगतान का हवाला दिया। पीड़ित कृष्ण कुमार ने 10 हजार रुपये ट्रांसफर कर दिए। इसी तरह जालसाज ने 20 हजार का भी फर्जी स्क्रीनशॉट भेजकर रुपये ट्रांसफर करा लिए। दो बार में 30 हजार रुपये ठग लिए।

# चुनौती... सूखे अमृत सरोवरों को कैसे दिखाएं पानी से लबालब

अनुपम सिंह, बरेली

- काफी समय से सूखे और उजाड़ पड़े हैं जिले में ज्यादातर अमृत सरोवर
- कई का निर्माण भी नहीं हो पाया पूरा अफसरों ने भेज दी थी फर्जी रिपोर्ट

**अमृत विचार :** जल संरक्षण के लिए करोड़ों खर्च करके बनाए गए अमृत सरोवरों का जिले भर में हाल बेहाल है। ज्यादातर अमृत सरोवर सूखे और उजाड़ पड़े हैं। कुछ का निर्माण ही पूरा नहीं हो पाया था तो कहीं घास और झाड़ियां उग आई हैं। पिछले दिनों केंद्रीय ग्रामीण मंत्रालय ने अमृत सरोवरों की फोटो वेबसाइट पर अपलोड करने का निर्देश दिया है। इसके बाद अफसरों के सामने सूखे सरोवरों को पानी से लबालब दिखाने की चुनौती खड़ी हो गई है। अफसरों ने इसके लिए बेसब्री से बारिश का इंतजार शुरू कर दिया है।

वर्ष 2021-22 में मिशन अमृत सरोवर लांच किया गया था। मंशा थी कि तालाबों को अमृत सरोवर के रूप में विकसित कर पानी संरक्षित किया जाए ताकि जलस्तर बढ़ सके। विभागीय आंकड़ों के अनुसार जिले में 225 अमृत सरोवर बनाए गए थे। एक अमृत सरोवर बनाने में पांच से 20 लाख रुपये तक का खर्च अनुमानित था। इस तरह सवा दो सौ अमृत सरोवर बनाने में करोड़ों खर्च किए गए लेकिन देखभाल न होने के कारण अधिकतर अमृत सरोवरों का हाल बेहाल पड़ा है।

कितने अमृत सरोवरों में पानी है और कितने सूखे पड़े हैं, विभाग के अफसरों को इस बात का कुछ पता नहीं है। कई अमृत सरोवर अधूरे पड़े हैं। दो-तीन दिन पहले केंद्रीय ग्रामीण मंत्रालय की ओर से अमृत सरोवरों की फोटो वेबसाइट पर अपलोड करने का आदेश जारी किया गया है। इसके बाद अधिकारियों की चिंता बढ़ गई है।

ग्राम पंचायतों से फोटो मंगवाकर वेबसाइट पर अपलोड किए जा रहे हैं लेकिन कई फोटो मौके की खराब स्थिति को देखते हुए मंत्रालय ने रिजेक्ट कर दिए हैं और दोबारा फोटो मांगी है। अब अफसरों के सामने चुनौती खड़ी हो गई है कि सूखे और उजाड़ सरोवरों को कैसे पानी से लबालब और हराभरा दिखाएं।

> अमृत सरोवर में हर समय पानी भरा रहे, यह जरूरी नहीं है। बारिश का पानी बर्बाद न हो और उसे संरक्षित किया जा सके, इसीलिए से अमृत सरोवर बनाए गए हैं। बरसात का पानी संरक्षित होने से जलस्तर सुधरेगा। दो-तीन दिन पहले फोटो अपलोड करने का आदेश आया है। फोटो वेबसाइट पर अपलोड की जा रही हैं।
>
> – मो. हसीब अंसारी, डीसी मनरेगा



बिथरी के गांव पुरनापुर में अमृत सरोवर।



बिथरी ब्लॉक के गांव परातासपुर में अधूरा पड़ा अमृत सरोवर। ● अमृत विचार

### कम हो सकते हैं 25 से 30 अमृत सरोवर, रह जाएंगे तालाब

मिशन अमृत सरोवर लांच होने के बाद अफसरों ने जोर शोर से काम किया। अफसरों के मुताबिक करीब 285 अमृत सरोवर बनाए गए थे, लेकिन अब मंत्रालय के मानकों पर 25 से 30 अमृत सरोवर खरे नहीं पाए गए। इन्हें वेबसाइट से हटाने की प्रक्रिया शुरू हो गई है। बताया जा रहा है कि मानकों के विपरीत बने अमृत सरोवर हटने के बाद करीब 225 ही रह जाएंगे। सवाल यह उठ रहा है कि 25 से 30 अमृत सरोवर बनाने में करोड़ों खर्च करने के बाद भी वे मानकों पर खरे नहीं उतर रहे तो उसका जवाब कौन देगा। अफसरों का कहना है कि अमृत सरोवर का नाम हट जाएगा। वे तालाब रहेंगे। जल संरक्षण तब भी होगा। कुछ कर्मचारियों का कहना है कि उस समय में लक्ष्य पूरा करने का दबाव भी था। इसलिए अमृत सरोवर बना दिए गए थे।

आवश्यकता है
अमृत विचार, बरेली को
अनुवादक की
अंग्रेजी से हिन्दी में अनुवाद करने में दक्ष हो।
हिन्दी टाईपिंग का भी अनुभव होना चाहिए
योग्यता : न्यूनतम 3 से 5 वर्ष का अनुभव
वेतन योग्यता अनुसार
इच्छुक उम्मीदवार अपना बायोडाटा भेजें
9518031113, 8476006584
ऑफिस : नजदीक सैटेलाईट बस स्टैण्ड, पीलीभीत बाईपास रोड, बरेली

# तकनीकी अड़चन से अटकी हादसों के प्लेटफार्म की मरम्मत

## असमंजस में पड़े रेल अधिकारी, प्लेटफार्म ऊंचा हो या ट्रैक किया जाए नीचा, फिलहाल बीच का रास्ता निकालने में जुटे हैं रेल अफसर

कार्यालय संवाददाता, बरेली



**अमृत विचार :** कई लोगों की जान ले चुका बरेली जंक्शन का प्लेटफार्म दो पर मरम्मत का काम तकनीकी अड़चन के फेर में अटक गया है। रेल अधिकारी पिछले डेढ़ साल में यह तय नहीं कर पाए हैं कि प्लेटफार्म को ऊंचा करना है या फिर रेलवे ट्रैक को नीचा किया जाना है।

हालांक, जबसे डीआरएम राजकुमार सिंह के संज्ञान में पूरा मामला आया है, तबसे वह इसको गंभीरता से ले रहे हैं। पिछले 10 दिन में वह दो बार प्लेटफार्म नंबर दो का निरीक्षण कर चुके हैं। रेल अधिकारियों की माने तो कई तरह की तकनीकी अड़चने प्लेटफार्म की मरम्मत में आड़े आ रही हैं। फिलहाल अधिकारी बीच का हल निकालने में जुटे हुए हैं। दरअसल बरेली जंक्शन के प्लेटफार्म नंबर दो पर पांच साल पहले ब्लास्ट ट्रैक (पत्थर वाला ट्रैक) डालने का काम किया गया था। इससे पहले यहां वॉशेबल एप्रोन (सीमेंटेड ट्रैक) हुआ करता था। जिस वक्त वॉशेबल एप्रोन से ब्लास्ट ट्रैक में इसे बदला जा रहा था तो 14 दिन का ब्लॉक लेकर का ब्लास्ट ट्रैक डालना शुरू किया गया। वॉशेबल एप्रोन को तोड़ने का काम किया गया लेकिन अधिक समय लगता देख थोड़ा ही ट्रैक खोदा गया और सीमेंटेड ट्रैक पर ही ब्लास्ट ट्रैक डाल दिया गया। नतीजा यह हुआ कि ट्रैक की ऊंचाई बढ़ने से हाईलेवल प्लेटफार्म मीडियम लेवल ही रह गया। प्लेटफार्म नीचा होने से एक के बाद एक कई हादसे लगातार हुए तो मामला मुख्यालय तक पहुंचा। तत्कालीन डीआरएम मुरादाबाद अजय नंदन के निर्देश पर डेढ़ साल पहले मंडल मुख्यालय से आई टीम ने नाप जोख की लेकिन मामला ठंडे बस्ते में चला गया। 10 दिन पहले भी गंगा सतलुज एक्सप्रेस से उतरते समय दंपती घायल हो गया तो दोबारा अधिकारियों मामले को गंभीरता से लेना शुरू किया।

> प्लेटफार्म ऊंचा होगा या ट्रैक नीचा इसका निर्णय इंजीनियरिंग व मंडलीय अधिकारियों द्वारा लिया जाना है। फिलहाल दोनों ही कार्यों को स्वीकृति मिली हुई है। – **भानु प्रताप सिंह**, स्टेशन अधीक्षक

**यह हैं तकनीकी अड़चन :** प्लेटफार्म नंबर दो यानी लाइन नंबर तीन के बराबर में लाइन नंबर दो मौजूद है। अगर ट्रैक को नीचा किया जाता है तो लाइन नंबर दो ऊंची हो जाएगी। जिससे बारिश का पानी लाइन तीन पर भरेगा। फिलहाल लाइन नंबर दो की तरफ ढलान के जरिए पानी की निकासी हो जाती है। ट्रैक नीचा करने के लिए करीब 40 दिन का ब्लॉक लेना पड़ेगा। अगर प्लेटफार्म नंबर दो को ऊंचा किया जाता है तो इसका प्रभाव प्लेटफार्म तीन पर भी पड़ेगा। अगर दो नंबर प्लेटफार्म को ऊंचा करेंगे तो तीन और दो प्लेटफार्म के बीच का लेवल गड़बड़ा जाएगा।

### होटल कारोबारियों ने मानक पूरे करने के लिए समय मांगा

**बरेली, अमृत विचार :** शहर के कई होटलों को पूर्व के अफसर अनापत्ति प्रमाण पत्र जारी कर गए, लेकिन अब उन्हें मानक पूरे करने के नोटिस दिए जा रहे हैं। इसके लिए एक सप्ताह का समय दिया गया था, जो पूरा हो चुका है। इस संबंध में शनिवार को होटेलियरस वेलफेयर एसोसिएशन के शिष्टमंडल ने अग्निशमन अधिकारी से मुलाकात कर नोटिस का समय बढ़ाने की मांग की। एसोसिएशन के अध्यक्ष डॉ. अनुराग सक्सेना के नेतृत्व में शिष्टमंडल मुख्य अग्निशमन अधिकारी की अनुपस्थिति में एसएसओ संजीव यादव से मिला। सदस्यों ने बताया कि उन पर 10 हजार की लगाई गई पेनाल्टी पूरी तरह से अनुचित है। इसे निरस्त किया जाए। बताया कि महानिदेशक अग्निशमन के बरेली दौरे पर होटल कारोबारियों की वार्ता हुई थी। जिसमें कारोबारियों की ओर से स्वयं प्रमाणित अनापत्ति प्रमाण पत्र को मान्य होने की बात कही गई थी, लेकिन अब उसे मान्य नहीं किया जा रहा है। कहा कि होटल कारोबारियों को मानक पूरे करने का समय दिया जाए। शिष्टमंडल में सचिव शुजा खान, उपाध्यक्ष सतवंत सिंह चड्ढा, वीके गुप्ता आदि शामिल रहे।

### अवैध निर्माण के खिलाफ चलता रहेगा अभियान

**बरेली, अमृत विचार :** रामगंगा नगर में निर्माणाधीन उपकेंद्र के कार्य में तेजी लाने और परियोजना में बिजली व्यवस्था को शीघ्र पूरी करने के निर्देश अधिशासी अभियंता विद्युत को दिए गए हैं। वीसी बीडीए मानिकनंदन ए ने शनिवार को प्राधिकरण की योजनाओं की समीक्षा की करते हुए यह बात कही। देर शाम तक चली समीक्षा बैठक में वीसी ने अफसरों से अवैध निर्माण के खिलाफ निरंतर कार्रवाई करते रहने की बात कही। कहा कि शहर में अवैध निर्माण किसी भी हाल में नहीं होने दें। कहा कि रामगंगा नगर में बिजली व्यवस्था दुरुस्त कराया जाए। किसी भी मामले में गुणवत्ता से समझौता नहीं होना चाहिए। उन्होंने रामगंगा नगर परियोजना की सेक्टर वाइज योजनाओं में कार्य की प्रगति जानी। ठेकेदारों ने तय समय में कितना काम किया आदि के बारे में जानकारी ली। सचिव योगेन्द्र कुमार, अधिशासी अभियंता एपीएन सिंह, विशेष कार्याधिकारी गौतम सिंह आदि मौजूद रहे।

### दूध के उत्पादों को दैनिक आहार में शामिल करें



**बरेली, अमृत विचार :** विश्व दुग्ध दिवस पर भारतीय पशु चिकित्सा अनुसंधान संस्थान के संयुक्त निदेशालय (प्रसार शिक्षा) एवं पशुधन उत्पाद प्रौद्योगिकी विभाग ने शनिवार को दूध से संबंधित पेंटिंग, रंगोली, प्रश्नोत्तरी, भाषण आदि प्रतियोगिताएं कराईं। जिसमें विजेताओं को एटिक सभागार में पुरस्कृत किया गया। संस्थान ने दो वृद्धाश्रम में 75 लीटर दूध वितरित किया। मुख्य अतिथि संयुक्त निदेशक (शैक्षिणिक) डॉ. एसके मेंदिरात्ता ने दूध और उससे बने उत्पादों को दैनिक आहार में शामिल करने पर जोर दिया। कहा कि एक व्यक्ति को प्रतिदिन कम से कम 300 मिली लीटर दूध या इससे बने उत्पादों का सेवन करना चाहिए। संयुक्त निदेशक (प्रसार शिक्षा) डॉ. रूपसी तिवारी ने कहा कि देश दूध उत्पादन के क्षेत्र में अग्रणी है। विश्व के कुल दूध उत्पादन का 24 प्रतिशत देश में उत्पादित किया जाता है। डॉ. एआर सेन ने अतिथियों का स्वागत किया। डॉ. गीता चौहान ने आभार जताया।

### ऑटो और ई रिक्शा की चेकिंग कर बनाए लाइसेंस



**बरेली, अमृत विचार :** नगर निगम की टीम ने शनिवार को कई जगहों पर ऑटो, ई रिक्शा, शराब की दुकानें, बारात घर और निजी अस्पतालों पर लाइसेंस शुल्क वसूलने के लिए अभियान चलाया। बरेली कालेज गेट के पास काफी देर तक टीम ने कई वाहनों के लाइसेंस बनाए। दो दिनों से चल रहे अभियान के दौरान 42 लाइसेंस बनाए गए, जिनसे 82300 रुपये शुल्क के रूप में वसूल किए। लाइसेंस प्रभारी ललतेश कुमार सक्सेना ने बताया कि 31 ऑटो से 15500, पांच बियर शॉप से 3300, पांच रेस्टोरेंट से लाइसेंस शुल्क के रूप में 25 हजार रुपये वसूले गए। वहीं एक निजी अस्पताल का भी लाइसेंस बनाया गया। जिससे 8800 का शुल्क जमा कराया गया है। निगम यह अभियान जारी रखेगा। इसके लिए कई टीमें बनाई गई हैं।

### एग्जिट पोल प्रायोजित, इंडिया को मिलेंगी 300 सीटें



बरेली, अमृत विचार : समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय प्रवक्ता साजिद ने कहा कि एग्जिट पोल चाहे जो बताएं, केंद्र में इंडिया गठबंधन की ही सरकार बनने जा रही है। उन्होंने कहा कि टीवी पर दिखाए जा रहे एग्जिट पोल सरकार प्रायोजित हैं। अगर ईमानदारी से मतगणना हुई तो गठबंधन को करीब 300 सीट मिलना तय है। साजिद ने कहा कि 13 महीने से मणिपुर में सुलग रहा है। देश का 83 फीसदी युवा बेरोजगार है। महंगाई 50 फीसदी से ज्यादा बढ़ गई है। कर्ज देश की जीडीपी से 57 फीसदी बढ़ गया है। डॉलर के मुकाबले रुपया गिरता जा रहा है। हर महीने 2 से 3 लाख भारतीय देश छोड़ रहे हैं। फिर भी एक्जिट पोल दिखाने वाली इसी मीडिया ने इन गंभीर मुद्दों पर कभी चर्चा नहीं की। उन्होंने कहा कि इस बार यूपी समेत पूरे देश में लोगों ने संविधान, आरक्षण, लोकतंत्र को बचाने और बेरोजगारी, महंगाई को खत्म करने के लिए मतदान किया है। सपा ने हर क्षेत्र से 10 से 15 हजार कार्यकर्ताओं से रिपोर्ट ली है। हम यूपी में 50 से 60 सीट जीत रहे हैं।

### शुरू हुआ सर्वे, हर घंटे में कितने आते हैं पर्यटक

**बरेली, अमृत विचार :** जिले में प्रति वर्ष आने वाले पर्यटकों की संख्या का वास्तविक पता लगाने के लिए शनिवार से पहले चरण का सर्वे शुरू हो गया है। चिन्हित स्थलों पर 5 दिनों तक सर्वे होगा। टीम पोर्टल पर जानकारी अपलोड करेगी। इसके बाद इस जानकारी को संबंधित अधिकारी की ओर से सत्यापित किया जाएगा। दरअसल, यहां प्रमुख स्थलों में शहर में सात प्राचीन नाथ मंदिर, आला हजरत के सालाना उर्स और रामनगर के जैन मंदिर और अहिच्छत्र में पर्यटक आते हैं। इन जगहों पर आने वाले पर्यटकों का अनुमानित आंकड़ा विभाग के पास रहता है, मगर वास्तविक संख्या के बारे में कोई जानकारी नहीं है। इसी जानकारी को जुटाने के लिए केंद्रीय पर्यटन मंत्रालय ने सर्वे के निर्देश दिए थे। पहले चरण में त्रिवटीनाथ मंदिर, आला हजरत, रामनगर के जैन मंदिर को चुना गया है। शनिवार को सर्वेयर यहां पर पहुंच गए। इन स्थलों पर एक घंटे में कितने पर्यटक आते हैं, इसकी जानकारी सर्वे टीम ने जुटाई है। सूचना पर्यटन अधिकारी मनीष सिंह ने बताया कि जानकारी एकत्र कर वेबसाइट पर अपलोड की जाएगी। क्षेत्रीय पर्यटन अधिकारी सर्वे का सत्यापन करेंगे। 15 दिन के बाद दूसरे चरण में बस स्टेशन, रेलवे स्टेशन आदि निर्धारित स्थलों का सर्वे किया जाएगा।

डॉ. कुलदीप गंगवार
M.B.B.S M.D (Pediatrics)
शिशु रोग विशेषज्ञ
गंगवार हॉस्पिटल
चौकी चौराहा निकट महिला थाना, बरेली
मो. 9411088493
9457096487
इमरजेंसी 24 घण्टे
प्रतिदिन ओपीडी
प्रातः 10 बजे से 02 बजे
सायं 8 बजे से 9 बजे तक
अत्याधुनिक विदेशी मशीनों से युक्त
शिशु एवं बच्चों का सर्वश्रेष्ठ गहन चिकित्सा केन्द्र
OMPC सोसाइटी
चैरिटेबिल ओ.पी.डी.
मंगलवार एवं शुक्रवार
समय : प्रातः 10 से 11 बजे
परामर्श शुल्क मात्र 200 रुपये
आर्थिक रूप से असहाय रोगियों हेतु विशेष सहयोग
दिन मंगलवार एवं शुक्रवार
कैंट जनरल अस्पताल, बरेली
समय दोपहर 2 से 4 बजे
परामर्श शुल्क मात्र 100 रुपये
Mob. 5812970135
आँवला
IFFCO HOSPITAL
मंगलवार
समय 4.30 से 6.30 बजे तक
नवजात शिशुओं में खतरनाक लक्षण
1. शिशु का किन्हाना या कराहना
2. शिशु का दूध का कम पीना या न पी पाना
3. दूध पीने पर ओंछू या फंदा लगना
4. सांस की गति प्रति मिनट 60 या उससे अधिक होना
5. छाती के निचले भाग में गढ्ढे पड़ना
6. सांस के साथ नथूने फूलना
7. नाल से या कान से मवाद आना, आंख से कीचड़ आना, त्वचा में फोड़े-फुंसी होना
8. शिशु की सांस का अनियमित होना या सांस रोकना
9. तलुआ (AF) फूलना
10. शिशु का सुस्त या बेहोश हो जाना (शिशु द्वारा हाथ पैर का कम चलाना)
11. खून की कमी से शिशु का सफेद होना
12. आक्सीजन की कमी से शिशु का नीला पड़ना
13. शिशु के शरीर का रंग स्टलेटी व त्वचा का सख्त होना
14. शिशु के नाल, उल्टी या टट्टी में खून आना
15. नवजात शिशुओं में पीलिया
- 24 घंटे के अन्दर
- 14 दिन के बाद भी
- हथेली व तलुवे का भी पीला होना
- Bilirubin का 20 से अधिक होना
16. शिशु को दौरे पड़ना
17. शिशु को बुखार या तापमान का कम होना
18. पेट फूलना व टट्टी, पेशाब का न आना
19. शिशु को 24 घण्टे के बाद भी पेशाब व टट्टी न होना
20. लगातार व हरे रंग की उल्टियां होना व मुँह से झाग आना
21. शिशु का सफेद मुंआ होना
22. शिशु का सात दिन के बाद भी वजन न बढ़ना
23. शिशु का बहुत अधिक रोना
(EMO Doctors)
डा. प्रवीण गंगवार (तिलहर)
डा. परमजीत सिंह (खीरी)

कैलाश आई एवं जनरल हास्पिटल
सभी टी.पी.ए. आयुष्मान कार्ड, लाल कार्ड, पं. दीनदयाल उपाध्याय योजना द्वारा नाखूना, मोतियाबिन्द ऑपरेशन, पित्त की थैली की पथरी, अपैन्डिसाइट्सि, हार्निया, हाइड्रोसिल, पेट के समस्त ऑपरेशन की सुविधा
फ्री
भर्ती मरीजों की बायोप्सी एवं खून की जाँचें फ्री की जाती हैं।
ओ.पी.डी. ब्लड प्रेशर, शुगर की जाँच, आँख की धुलाई, कम्प्यूटर द्वारा चश्में की जाँच प्रतिदिन फ्री की जाती है।
नाश्ता, रहना, दवाईयां, चश्मा, लेन्स फ्री
अखबार की कटिंग लाने व ऑपरेशन कराने पर रु. 500/- तक का गिफ्ट
किप्स सुपर मार्केट के सामने, 60 एम. आई.जी. जनकपुरी पार्क के पास, बरेली
सम्पर्क करें : संजीव कुमार पाडेय
चेयरमैन
9837892555
9412192305

चरक पैथलैब
विश्वसनीय परिणाम
FullBody BLOOD TEST PACKAGE
जांचों पर विशेष छूट
CBC+KFT+LFT+TFT+LIPID+SUGAR
~~1499/-~~ ONLY 799/-
चाट बाजार रोड, 39-बी, एकता नगर, बरेली
मो. 9410200042, 9410200047 समय प्रातः 8 से रात 9 बजे तक
घर से सैम्पल लेने की सुविधा उपलब्ध E-mail: pathlab.charak@gmail.com

डॉ. प्रेम गंगवार
B.H.M.S. (Homeo Cafe Gwalior)
वरिष्ठ होम्योपैथिक चिकित्सक
मो. 8859517808
सैक्स रोग, शीघ्रपतन, नामर्दी, त्वचा, गुर्दे, कैंसर, जोड, नस, थायराइड व महिलाओं का बांझपन
होम्योपैथिक से जुड़ी समस्या व दवाईयों के लिये निःशुल्क सम्पर्क करें।
आधुनिक जर्मन दवाईयों द्वारा कुशल डाक्टर के मार्गदर्शन में इलाज
10 वर्षो का अनुभव प्रेम जर्मन होम्योपैथिक
रूहेलखण्ड यूनिवर्सिटी के सामने, पीलीभीत बाईपास, एच.के. टावर, बरेली

THE TOOTH LOUNGE
A COMPLTE DENTAL CARE SOLUTION
Regd. No. : 21537
- दाँतों के क्राउन और ब्रिज बनवाना
- दाँतों के रंग की फिलिंग करना
- दाँतों का निकालना
- दाँतों की सफाई एवं पॉलिशिंग
- दाँत एवं बत्तीसी बनवाना
- RCT
- डिजिटल एक्स-रे
- टेढ़े मेढ़े दाँतों में तार लगाना
- डेंटल इम्प्लांट
डॉ. नेहा अग्रवाल
BDS, MIDA (Dental Surgeon)
Mob. : 9870822971
Timing : 11 AM to 3 PM & 5 PM to 8 PM
83, सिविल लाइन्स निकट किप्स हीरो सर्विस सेन्टर, चौपला रोड, बरेली।

नाक, कान व गला रोग विशेषज्ञ
डा. आरिफ हुसैन अन्सारी
M.B.B.S., M.S.
• Ex. Chief Resident-Sir J.J. Hospital Grant Medical College Mumbai
नाक, कान व गला एन्डोस्कोपी द्वारा देखे जाते हैं।
परामर्श शुल्क ₹ 200/-
मिलने का समय (सोमवार से शनिवार)
सुबह : 11 बजे से 3 बजे तक
शाम : 07:30 बजे से 9 बजे तक
हर मंगलवार फ्री परामर्श रजिस्ट्रेशन ₹50/-
सुविधायें
- नाक की टेढ़ी हड्डी को सही करना (Septoplasty)
- गले के बढ़े हुये टॉन्सिल का ऑपरेशन
- कान के फटे हुए पर्दे का ऑपरेशन (Tympanoplasty)
- थायराइड (घेंघा) का इलाज व ऑपरेशन
- दूरबीन द्वारा गले के कैंसर की जाँच व बायोप्सी
पता- बैंक ऑफ बड़ौदा के पास, मालियों की पुलिया, बरेली
(सेटेलाईट बस अड्डा व शाहमतगंज चौराहे के बीच में)
सम्पर्क करें
94566 58250, 70785 69786

अमृत विचार एक सम्पूर्ण अखबार
MEDICAL Lifelines OF BAREILLY
विज्ञापन हेतु सम्पर्क करें :- 7464943582

SRI SUPRABHA GI VENUS NURSING HOME
WE CURE WITH CARE
13 वर्षो का अनुभव
डॉ. सरिता शर्मा
MBBS, (Gold Medalist) DGO
प्रसूति, स्त्री रोग एवं बाँझपन रोग विशेषज्ञ
समय 10 बजे से 3 बजे तक, शाम 6 बजे से 7 बजे तक
उपलब्ध सुविधायें
- नार्मल डिलीवरी को प्राथमिकता
- दवाईयों द्वारा गर्भपात एवं नसबन्दी की सुविधा
- दर्द रहित प्रसव की सुविधा
- बच्चेदानी की रसौली
- माहवारी की समस्यायें
- बांझपन का इलाज
- गर्भाशय में कैंसर की जाँच एवं प्राथमिक इलाज
सनराईज एन्क्लेव (निकट एलिस ग्रीन बैंकेट हॉल), डोहरा रोड, बरेली
फोन : 0581-7963213, 9568303926

डॉ. रजनीकांत साहू
MBBS, MS, MCh. (SGPGI, Lucknow)
Ex-Consultant-MAX Hospital, Delhi
वरिष्ठ न्यूरो सर्जन
मो. 7417389433
सुविधायें:- सिर की चोट का इलाज व ऑपरेशन, ब्रेन ट्यूमर, दिमागी गांठ तथा ब्रेन हैमरेज का ऑपरेशन, गर्दन व पीठ का दर्द, सियाटिका, स्लिप डिस्क, स्पाइनल ट्यूमर का इलाज व ऑपरेशन, सिर दर्द व मिर्गी के दौरे का इलाज।
बरेली न्यूरो एण्ड स्पाईन सेन्टर
पताः- सी 427 डिवाइन हॉस्पिटल के सामने, के.के. हॉस्पिटल रोड, राजेन्द्रनगर, बरेली
मिलने का समय प्रातः 10 से 12, सायं 6 से 8
7017678157

डॉ. गयास अहमद
MBBS, DCH, DNB (Paediatric) NEW DELHI
नवजात शिशु एवं बाल रोग विशेषज्ञ
भू.पू. चिकित्सक सर गंगाराम अस्पताल, नई दिल्ली
NEW BORN AND CHILD CARE CLINIC
1. मुंशी नगर गेट, डेलापीर मण्डी, पीलीभीत रोड, बरेली
समय – प्रातः 9 बजे से 12 बजे तक, शाम 4 बजे से 8 बजे तक
सुविधायें :- वेन्टीलेटर/BIPAP/CPAP युक्त NICU/PICU की सुविधा, प्रीमेच्योर बच्चों के लिए सफेक्टेन्ट एवं विशेष देखभाल की सुविधा, नवजात निमोनिया व जन्मजात दौरे पड़ने का इलाज, पीलिया का इलाज, दिमागी बुखार, मलेरिया, डेंगू, टायफाइड का इलाज
HELP LINE - 7017920279, 8920198518

डॉ. दर्शन मेहरा
एम.बी.बी.एस., एम.डी. (मेडिसिन)
Cardiopulmonologist, Diabetologist & Intensivist
आयुष्मान एवं TPA कैशलेस सुविधा उपलब्ध
डायबिटीज, थायराइड, डेंगू, मलेरिया, टी.बी., पेट रोग, गठिया, फेफड़ों के रोग, तेज बुखार, एलर्जी, जटिल रोगों का उचित इलाज
दर्पिन हॉस्पिटल
संजय नगर रोड, पीलीभीत बाईपास, बरेली
हैल्प लाइन – 8979252222, 9457663289

आयुष्मान कार्ड धारकों के लिए फ्री मोतियाबिन्द व नाखूना के ऑपरेशन
TPA कैशलेस की सुविधा, ECHS द्वारा मोतियाबिन्द की सुविधा
नेत्र सर्जन
डॉ. आफताब आलम
एम.बी.बी.एस., डी.ओ.एम.एस. (ए.एम.यू.)
रोहिलखंड रत्न व अचीवर अवार्ड से सम्मानित
मोतियाबिन्द के ऑपरेशन की शुरूआत मात्र 2000/- रु. से
मिलने का समय-प्रातः 10 से 3 बजे तक, शाम : 6 से 8 बजे तक
डॉ. आफताब आई केयर मो. 9758934778
ऑर्थोडेन्ट क्लीनिक, निकट आकाश पुरम गेट, जगतपुर रोड, बरेली

डॉ. हारिस अंसारी
एम.एस., एम.सी.एच. (यूरोलॉजी)
Consultant Urologist & Andrologist
गुर्दा, प्रोस्टेट, पेशाब की थैली की पथरी व कैंसर सर्जन
- प्रोस्टेट (गदूद का आपरेशन) (TURP)
- गुर्दे की पथरी का आपरेशन (PCNL)
- गुर्दे की नली (यूरेटस) की पथरी का ऑपरेशन (URSL)
- पेशाब के समस्त प्रकार के रोगों का इलाज
आयुष्मान योजना अन्तर्गत स्वास्थ्य लाभ मुफ्त
डॉ. एम. खान हॉस्पिटल
मल्टी स्पेशलिटी व क्रिटिकल केयर सेन्टर
स्टेडियम रोड, निकट सेंट फ्रांसिस स्कूल, बरेली
समय दोपहर 12 से शाम 4 बजे तक हेल्पलाईन 9897838286, 9837549348

डा० आदित्य त्यागी
MBBS, DOMS DNB MINAMS
CATARACT, REFRACTIVE & GLAUCOMA SURGEON
Trust your eyes with us
भूतपूर्व चिकित्सक- शहीद भगत सिंह आई हॉस्पिटल, बरेली
TIME : 10:00 AM TO 5:00 PM
8077344353
ADITYA
50000 से अधिक आँखों के आपरेशन का अनुभव
अब इस पते पर उपलब्ध हैं :- आँखों का अस्पताल
आदित्य आई एण्ड लेजर सेन्टर
ट्यूलिप ग्रांड के सामने, रेड टेप शोरूम के बराबर में, पीलीभीत बाईपास रोड, बरेली


डॉ. विजय गंगवार
M.B.B.S., M.S. (Surgery) K.G.M.C. (LKO)
वरिष्ठ लैप्रोस्कोपिक जनरल सर्जन एवं पेट रोग विशेषज्ञ
संचालक
•स्मार्ट सिटी हॉस्पिटल, बरेली
•मंगलम हॉस्पिटल धनेटा, मीरगंज, बरेली
•मंगल सेवा ट्रस्ट धनेटा, मीरगंज, बरेली
8171557777
आयुष्मान एवं पं. दीनदयाल उपाध्याय कार्ड धारकों के लिए
निःशुल्क आपरेशन एवं इलाज की सुविधा
स्मार्ट सिटी हॉस्पिटल
MULTISPECIALITY HOSPITAL & ADVANCE SURGICAL CENTRE
कर्मचारी नगर चौराहा, मिनी बाईपास, बरेली। Mob.: 7055705505
सायंकालीन निःशुल्क OPD सेवा
समय - सायं 6 से 8 बजे तक प्रत्येक सोमवार से शुक्रवार तक
(पेट के जटिल एवं असाध्य रोगी सेवा का अवश्य लाभ लें)
दूरबीन सर्जरी
पित्त की पथरी LAP CHOLE, अपेन्डिक्स, गुर्दे की पथरी PCNL, यूरेटर की पथरी PCCL, प्रोस्टेट एवं ब्लेडर का ट्यूमर TURP & TURBT, हर्निया (TEP), बच्चेदानी की रसौली (TLH) आदि
सामान्य सर्जरी
ANAL FISSURE, FISTULA, हाइड्रोसील, बवासीर ओबरी की गांठ, स्तन की गाँठ आदि
इमरजेन्सी सर्जरी
गोली लगे, चाकू लगे, पेट की चोट, सीने की चोट, आंत में रुकावट एवं अति का फटना, जानवरों के सींग से घायल मरीजों का इलाज एवं ऑपरेशन, जले मरीजों का इलाज आदि
3,000+ सफल पित्त की पथरी के ऑपरेशन
15,000+ अन्य सफल ऑपरेशन
1,00,000+ लाभान्वित बाह्य रोगी (OPD)
13 वर्षों से बरेली सेवा में समर्पित
समस्त ऑपरेशन दूरबीन एवं छोटे चीर द्वारा दर्द रहित तकनीक से
ऑपरेशन के बाद सिर्फ दो बार आने की आवश्यकता है।

## सार-संक्षेप

### अंतर राष्ट्रीय नर्स दिवस के महत्व के बारे में बताया



**बरेली, अमृत विचार** : बरेली इंटरनेशनल यूनिवर्सिटी के रोहिलखंड मेडिकल कालेज के सभागार में शुक्रवार को अंतरराष्ट्रीय नर्स दिवस मनाया गया। मुख्य अतिथि बरेली इंटरनेशनल यूनिवर्सिटी की कुलपति डा. लता अग्रवाल ने कार्यक्रम की शुरुआत की। अस्पताल के नर्सिंग स्टाफ ने आपातकाल में मरीजों को दी जाने सेवाओं को प्रयोगात्मक रूप में ग्रीन, येल्लो और रेड जोन समेत कई श्रेणियों में दर्शाया। इस मौके पर कुलपति ने अंतर राष्ट्रीय नर्स दिवस के महत्व के बारे में बताया। रोहिलखंड मेडिकल कालेज के प्रधानाचार्य डा. दिग्विजय सिंह, चिकित्सा अधीक्षक डा. लेखराज वर्मा, मेडिसिन विभाग की विभागाध्यक्ष डॉ. सीमा सेठ, नर्सिंग अधीक्षक पूनम आजाद, डिप्टी एनएस लवीना, वरिष्ठ प्रशासनिक अधिकारी तसलीम खान आदि मौजूद रहे।

### प्रतियोगिताओं में चितरंजन और साक्षी ने मारी बाजी



**बरेली, अमृत विचार** : बरेली इंटरनेशनल यूनिवर्सिटी के रोहिलखंड मेडिकल कॉलेज के सभागार में शुक्रवार को कम्युनिटी मेडिसिन विभाग ने विश्व पर्यावरण दिवस मनाया। एमबीबीएस के छात्रों ने लेख लेखन, प्रश्नोत्तरी और सार्वजनिक भाषण आदि प्रतियोगिता में भाग लिया। इसमें चितरंजन त्यागी ने प्रथम, साक्षी गुप्ता ने द्वितीय और शिवम त्रिवेदी ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। इस मौके पर मेडिकल कॉलेज के प्रधानाचार्य डा. दिग्विजय सिंह, नगर निगम के अधिकारी एमपीएस राठौर, मेडिसिन विभाग की विभागाध्यक्ष डॉ. सीमा सेठ, डा. रश्मी कत्यात, जोगिंदर सिंह, मोहित शर्मा, दिनेश राघव, दिव्यांशु शुक्ला आदि मौजूद रहे। संचालन निकहत नाज और डा. दीपक उपाध्याय ने किया।

### सीयूटेट में इन्वर्टिस के विद्यार्थियों ने लहराया परचम



**बरेली,अमृत विचार** : इन्वर्टिस विश्वविद्यालय के शिक्षा विभाग के 37 छात्रों ने केंद्रीय शिक्षक पात्रता परीक्षा 2024 (सीयूटेट) उत्तीर्ण की है। शनिवार को कुलाधिपति डा. उमेश गौतम, कार्यकारी निदेशक पार्थ गौतम, डीन शिक्षा संकाय प्रो. आरके शुक्ला, डॉ. अवधेश शर्मा, प्राध्यापक दीपिका शर्मा, हेमेंद्र गंगवार, राजेश चौहान, डॉ. वैभव चौहान आदि ने इन छात्रों को बधाई दी।

### नारायण ई टेक्नो स्कूल में समर कैंप का समापन



**बरेली,अमृत विचार** : नारायण ई टेक्नो स्कूल में छह दिवसीय समर कैंप का शुक्रवार को समापन हुआ। अंतिम दिन योगा, नुक्कड़ नाटक, रंगोली, विज्ञान प्रदर्शनी और कला प्रतियोगिता में बच्चों ने उत्साह पूर्वक भाग लिया। प्रधानाचार्य भावना कौशिक, डीजीएम आशुतोष कुमार, एजीएम हर्षित शर्मा, आरए रचित कुमार आदि मौजूद रहे।

### तुलसी मठ करेगा दक्षिण मुखी हनुमान धाम का निर्माण

**बरेली, अमृत विचार** : तुलसी मठ की ओर से उत्तराखंड के भवाली में दक्षिण मुखी हनुमान धाम का निर्माण कराया जाएगा। मठ के महंत नीरज नयन दास ने बताया कि गुरुदेव स्वामी कमल नयनदास के मातृ स्थान पर उनके बड़े भाई कैप्टन महेश चंद्र पांडे और छोटी बहन प्रो. कमला पांडे ने दक्षिण मुखी हनुमान धाम के निर्माण के लिए धनराशि प्रदान की है। इसका सर्वाधिकार और संचालन मठ तुलसी स्थल को सौंपा गया है।

# जिस मशीन ने किस्मत बना दी... उसे कैसे घर से हटा दें

## नरकुलागंज में बरसों पहले खत्म हो गया खांडसारी उद्योग लेकिन एक घर से अब तक नहीं हटी खांड बनाने की मशीन

कार्यालय संवाददाता, बरेली

**अमृत विचार** : कभी गल्ला मंडी के नाम से जाने जाने वाले नरकुलागंज में अब मंडी के नाम की यादें ही रह गई हैं। किसी जमाने में यहां घर-घर कोई न कोई व्यवसाय होता था। खांडसारी मंडी भी लगती थी। खांड बनाने की करीब सौ यूनिट थीं जो समय गुजरने के साथ तमाम बरस पहले ही खत्म हो चुकी हैं लेकिन राजेंद्र अग्रवाल के घर में एक मशीन फिर भी लगी हुई है। वजह वह भावनात्मक लगाव है जो कारोबारी सफर में बरसोंबरस इस मशीन के साथ निभाने से पैदा हुआ।



राजेंद्र अग्रवाल।

- **राजेंद्र अग्रवाल को है मशीन से भावनात्मक लगाव, बच्चों के कहने पर भी नहीं माने**
- **बोले- याद है पिता ने स्कॉटलैंड से मशीन मंगाने को कैसे किया था पैसे का इंतजाम**



राजेंद्र अग्रवाल के घर में लगी खांड बनाने की मशीन।

राजेंद्र अग्रवाल कहते हैं कि 1971 में जब वह 17 साल के थे, तब उनके पिता ने यह मशीन लगवाई थी। नरकुलागंज में तब खांड बनाने का खूब काम होता था। स्कॉटलैंड से मंगाई गई मशीन जब यहां पहुंची तो घर में जश्न का माहौल था। उस समय दो हजार रुपये खर्च करके यह मशीन लगाई गई थी। यह रकम उनके पिता ने कितना संघर्ष करके इकट्ठी की, वह उन्हें आज भी महसूस होता है लेकिन मशीन लगने के बाद दिन बदलने शुरू हो गए।

राजेंद्र बताते हैं कि उस वक्त दो से तीन रुपये क्विंटल गन्ना खरीदा जाता था। नरकुलागंज में ही तमाम कोल्हू भी लगे हुए थे। मशीन लगने के बाद काफी व्यवसाय चला। वर्ष 1990 के बाद खांडसारी उद्योग धीरे धीरे बंद होने लगा। सभी कारोबारियों ने मशीनों को हटाकर दूसरे व्यवसाय शुरू कर दिए। उन्हें भी उनके बच्चों ने कई बार सलाह दी कि मशीन को बेचकर काफी पैसे मिल जाएंगे लेकिन वह कभी इस मशीन को हटाने का निर्णय नहीं ले पाए। बच्चे भी अब मशीन को बेचने की बात नहीं करते।

### एक मशीन से कई लोगों को मिलता था रोजगार

राजेंद्र अग्रवाल ने बताया कि गुजरे जमाने में जिस कारोबारी के पास यह मशीन होती थी, वह कम से कम 40 लोगों को रोजगार देता था। कोई टिन का पीपा उठाता था तो कोई पैर से गन्ने को धकेलता था। राब को लाने और सुखाने के लिए अलग लोग होते थे। उन्होंने बताया कि गुड़ से राब बनाने के बाद उसे मशीन में डालकर फेंटने से उसका मैलापन निकल जाता था और केमिकल मुक्त शुद्ध खांड निकल आती थी। अब कंप्यूटर युग में सब खत्म हो गया है।

### उत्तराखंड में थी बरेली की खांड की सर्वाधिक मांग

राजेंद्र के मुताबिक बरेली में बनी खांड की उत्तराखंड में बहुत मांग थी। बाद में हल्द्वानी में भी यह काम होने लगा और वहीं से पहाड़ों में सप्लाई होने लगी। पहाड़ों में खांड की अब भी मांग है। वक्त के साथ इस खांड को सफेद और सुंदर बनाने के लिए क्रेशर लग गए जिनमें सल्फर, फास्फेट और कैल्शियम का प्रयोग होने लगा। खांड की जगह चीनी ने ली तो नरकुलागंज में खांडसारी उद्योग का अंत हो गया।

### विधि परीक्षा में पांच नकलची पकड़े

**बरेली, अमृत विचार** : बरेली कॉलेज में शनिवार को विधि परीक्षा में चार छात्र और एक छात्रा नकल करते हुए पकड़ी गई। एमजेपी रुहेलखंड विश्वविद्यालय से संबद्ध विधि महाविद्यालयों में परीक्षा शुरू हो गई है। विधि परीक्षा का बड़ा केंद्र बरेली कॉलेज है। सचल दल के अनुसार पांच में से चार छात्र बरेली कॉलेज के हैं, जबकि एक दिव्यांग छात्रा क्लासिक कॉलेज ऑफ लॉ की है। छात्रों के पास से गेस पेपर की दर्जन भर से अधिक पर्चियां मिली थीं। चीफ प्रॉक्टर प्रो. आलोक खरे ने बताया कि पांचों को यूएफएम कर विश्वविद्यालय को जानकारी दी गई है।

### अवैध कोचिंग सेंटरों के खिलाफ चलेगा अभियान

**बरेली, अमृत विचार** : जिले में अवैध रूप से संचालित कोचिंग सेंटरों पर कार्रवाई के लिए इस महीने अभियान चलाया जाएगा। माध्यमिक शिक्षा विभाग ने इसकी तैयारी शुरू कर दी है। जिले में बड़ी संख्या में बिना पंजीकरण के कोचिंग सेंटर चल रहे हैं। डीआईओएस देवकी सिंह ने बताया कि अवैध कोचिंग सेंटरों को चिह्नित कर सूची तैयार कराई जा रही है। इस माह के अंत तक अभियान शुरू कर दिया जाएगा।

## बरेली कॉलेज में मारपीट के मामले में दोनों पक्षों से मांगा स्पष्टीकरण

**बरेली, अमृत विचार** : बरेली कॉलेज में छात्र की ओर से लगाए गए मारपीट के आरोप पर शनिवार को चीफ प्रॉक्टर कार्यालय की ओर से दोनों पक्षों से स्पष्टीकरण मांगा गया है। शुक्रवार को बीसीए छठे सेमेस्टर के छात्र रितिक सक्सेना ने छात्र नेता अमन तोमर पर साथियों के साथ मिलकर मारपीट करते हुए रुपये और स्मार्टवॉच छीनने का आरोप लगाया था। रितिक की शिकायत का चीफ प्रॉक्टर ने संज्ञान लिया गया है। शिकायत की जांच के लिए शनिवार को बरेली कॉलेज के पुस्तकालय पुलिस पहुंची। पुस्तकालय में कार्यरत कर्मचारियों के बयान दर्ज किए।

कर्मचारियों ने बताया शुक्रवार को पुस्तकालय परिसर में कोई झगड़ा नहीं हुआ। पुस्तकालय प्रभारी ने भी झगड़ा नहीं होने की बात कहीं। उन्होंने बताया कि बस एक छात्र ने अपने साथ मारपीट की आंशका जताई थी।

चीफ प्रॉक्टर डा. आलोक खरे ने बताया कि रितिक की ओर से इस मामले में दो लिखित शिकायत चीफ प्रॉक्टर कार्यालय व एक शिकायत प्राचार्य कार्यालय में दी गई। शिकायतों में तीन अलग-अलग बातों का जिक्र किया गया है। इसी मामले की पारदर्शिता के लिए रितिक सक्सेना से स्पष्टीकरण मांगा गया है। वहीं, शिकायत पर अपना पक्ष देने के लिए अमन तोमर को भी लिखित में स्पष्टीकरण देने को कहा गया है।

## भ्रष्टाचार रोकने के लिए सूचना अधिकार का इस्तेमाल करें



राज्य सूचना आयुक्त स्वतंत्र प्रकाश गुप्ता को बुके देते व्यापारी नेता राजेंद्र गुप्ता।

- **राज्य सूचना आयुक्त स्वतंत्र प्रकाश ने व्यापारियों को किया संबोधित**

**बरेली, अमृत विचार** : राज्य सूचना आयुक्त स्वतंत्र प्रकाश गुप्ता ने कहा कि जनता को भ्रष्टाचार रोकने के लिए सूचना के अधिकार का प्रयोग करना चाहिए लेकिन आमतौर पर लोग अफसरों से विकास पर हुए खर्च का हिसाब मांगने से कतराते हैं। स्वतंत्र प्रकाश शनिवार को यह बात उप्र उद्योग व्यापार मंडल के प्रांतीय महामंत्री राजेंद्र गुप्ता के आवास पर कही।

उन्होंने कहा कि अक्सर अफसर भ्रामक और अपूर्ण सूचना देते हैं। जनसूचना अधिकार की धारा 6 की उपधारा- 1 के तहत तय समय पर सूचना न मिलने पर धारा 19 की उपधारा- 1 के तहत प्रथम अपीलीय अधिकारी से अपील करनी चाहिए जिसकी जिम्मेदारी है कि सही सूचना उपलब्ध कराए। वह सूचना न दे तो सूचना आयुक्त से धारा 19 की उपधारा 3 के तहत अपील करें। वह देखेंगे कि क्या सूचना मांगी गई थी और अफसरों ने क्या दी है। यह प्रक्रिया ऑनलाइन भी की जा सकती है। प्रांतीय महामंत्री राजेंद्र गुप्ता ने कहा कि व्यापारी भी सूचना अधिकार को प्रभावी शस्त्र की तरह प्रयोग कर सकते हैं। महानगर महामंत्री राजेश जसोरिया, दुर्गेश खटवानी, गिरधर देवनानी, पीयूष खंडेलवाल, गौरीशंकर, खंडेलवाल, गिरीश अग्रवाल, संजीव चांदना, मनमोहन सब्बरवाल, राजेश गुप्ता, तरुण अग्रवाल, अतुल कपूर, त्रिलोकीनाथ गुप्ता मौजूद रहे।

## मानदेय कटौती के विरोध में उतरे शिक्षामित्र

**बरेली, अमृत विचार** : 1 से 14 जून तक का शिक्षामित्रों को मानदेय नहीं मिलेगा। इस संबंध में आदेश जारी होने के बाद शिक्षामित्रों ने विरोध शुरू कर दिया है। शनिवार को उन्होंने बीएसए कार्यालय में पत्र सौंपकर विरोध जताया। जिले के परिषदीय स्कूलों में करीब 34 सौ शिक्षामित्र हैं। शिक्षामित्र अभिषेक का कहना है कि वर्तमान में तय मानदेय में घर चलाने में कठिनाई हो रही है। मानदेय की कटौती से परिवार का भरण पोषण करने में कठिनाई आएगी। शिक्षामित्र गौरव पाठक के अनुसार पहले ही मानदेय बेहद कम है। कटौती से पूरे महीने का बजट गड़बड़ा जाएगा। यूपी प्राथमिक शिक्षामित्र संघ के जिलाध्यक्ष कपिल यादव का कहना है कि शिक्षामित्रों के मानदेय में हर साल 15 दिनों की कटौती होती है, जो दुर्भाग्य पूर्ण है। कई बार उच्चाधिकारियों से मानदेय कटौती नहीं करने की मांग की जा चुकी है, लेकिन इस ओर ध्यान नहीं दिया जा रहा है।

### पासपोर्ट स्टाफ संगठन के अध्यक्ष चुने गए संजय



**बरेली, अमृत विचार** : अखिल भारतीय पासपोर्ट स्टाफ संगठन की बरेली इकाई की नई कार्यकारिणी का शनिवार को गठन हुआ। चुनाव अधिकारी धर्मवीर सिंह और खेम सिंह की मौजूदगी में चुनाव की प्रक्रिया पूरी की गई। संजय कुमार पांडेय को अध्यक्ष, विक्रांत श्रीवास्तव को सचिव, बाबू खान को उपाध्यक्ष, मीरा सक्सेना को सहायक सचिव, मोहम्मद आतिर अंसारी को काउंसलर और कौशल सिंह को कोषाध्यक्ष चुना गया।

### उत्कृष्ट नवाचारों के लिए तीन शिक्षिकाएं सम्मानित



**बरेली, अमृत विचार** : शैक्षिक नवाचार एसोसिएशन ने शुक्रवार को लखनऊ में राज्य स्तरीय शैक्षिक नवाचार संगोष्ठी एवं वार्षिक अधिवेशन का आयोजन किया, जिसमें उत्कृष्ट नवाचारों के लिए बिथरी चैनपुर से शिक्षिका राजेश कुमारी, नगर क्षेत्र से सीमा कश्यप और मझगवां से पूजा शुक्ला को सम्मानित किया गया। राज्य शैक्षिक अनुसंधान एवं प्रशिक्षण परिषद के संयुक्त निदेशक पवन सचान, ऑल इंडिया फेडरेशन ऑफ टीचर्स ऑर्गनाइजेशन की राष्ट्रीय महासचिव सीएल रोज, चिल्ड्रन वेलफेयर सोसाइटी की डा. सीमा मिश्रा, शैक्षिक नवाचार एसोसिएशन के प्रदेश अध्यक्ष मनोज कुमार सिंह ने चयनित शिक्षकों को स्मृति चिह्न भेंट किया।

## मां मनोकामना वैष्णो धाम मंदिर में वार्षिकोत्सव 10 से

**बरेली, अमृत विचार** : डोहरा रोड स्थित मां मनोकामना वैष्णो धाम मंदिर में 10 से 12 जून तक 14 वां वार्षिकोत्सव मनाया जाएगा।

शनिवार को श्री शिवशक्ति सेवा समिति के संरक्षक राजेश प्रकाश अग्रवाल ने बताया कि वार्षिकोत्सव में भजन गायक जुगेंद्र चंचल, निशा अरोरा और रुचि किंकर भजनों के जरिये माता रानी और बाबा श्याम का गुणगान करेंगी। इसके बाद रामगंगा घाट पर मूर्ति को विसर्जित किया जाएगा। कलकत्ता से आए मूर्तिकार बाबा श्याम और माता का दरबार सजाएंगे।

## शिक्षक संगठनों के विरोध के बाद रद किया समर कैंप का आदेश

- **हीट वेव के खतरे को देखकर महानिदेशक ने उठाया कदम**

**बरेली, अमृत विचार**: शिक्षक संगठनों के विरोध के बीच समर कैंप के आदेश को रद कर दिया गया है। भीषण गर्मी और हीट वेव के खतरे को देखते हुए महानिदेशक स्कूल शिक्षा ने यह कदम उठाया है। इस संबंध में शनिवार को महानिदेशक की ओर से आदेश जारी होने पर जिले के तमाम शिक्षक संगठनों ने इस निर्णय को सही ठहराया। अमृत विचार ने भी इस मामले को प्रमुखता से उठाया था।

परिषदीय स्कूलों में 18 मई को ग्रीष्मकालीन अवकाश की घोषणा हुई थी। पांच से 11 जून के बीच विद्यालयों में समर कैंप का आयोजन कराने का आदेश जारी किया गया था। इन दिनों भीषण गर्मी, तेज धूप और हीट वेव के खतरे को देखते हुए जिले के तमाम शिक्षक नेताओं ने इस आदेश को अव्यवहारिक बताते हुए जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी और महानिदेशक को पत्र भेजा था। प्राथमिक शिक्षक संघ के जिलाध्यक्ष नरेश गंगवार, पूर्व माध्यमिक शिक्षक संघ के मंडलीय अध्यक्ष डा. विनोद कुमार शर्मा और यूटा के जिलाध्यक्ष भानू प्रताप सिंह और शिक्षक नेता हरीश बाबू शर्मा ने कहा कि आदेश रद करने का निर्णय उचित है।

> कैंप को लेकर महानिदेशक की ओर से भीषण गर्मी और हीट वेव के खतरे को देखते हुए फिलहाल नहीं कराने का आदेश दिया गया है। – **संजय सिंह**, बीएसए

### जिला अस्पताल में आग से बचाव की मॉक ड्रिल



**बरेली, अमृत विचार** : अग्निशमन विभाग ने शनिवार को जिला अस्पताल और जिला महिला अस्पताल में मॉक ड्रिल कर आग से बचाव के तरीके बताए। अग्निशमन अधिकारियों ने बताया कि आग से बचने के लिए लोगों को समय पर और सही जानकारी मिलना बहुत जरूरी है। इस दौरान आग लगने पर धुएं से कैसे बचें, अग्निशमन उपकरणों का प्रयोग कैसे करें आदि की जानकारी दी गई। एडीएसआईसी डॉ. अलका शर्मा ने बताया कि मॉक ड्रिल के माध्यम से स्टाफ को प्रशिक्षण दिया गया। बीते दिनों दिल्ली के बेबी केयर वार्ड में आग लगने से कई नवजात को मौत हो गई थी। जिसके बाद से शासन ने सभी सरकारी और निजी अस्पतालों में फायर ऑडिट के साथ आग से बचाव संबंधी प्रशिक्षण देने के आदेश दिए हैं। इसी को लेकर मॉक ड्रिल की जा रही है।

## राम कथा से मर्यादा में रहने की मिलती है प्रेरणा

**बरेली, अमृत विचार** : मॉडल टाउन स्थित श्री हरि मंदिर में शनिवार को नौ दिवसीय श्रीराम कथा शुरू हो गई।

श्रीराम कथा मर्मज्ञ पं. बृजेश पाठक ने कहा कि राम कथा से मर्यादा में रहने की प्रेरणा मिलती है। यह मानव का सही मार्गदर्शन भी करती है। जो मनुष्य सच्चे मन से श्रीराम कथा सुनता है, उसका भविष्य और वर्तमान भी उज्ज्वल होता है। बहुत सत्कर्मों के बाद ही मनुष्य का जीवन मिलता है। कहा कि दुराचारी रावण की नकारात्मक सोच से उसके पूरे कुल का विनाश हो गया। मंदिर समिति के अध्यक्ष सतीश खट्टर, सचिव रवि छाबड़ा, उपाध्यक्ष सुशील अरोड़ा, संजय आनंद, गोविंद तनेजा, रंजन कुमार, महिला मंडल अध्यक्ष रेनू छाबड़ा, कंचन अरोरा समेत बड़ी संख्या में श्रद्धालु मौजूद रहे।



श्री हरि मंदिर में श्रीराम कथा का रसपान करते श्रद्धालु। • अमृत विचार



कथा सुनाते बृजेश पाठक।

### गर्मी में राहत पहुंचाने के लिए राहगीरों को बांटा शरबत



**बरेली, अमृत विचार** : जनसेवा टीम ने गर्मी में राहत पहुंचाने के लिए शनिवार को नावल्टी चौराहे पर राहगीरों को शरबत का वितरण किया। अध्यक्ष पम्मी खान वारसी, डॉ. सीताराम राजपूत, शादाब रजवी, मोहम्मद एजाज, शान अहमद रजा, मोहम्मद फैजी, मोहम्मद कसिम, बिलाल खान, हाजी साकिब रजा खां आदि मौजूद रहे।



खून के आंसू



हकीम
जहीर अहमद
जो लोग बचपन की गलतियों से अपनी
जवानी बर्बाद
कर चुके हैं जिनको
धात, स्वप्नदोष, सुस्ती, कमजोरी, शीघ्र पतन होना, जोश में कमी, रूकावट, बवासीर, भगन्दर, ल्यूकोरिया, महावारी का न होना, शुक्राणुओं की कमी, निःसंतान रोगी (नशा छुड़वाये), सोराइसिस, नलों का बंद होना, कैंसर, शुगर, इन्दी का लंबापन, मोटापन, 50 साल से ऊपर वाले मर्दों का सैक्स पावर खत्म होना, गुर्दे का क्रीटनीन, प्रोस्टेट, अल्सर, योनि का ढ़ीलापन, पेशाब बार-बार आना, पेशाब में खून आना।
वह लोग जिनका विचारों से ही स्लखन हो जाता हो या वे भाई जिनकी उम्र ज्यादा हो वक्त पर बीबी से शर्मिन्दा रहते हो तुरन्त मिलें प्रत्येकः-
शनिवार
रविवार
बिहारीपुर पुलिस चौकी के आगे, इस्लामियां मैदान के सामने, बरेली
मो. 9634499693
9837338306

बवासीर
भगन्दर
ऑपरेशन से बचें
दर्द रहित उपचार
सैक्स
रोगियों का यूनानी आयुर्वेदिक इलाज



डॉ. एस.के. गुप्ता
(गुप्त रोग चिकित्सक)
बवासीर भगन्दर रोग विशेषज्ञ
ऑपरेशन से बचें # दर्द रहित उपचार
धातरोग स्वप्नदोष, नामर्दी इन्द्रियों में ढ़ीलापन उत्तेजना के बाद ढ़ीलापन हो जाना, पेशाब में पीलापन जलन शीघ्रपतन शुक्राणु लिकोरिया- स्वेतप्रदर रक्त प्रदर, कमर में दर्द, महावारी टाइम पर न होना नलों का बंद होना योनि का ढ़ीलापन सेक्स की इच्छा न होना। चर्म रोग कील मुहासों का आयुर्वेदिक यूनानी दवाओं द्वारा इलाज।
नशा छुड़ाए? नशे से कुछ ही दिनों में छुटकारा पायें।
नोटः- हर जगह से निराश रोगी एक बार अवश्व मिलें।
डॉ. सी.पी. गुप्ता
क्लीनिक
स्थापित 1960
माध्यमिक शिक्षा परिषद बोर्ड आफिस के सामने, चौपुला से कुतुबखाना रोड, बरेली।
मो. 9259082174

### उत्तराखंड से आ रहे तीन ओवरलोड वाहन सीज

**बरेली, अमृत विचार :** उत्तराखंड से आने वाले ओवरलोड वाहनों पर कार्रवाई के लिए परिवहन विभाग की टीम ने शनिवार को बहेड़ी रोड पर चेकिंग अभियान चलाया। इस दौरान तीन वाहनों को सीज किया। 11 वाहनों को चालान किए गए। एआरटीओ मनोज सिंह और एआरटीओ संदीप कुमार जायसवाल की अगुवाई में टीम ने यह कार्रवाई की।

नर्सिंग है अधिक रोजगार वाला क्षेत्र
B.Sc. NURSING
Website : http://www.abvmuup.edu.in
प्रवेश परीक्षा (CNET) दिनांक 14.06.2024
महेन्द्र गायत्री ग्रुप ऑफ कॉलेज
धन्वन्तरी आयुर्वेदिक मेडिकल कॉलेज
रहपुरा रोड, फतेहगंज पश्चिमी, बरेली
Mob.: 9410405769, 7599203105
• A.N.M. • G.N.M. • D.P.T.
• D. PHARMA • BAMS
• D.OPT. • DIPLOMA O.T.
Clinical Training
★ महेन्द्र गायत्री सुपर स्पेसियेलिटी हॉस्पिटल, बरेली
★ महाराणा प्रताप संयुक्त जिला अस्पताल, बरेली

प्रवेश प्रारम्भ
बरेली इंटरनेशनल यूनिवर्सिटी, बरेली
बी.आई.यू. कॉलेज ऑफ फार्मेसी
फार्मेसी काउंसिल ऑफ इंडिया (PCI), न्यू दिल्ली द्वारा मान्यता प्राप्त
• डी. फार्मा (2 वर्षीय) • एम. फार्मा (फार्मास्यूटिक्स) (2 वर्षीय)
• बी. फार्मा (4 वर्षीय) • एम. फार्मा (फार्माकोलॉजी) (2 वर्षीय)
रोहिलखंड कॉलेज ऑफ फार्मेसी
फार्मेसी काउंसिल ऑफ इंडिया (PCI), न्यू दिल्ली द्वारा मान्यता प्राप्त
• डी. फार्मा (2 वर्षीय) • बी. फार्मा (4 वर्षीय)
रोहिलखंड मेडिकल कॉलेज एंड हॉस्पिटल कैंपस, पीलीभीत बाईपास रोड, बरेली (उत्तर प्रदेश)
केशलता कॉलेज ऑफ फार्मेसी
फार्मेसी काउंसिल ऑफ इंडिया (PCI), न्यू दिल्ली द्वारा मान्यता प्राप्त
• डी. फार्मा (2 वर्षीय)
मो. 9457672942
केशलता हॉस्पिटल कैंपस, डेलापीर रोड, बरेली (उत्तर प्रदेश)
बी.आई.यू. कॉलेज ऑफ मैनेजमेंट
• एम.एच.ए. (2 वर्षीय) • एम.पी.एच. (2 वर्षीय)
रोहिलखंड मेडिकल कॉलेज एंड हॉस्पिटल कैंपस, पीलीभीत बाईपास रोड, बरेली
For Registration : Online - www.biu.edu.in, offline - Admission Cell Administrative Block, BIU (9105500202), E-mail : repsbareilly@gmail.com, bareillyrcps@gmail.com
प्रवेश हेतु संपर्क करें :-
डॉ. आशीष शर्मा (9105500202) श्रीमती रिचा गुप्ता (9105500404) योगेन्द्र सिंह (9760578366)

प्रवेश प्रारम्भ
बरेली इंटरनेशनल यूनिवर्सिटी, बरेली
फैकल्टी ऑफ पैरामेडिकल साइंसेज
उत्तर प्रदेश स्टेट मेडिकल फैकल्टी, लखनऊ द्वारा मान्यता प्राप्त
• बैचलर इन मेडिकल लेबोरेटरी साइंस (बी.एम.एल.एस.) (3 वर्षीय)
• बैचलर इन फिजियोथिरेपी (बी.पी.टी.) (4 वर्षीय)
• बैचलर ऑफ आप्टोमेट्री (बी. आप्टम) (3 वर्षीय)
• बैचलर इन मेडिकल रेडियोलॉजिक इमेजिंग टेक्नॉलॉजी (बी.एम.आर.आई.) (3 वर्षीय)
• बैचलर इन ऑपरेशन थियेटर टेक्नोलॉजी (बी.ओ.टी.टी) (अगामी पाठ्यक्रम) (3 वर्षीय)
• एम.एस.सी. क्लीनिकल एंब्रियोलॉजी (अगामी पाठ्यक्रम) (2 वर्षीय)
• मास्टर इन मेडिकल लेबोरेटरी साइंस (एम.एम.एल.एस. (अगामी पाठ्यक्रम) (2 वर्षीय)
• मास्टर ऑफ फिजियोथिरेपी (एम.पी.टी.) (अगामी पाठ्यक्रम) (2 वर्षीय)
फैकल्टी ऑफ फॉरेंसिक साइंसेज
• बी.एस.सी. फॉरेंसिक साइंस (3 वर्षीय) (डिग्री कोर्स)
रोहिलखंड मेडिकल कॉलेज एंड हॉस्पिटल
उत्तर प्रदेश स्टेट मेडिकल फैकल्टी, लखनऊ द्वारा मान्यता प्राप्त
• डिप्लोमा इन एक्स-रे टेक्नीशियन (2 वर्षीय)
• डिप्लोमा इन लैब टेक्नीशियन (2 वर्षीय)
• डिप्लोमा इन रेडियोथिरेपी टेक्नीशियन (आगामी पाठ्यक्रम) (2 वर्षीय)
रोहिलखंड कॉलेज ऑफ पैरामेडिकल साइंसेज
उत्तर प्रदेश स्टेट मेडिकल फैकल्टी, लखनऊ द्वारा मान्यता प्राप्त
• डिप्लोमा इन डायलेसिस टेक्नीशियन (2 वर्षीय)
• डिप्लोमा इन एम.आर.आई. टेक्नीक्स (2 वर्षीय)
• डिप्लोमा इन इमरजेन्सी एण्ड ट्रामा केयर टेक्नीशियन (2 वर्षीय)
• सर्टिफिकेट इन सेनीटेशन (1 वर्षीय)
For Registration : Online - www.biu.edu.in, offline - Admission Cell Administrative Block, BIU (9105500202), E-mail : repsbareilly@gmail.com, bareillyrcps@gmail.com
प्रवेश हेतु संपर्क करें :-
डॉ. आशीष शर्मा (9105500202) श्रीमती रिचा गुप्ता (9105500404) डॉ. प्रशांत गुप्ता (8445508214)

अमृत विचार एक सम्पूर्ण अखबार
लखनऊ, बरेली, मुरादाबाद, हल्द्वानी अयोध्या व कानपुर से प्रकाशित
बरेली संस्करण
स्मृतियाँ शेष
निधन | अंतिम यात्रा | पुण्यतिथि
पीपलपानी | स्मृतियां | उठावनी | पगड़ी
साइज व रेट
साइज --------5cmX8cm / 1000 with GST
साइज -------10cmX8cm / 1800 with GST
साइज -------15cmX8cm / 2500 with GST
अन्य साइज कलर 25 रुपए प्रति वर्ग सेमी.।
शोक संदेश प्रकाशित कराने हेतु सम्पर्क करें :-
0581-4000222
हेड ऑफिस :- 932, कटरा चांद खां भारत पेट्रोल पम्प के सामने, पीलीभीत बाईपास रोड बरेली 243006

# इंस्पेक्टर प्रेमनगर सीओ और एसआई का जवाब -तलब

● जानलेवा हमले के मामले में कोर्ट में गलत अर्जी देकर फंसी पुलिस

**विधि संवाददाता, बरेली:** जानलेवा हमले के मामले मे हाईकोर्ट के आदेश पर एसीजेएम कोर्ट ने इंस्पेक्टर प्रेमनगर को अतिरिक्त विवेचना का आदेश दिया, लेकिन पुलिस ने इसके लिए अदालत में ही केस डायरी दिलाने की अर्जी दे दी। फास्ट ट्रैक कोर्ट के अपर सत्र न्यायाधीश रवि कुमार दिवाकर ने इस पर इंस्पेक्टर प्रेमनगर सीओ और एसआई को नोटिस भेजकर 4 और 5 जून को स्पष्टीकरण तलब किया है।

थाना प्रेमनगर में मनमोहन के विरुद्ध दर्ज जानलेवा हमले और धमकी देने के केस में हाईकोर्ट ने अतिरिक्त विवेचना का आदेश दिया था। इस पर एसीजेएम-2 ने 10 मई को दंड प्रक्रिया संहिता की धारा 173(8) के तहत इंस्पेक्टर प्रेमनगर को इसका पालन करने का आदेश दिया था। इस पर एसआई संजीव कुमार ने केस डायरी दिलाने के लिए कोर्ट में अर्जी दी थी। कोर्ट ने पाया कि लोअर कोर्ट ने थानाध्यक्ष को अतिरिक्त विवेचना का आदेश दिया था। एसआई ने कोर्ट में यह झूठ भी कहा कि उन्हें विवेचना इंस्पेक्टर प्रेमनगर आशुतोष रघुवंशी ने दी है लेकिन कोई अभियोजन प्रपत्र पेश नही किया।

कोर्ट ने नोटिस में कहा है कि सीआरपीसी में कहीं भी पुनर्विवेचना की व्यवस्था नही है। अतिरिक्त विवेचना का प्रावधान है। ऐसा लगता है कि इंस्पेक्टर आशुतोष रघुवंशी ने हाईकोर्ट और लोअर कोर्ट के आदेश को हल्के मे लिया है। नियमानुसार प्रभारी निरीक्षक को ही अतिरिक्त विवेचना का अधिकार है, एसआई को नहीं। नोटिस में अदालत ने यह भी टिप्पणी की कि सरकार ने 2009 मे सीसीटीएनएस प्रोजेक्ट लागू किया था। अगर इंस्पेक्टर अतिरिक्त विवेचना करना चाहते तो केस डायरी की प्रतियां कंप्यूटर से निकलवा सकते थे। लेकिन खानापूरी के लिए कोर्ट में अर्जी दी है जिससे उसका कीमती समय बर्बाद हुआ।

## अयोध्या के होटल में बुकिंग के बहाने अग्रवाल सभा के अध्यक्ष को ठगा

**कार्यालय संवाददाता, बरेली**

**अमृत विचारः** श्री अग्रवाल सभा कल्याण सोसायटी के अध्यक्ष उमानाथ अग्रवाल को अयोध्या में होटल की बुकिंग के नाम पर ठग लिया गया। उन्होंने इसकी साइबर क्राइम पोर्टल पर ऑनलाइन शिकायत की है।

श्री अग्रवाल सभा कल्याण सोसाइटी के मीडिया प्रभारी एडवोकेट हर्ष कुमार अग्रवाल ने बताया कि संस्था की ओर से रामलला दर्शन के लिए 10 जुलाई को अयोध्या यात्रा का प्रस्ताव है। अयोध्या में किसी होटल में बुकिंग कराने के लिए गूगल पर सर्च किया तो साईंनगर न्यू कॉलोनी अयोध्या की बिरला धर्मशाला इसके लिए उपयुक्त लगी। इसकी साइट पर मौजूद फोन नंबर पर संपर्क करने पर खुद का नाम संजय धाकड़ बताने वाले व्यक्ति से बात हुई जिसने खुद को धर्मशाला का मैनेजर बताया। संजय ने आठ कमरों की बुकिंग करने के बाद 12,160 रुपये का बिल बताया। उमानाथ अग्रवाल ने संजय के भेजे क्यूआर कोड पर 28 मई को पांच हजार रुपये जमा कर दिए। इसके बाद वह बकाया 7160 रुपये भी एडवांस जमा करने को कहने लगा। संदेह होने पर उन्होंने रकम वापस मांगी तो संजय ने इन्कार कर दिया। फिर बिरला धर्मशाला में संपर्क करने पर पता चला कि वहां संजय नाम का न कोई मैनेजर है और न ही ऑनलाइन बुकिंग होती है।

## शादी का झांसा देकर किया दुष्कर्म फिर जबरन करा दिया गर्भपात

● एसएसपी के आदेश पर सात आरोपियों पर रिपोर्ट

**बरेली, अमृत विचार :** युवक ने शादी का झांसा देकर महिला से दुष्कर्म किया। गर्भवती होने पर उसका गर्भपात करा दिया। विरोध करने पर महिला से मारपीट की है। मामले में एसएसपी के आदेश पर पुलिस ने सात आरोपियों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर ली है।

सीबीगंज थाना क्षेत्र के एक महिला का आरोप है कि गांव के युवक ने उसे प्रेम जाल में फंसाया। शादी का झांसा देकर उसके साथ कई बार दुष्कर्म किया। जिससे वह गर्भवती हो गई। आरोप है कि युवती ने युवक से शादी करने को कहा तो उसने दोस्तों के साथ मिलकर मारपीट की और गर्भपात करवा दिया। पीड़िता ने शनिवार को शिकायत एसएसपी से की है। एसएसपी के आदेश पर सीबीगंज थाना पुलिस ने अरविंद, भीमसेन, हीराकाली, नरेंद्र, धर्मेंद्र, भूपराम और कांता प्रसाद के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज की है। इंस्पेक्टर राधेश्याम ने बताया कि मामले की जांच की जा रही है।

### छेड़खानी के केस में समझौता न करने पर पीड़िता के पति को पीटा

**बरेली, अमृत विचार :** एक महिला का आरोप है कि छेड़खानी के मामले में आरोपी समझौते का दबाव बना रहे हैं। विरोध करने पर आरोपियों ने शुक्रवार को उसके पति के साथ मारपीट कर जान से मारने की धमकी दी। महिला ने एसएसपी से सुरक्षा की गुहार लगाई है। किला थाना क्षेत्र की महिला के साथ 15 मई को पड़ोस में रहने वाले कुछ युवकों ने छेड़छाड़ की थी। पीड़िता की शिकायत पर पुलिस ने चार आरोपियों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज की थी।

### युवक ने पत्नी दिया तीन तलाक

**बरेली, अमृत विचार :** दहेज की मांग पूरी न होने पर युवक ने पत्नी को तीन तलाक दे दिया और घर निकाल दिया। मामले में एसएसपी के आदेश पर बिथरी चैनपुर थाना पुलिस ने पति के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज की है। थाना क्षेत्र के पदारथपुर निवासी आसमां खां की शादी 2018 में कैंट थाना क्षेत्र के मुर्सिद खान से हुई थी। दोनों के दो बच्चे भी हैं। आरोप है कि विवाह के सात साल बाद पति व्यवसाय करने के लिए 10 लाख रुपये की मांग करने लगा। शुक्रवार को उसने मारपीट कर पत्नी को घर से निकाल दिया। आरोप है इस दौरान पति ने उसे तीन तलाक दे दिया।

### लटकने से हुई थी किशोरी की मौत

**बरेली, अमृत विचार :** किशोरी की मौत के मामले में शनिवार को शव का पोस्टमार्टम कराया गया। पोस्टमार्टम रिपोर्ट में हैंगिंग की पुष्टि हुई है। कहीं जहर देने के बाद तो नहीं किशोरी को फंदे से लटका दिया गया था। इसकी जांच के लिए विसरा जांच के लिए मुरादाबाद लैब भेजा गया है। गुरुवार को भमोरा क्षेत्र के गांव चंपतपुर में 15 वर्षीया किशोरी की संदिग्ध हालात में मौत हो गई थी। परिजनों ने आननफानन में चंदौआ के रामगंगा घाट के समीप गड्ढे में किशोरी के शव को दफना दिया था। इस बीच किसी ने पुलिस को किशोरी की हत्या की सूचना दी थी। डीएम के आदेश पर शुक्रवार को एसडीएम की मौजूदगी में किशोरी के शव को गड्ढे से निकाला गया था।

कृतिका ग्रुप ऑफ कॉलेज

मान्यता एवं सम्बद्धता (आयुर्वेद) : भारतीय चिकित्सा पद्धति राष्ट्रीय आयोग (NCISM) नई दिल्ली एवं एम.जी.जी.यू.ए. गोरखपुर उ.प्र.
मान्यता एवं सम्बद्धता (फार्मेसी) : फार्मेसी काउंसिल ऑफ इण्डिया नई दिल्ली
डा. ए.पी.जे. अब्दुल कलाम टैक्निकल यूनिवर्सिटी लखनऊ। बोर्ड ऑफ टैक्निकल एजुकेशन, लखनऊ।
मान्यता एवं सम्बद्धता (नर्सिंग) उ.प्र. स्टेट मेडिकल फैकल्टी लखनऊ एवं अटल बिहारी वाजपेयी मेडिकल विश्वविद्यालय, लखनऊ।

ADMISSION OPEN

AYURVED
B.A.M.S.
अवधि : 4-1/2 वर्ष, योग्यता : NEET Qualified

PHARMACY
B. Pharma
बी. फार्मा
अवधि : 4 वर्ष, योग्यता : 10+2 विज्ञान वर्ग
D. Pharma
डी. फार्मा
अवधि : 2 वर्ष, योग्यता : 10+2 विज्ञान वर्ग

PARA MEDICAL
Diploma O.T.
डिप्लोमा इन ओ.टी. टैक्निशियन
अवधि : 2 वर्ष, योग्यता : 10+2 विज्ञान वर्ग
Dip Lab. Technician
डिप्लोमा इन लैब टैक्निशियन
अवधि : 2 वर्ष योग्यता : 10+2 विज्ञान वर्ग

NURSING
B.Sc. Nursing
बी.एससी. नर्सिंग
अवधि : 4 वर्ष आयु 17 वर्ष, योग्यता : 10+2 बायोलॉजी
A.N.M.
डिप्लोमा महिला हैल्थ वर्कर
अवधि : 2 वर्ष आयु 17-35 वर्ष, योग्यता : 10+2 किसी भी विषय में

सुविधायें
♦ आयुर्वेदिक अस्पताल ♦ औषधियों युक्त हर्बल गार्डन ♦ शैक्षिक भवन एवं लाईब्रेरी ♦ पूर्ण सुसज्जित लैब ♦ वाई-फाई कैम्पस ♦ बस सुविधा ट्रेनिंग के लिए 100 बेड का पूर्ण व्यवस्थित स्वयं का आधुनिक कोपल अस्पताल ♦ छात्र- छात्राओं के लिए अलग-अलग छात्रावास ♦ छात्रवृत्ति एवं शिक्षा ऋण (लोन) की सुविधा ♦ शव विच्छेदन की सुविधा (Cadaver)

कैम्पस : खाई खेड़ा, निकट कान्दू का पुल, पीलीभीत रोड, रिठौरा, बरेली (उ.प्र.) पिन : 243122
सम्पर्क सूत्र
8171489611, 7248343676
9027510784, 8218234755
सिटी आफिस : कोपल हॉस्पिटल, सुरेश शर्मा नगर, पीलीभीत रोड, बरेली (उ.प्र.) पिन-243006
सम्पर्क सूत्र
9758519405, 9457697581
Visit us : www.kritikaayurvedcollege.in, www.kritikapharmacycollege.in, www.kritikanursing.com

# मनरेगा में कमीशन के लिए भिड़े ग्रामप्रधान और रोजगार सेवक, चार घंटे थाने में हंगामा

## दूसरे गांव के मजदूरों से काम कराने पर प्रधान ने काम रुकवाया तो रोजगार सेवक पहुंचा थाने

संवाददाता, बरसेर/आंवला

**अमृत विचार :** मनरेगा में मजदूरी के कमीशन को लेकर प्रधान और रोजगार सेवक में तकरार हो गई। बात बढ़ी तो रोजगार सेवक मजदूरों को लेकर थाने पहुंच गया और प्रधान पर जाति सूचक शब्दों का प्रयोग करने का आरोप लगाकर पुलिस से शिकायत की। वहीं प्रधान ने भी रोजगार सेवक और मजूदरों के खिलाफ शिकायत की। थाने में चार घंटे तक रोजगार सेवक मजूदरों के साथ बैठे रहे।

प्रधान और रोजगार सेवक मनरेगा कार्य में अधिक मजदूर दिखाकर परिचितों के खातों में बगैर मजदूरी के रुपये भेज देते हैं, बाद में उनके खातों से रुपये निकालकर बांट लेते है। इसी प्रकार की कई ग्राम पंचायतों की शिकायतें सामने आईं हैं। जिनकी जांच जारी है। ब्लॉक रामनगर के गांव शहबाजपुर में प्रधान और रोजगार सेवक के बीच कहासुनी का वीडियो वायरल हो रहा है। जिसमें प्रधान रोजगार सेवक से कह रहा है कि पिछले काम के रुपये निकाल लिए। मुझे एक रुपया भी नहीं दिया। अब उसे गांव में मनरेगा से कोई काम नहीं कराना है। कमीशन खोरी को लेकर दोनों के बीच बढ़ा विवाद थाने तक पहुंच गया। गांव अटा फुंदापुर निवासी ज्ञानदेव सागर ने दी शिकायत में बताया कि वह शहबाजपुर ग्राम पंचायत में रोजगार सेवक के पद पर कार्यरत हैं। बीडीओ गांव में काम कराने के लिए कई बार कह चुके है। गांव के मजदूर न मिलने पर उसने दूसरे गांव के मनरेगा मजदूरों को एकत्रित कर शनिवार को काम शुरू कराया दिया।


काम रुकवाने से नाराज मनरेगा मजदूरों ने भी थाने में पहुंचकर प्रदर्शन किया।

"दोनों पक्षों को थाने बुलाया है, मामले की जांच कर आगे कार्रवाई की जाएगी।
–लव सिरोही, थाना प्रभारी सिरोली

यदि गांव में मजदूर नहीं मिल रहे हैं तो गांव के समीपवर्ती 5 किलोमीटर के दायरे के गांव के मजदूरों को मनरेगा में लगाया जा सकता है।
–सुखपाल सिंह, खंड विकास अधिकारी रामनगर

### दो घंटे बाद काम बंद कराने से मजदूर नाराज

करीब दो घंटे काम होने के बाद पहुंचे प्रधान ने रोजगार सेवक और मजदूरों को गाली देते हुए काम बंद करा दिया। इससे मजदूर नाराज हो गए। रोजगार सेवक ने प्रधान पर जाति सूचक शब्दों का प्रयोग करने समेत विभिन्न आरोप लगाएं। वहीं प्रधान सफीउररहमान बेग ने दी शिकायत में बताया कि गांव में चकमार्ग बनना है। रोजगार सेवक उनके गांव के मजदूरों के स्थान पर अजमेर, चंदुपुरा, अटा फुंदापुर, पिपरिया बीरपुर, के मजदूरों को लाकर काम कराने लगा। रोजगार सेवक ने उसे बाहरी मजदूरों के बारे में जानकारी नहीं दी। गांव के मजदूरों की सूचना पर वह कार्यस्थल पर पहुंचा और रोजगार सेवक से बाहरी मजदूरों से काम कराने पर एतराज जताया। इससे रोजगार सेवक और मजदूरों ने उसे गाली देते हुए अपशब्द कहे। वहीं रोजगार सेवक मजदूरों के साथ सिरौली थाने पहुंच गया। मजदूरों ने प्रधान पर कार्रवाई की मांग कर नारेबाजी की। पुलिस की ओर से कार्रवाई न करने पर मजदूरों ने करीब 4 घंटे तक थाने में ही धरना दिया। रोजगार सेवक ने बताया कि उसने एसडीएम और बीडीओ को मामले से अवगत करा दिया है।

## सार-संक्षेप

### कब्रिस्तान में बिना अनुमति हो रहा निर्माण रोका

**बहेड़ी, अमृत विचार :** बहेड़ी क्षेत्र के गांव तिलमाची स्थित कब्रिस्तान में बिना अनुमति कराए जा रहे निर्माण कार्य को पुलिस ने मौके पर पहुंच कर रूकवा दिया और संबंधित लोगों को अनुमति लेने के बाद ही आगे से काम कराने की हिदायत दी। गांव में करीब पांच बीघा क्षेत्रफल में कब्रिस्तान बना है जिसकी चारदीवारी भी कायम है। शनिवार को गांव के भूरे, नजीर और रियाजुद्दीन आदि कब्रिस्तान में नल के पास जनाजा रखने के लिए कमरे का निर्माण कर रहे थे। कमरे के लिए नींव भरने के बाद करीब दो फीट ऊंची दीवार भी खड़ी कर दी गई थी। यह सब देखकर गांव के ही किसी व्यक्ति ने पुलिस को सूचना देकर अवैध तरीके से हो रहे निर्माण कार्य की जानकारी दी तो पुलिस ने मौके पर पहुंच कर निर्माण कार्य करा रहे लोगों से परमीशन दिखाने को कहा। परमीशन न दिखाए जाने पर निर्माण कार्य रूकवा दिया गया।

### पाल महासभा ने अहिल्याबाई होल्कर की जयंती मनाई



**कैंट, अमृत विचार :** अखिल भारतीय पाल महासभा के पदाधिकारियों ने माता अहिल्याबाई होल्कर की जयंती शनिवार को मनाई। इस मौके पर बाइक रैली निकाली गई। रैली रामगंगा चौराहे से शुरू होकर बदायूं रोड, चौपला चौराहा अय्यूब खां चौराहा, चौकी चौराहा, वीरांगना चौक, लालफाटक होते हुए बुखारा मोड़ पर संपन्न हुई। इस अवसर पर अखिल भारतीय पाल महासभा के मंडल अध्यक्ष हाकिम सिंह पाल, शिवम पाल, जिला सहसंयोजक भाजपा सुनील पाल, चंद्रपाल, उमेश पाल, करण पाल, डॉ. रामवीर सिंह भदौरिया समेत सैकड़ों लोग उपस्थित रहे।

### चोरी की शिकायत करने पर महिला को पीटा

**नवाबगंज, अमृत विचार :** एक दबंग दंपती ने चोरी की शिकायत पर एक महिला और उसके ससुर के साथ मारपीट की, पीड़िता ने थाने में तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की। नवाबगंज के गांव कल्याणपुर हिकमत अली की सोमवती ने थाने में दिए शिकायती पत्र में बताया कि उसका पति ड्राइवर है जो अक्सर घर से बाहर रहता है। वह बच्चों के साथ घर में अकेले रहती हैं। उसके पड़ोसी की पत्नी अक्सर उसकी गैरमौजूदगी में उसके घर में घुसकर घरेलू सामान चुरा लेती है। आरोप है कि शनिवार को जब उसने आरोपी से चोरी की शिकायत की तो उसने पति के साथ घर में घुसकर लाठी डंडों के साथ उसकी पिटाई कर दी। पीड़िता के ससुर बचाने आए तो आरोपियों ने उन्हें भी पिटा।

### बाइक सवारों ने युवक का मोबाइल छीना

**सेंथल, अमृत विचार :** सेंथल में शुक्रवार रात बाइक सवार बदमाशों ने पुलिस चौकी से चंद कदम की दूरी पर पैदल जा रहे युवक के हाथ से मोबाइल छीन लिया। मोहल्ला मुगल बुखारी निवासी अशरफ ने बताया शुक्रवार रात वह सेंथल हाफिजगंज मार्ग पर पैदल जा रहे थे। तभी बाइक सवार तीन लोगों ने उसका मोबाइल छीनकर हाफिजगंज की ओर भाग गए। अशरफ ने इसकी सूचना तुरंत पुलिस चौकी पर दी, लेकिन बाइक सवार चोरों का कोई सुराग नहीं लग सका।

### पुलिस ने दो तस्कर पकड़े 130 ग्राम स्मैक बरामद

**फतेहगंज पश्चिमी, अमृत विचार :** फतेहगंज पश्चिमी पुलिस ने मुखबिर की सूचना पर दो तस्कर पकड़े, दोनों के पास से 130 ग्राम स्मैक बरामद हुई। जिसकी अंतरराष्ट्रीय बाजार में कीमत 15 लाख 60 हजार रुपये बताई जा रही हैं। पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज करने के बाद तस्करों को कोर्ट में पेश किया जहां से उन्हें जेल भेज दिया गया। रहपुरा रोड से पकड़े गए तस्करों की पहचान रिजवान खां निवासी ग्राम परौरा थाना मीरगंज और तसलीम निवासी रबर फैक्ट्री कॉलोनी थाना फतेहगंज पश्चिमी के रुप में हुई। तस्कर ने बताया यह स्मैक संजयनगर चौराहा थाना बारादरी क्षेत्र बरेली से खरीदकर लाये थे जिसको फुटकर में बेचने जा रहे थे उसी बीच पकड़े गए।

# एक ही रात में दो घरों से चोरों से माल समेटा

संवाददाता,फतेहगंज पश्चिमी

**अमृत विचार :** फतेहगंज पश्चिम थाना क्षेत्र के गांव केसोपुर में एक ही रात बदमाशों ने ठेकेदार के घर समेत दो घरों में नकब लगाकर लाखों रुपये के सामान चोरी कर लिए। इसकी जानकारी होने पर घर वालों के होश उड़ गए। पीड़ितों ने थाने में अज्ञात चोरों के खिलाफ तहरीर दी है पुलिस चोरों की तलाश में जुट गई है।

केसोपुर निवासी इस्माइल खान और तस्लीम के मकान में चोर नकब लगाकर घर में घुस गए। इस दौरान घर वाले बाहर सो रहे थे। चोरों ने दोनों घरों से लाखों रुपये के जेवर समेत अन्य सामान चुरा ले गए। सूचना पर पहुंची पुलिस ने मौका मुआयना किया। थाना प्रभारी धनंजय कुमार पांडेय ने बताया कि हमारे पास कोई भी चोरी होने की तहरीर नहीं मिली है।इ तहरीर आती है तो रिपोर्ट दर्ज करके कार्रवाई की जाएगी।

### नकब लगाकर घर में घुसे चोर, जेवर नकदी ले गए



**बरसेर, अमृत विचार :** दीवार में नकब लगाकर चोर घर में घुसे और सोने चांदी के जेवर रखे बक्शे को चुरा ले गए। सिरौली के गांव औरंगाबाद निवासी नेकपाल की पत्नी कमला देवी ने बताया कि उसके बेटे बाहर रहकर मजदूरी करते हैं। वह बहूओं के साथ घर में रहती हैं। उसने बताया कि शुक्रवार रात चोर मकान की पिछली दीवार में नकब लगाकर घर में घुस आए और कमरे में रखा बक्शा चुरा कर ले गए। बक्शे में रखे जेवर चुरा कर ले गए। उन्हें खाली बक्शा खेतों में मिला। पीड़िता ने पुलिस को शिकायत देकर कार्रवाई की मांग की है।

### खराब ट्रांसफार्मरों को ठीक कराने की कहा तो जेई ने ईओ से की अभद्रता

**शीशगढ़, अमृत विचार :** कस्बे में खराब ट्रांसफार्मरों को ठीक कराने की मांग ईओ शीशगढ़ दुर्गेश कुमार ने जेई ग्रीस कुमार से की तो उन्होंने अभद्र भाषा का प्रयोग करते हुए कहीं शिकायत करने पर रिपोर्ट कराने की धमकी दी। इस मामले की शिकायत ईओ ने जिलाधिकारी से की है। ईओ दुर्गेश कुमार ने बताया कि नगर पंचायत कार्यालय के पास लगा ट्रांसफार्मर 30 मई को जल गया है। दूसरा ट्रांसफार्मर जो एमआरएफ सेंटर पर लगा है। वह भी दो माह से खराब है। दोनों ट्रांसफार्मर खराब होने से इन दिनों लोगों का परेशानी हो रही है।

इसके साथ ही नगर पंचायत कार्यालय के कार्य भी प्रभावित हो रहे हैं। दोनों खराब ट्रांसफार्मरों को ठीक कराने को जेई ग्रीस कुमार को फोन किया तो उन्होंने अभद्र भाषा का प्रयोग करते हुए कहीं शिकायत करने पर झूठा मुकदमा लिखाने की धमकी दी। जिसकी शिकायत जिलाधिकारी से की गईं है। वहीं जेई ग्रीस कुमार ने सारे आरोप निराधार और झूठे बताए ।

# नकटिया के कपड़ा शोरूम में शॉर्ट सर्किट से लगी आग

संवाददाता, कैंट

- शोरूम के बराबर में है पेट्रोल पंप बड़ा हादसा होने से टला

**अमृत विचार:** थाना कैंट के नकटिया स्थित पेट्रोल पंप के बराबर में शनिवार सुबह शॉर्ट सर्किट से एक कपड़े और जूते के शोरूम में आग लगने से अफरा-तफरी मच गई। सूचना पर पहुंची पुलिस ने आसपास के लोगों की मदद से आधे घंटे में आग पर काबू पा लिया। अन्यथा पेट्रोल पंप नजदीक होने बड़ा हादसा हो सकता था, आग से करीब एक लाख का नुकसान होना बताया जा रहा है। शोरूम मालिक विजय मोहन जायसवाल ने बताया। कि उनके शोरूम में करीब दो दर्जन लोग काम करते है। शॉर्ट सर्किट से लगी आग को दमकल गाड़ियां आने से पहले ही बुझाया जा चुका था।


शोरूम से उठती आग की लपटें।

सुनने और बोलने में समस्या ?
बहरापन
कान की मशीनें
स्पीच थेरेपी
हकलाना/तुतलाना आटिज्म
आकांक्षा स्पीच एण्ड हियरिंग क्लीनिक
A-1/11, एकता नगर, कैशलता अस्पताल के पास, सत्या पेट्रोल पंप के पहले, बरेली।
Call: +91 9696558181



जड़ से इलाज तुरन्त आराम
नाइस चिकित्सालय
बच्चेदानी में गांठ, रसौली, फाइब्राइड, ब्रेस्ट में गांठ का इलाज मात्र 40 दिनों में
जोड़ों में दर्द, जोड़ ज्वाइन्ट का जाम होना, कमर दर्द, सर्वाइकल, साइटिका का जड़ से इलाज मात्र 10 मिनट में आराम पायें
इलैक्ट्रो होम्योपैथी द्वारा जड़ से इलाज किया जाता है।
परामर्श निःशुल्क
डायबिटीज पित्त की पथरी गुर्दे की पथरी को जड़ से खत्म किया जाता है।
मिलने का समय : सुबह 10 बजे से शाम 3 बजे तक
पीलीभीत बाईपास रोड डेहरा रोड जे.पी. नगर कॉलोनी निकट चंद्रपुर गांव बरेली।
डॉ. प्रवीन कुमार (BEMS, MD.EH)
सम्पर्क करें : 8630450312, 8979543136

### दो भाई घर से लापता, पिता ने दर्ज कराई अपहरण की रिपोर्ट

**आंवला, अमृत विचार :** कस्बे के दो भाई संदिग्ध अवस्था में घर से अचानक लापता हो गए। पिता ने अज्ञात के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कराई है। मोहल्ला लठैता निवासी मुनेश पाल सिंह ने लिखाई रिपोर्ट में बताया कि उसके बेटे यशु (14) और प्रिंस सिंह (13) शुक्रवार दोपहर से लापता हो गये। एक नंबर से फोन आया था, उसने उसके बच्चों से बात कराई थी। परंतु अब वह नंबर बंद जा रहा है। पुलिस ने शिकायत के आधार पर अज्ञात के खिलाफ अपहरण की रिपोर्ट दर्ज कराई

### प्रधानमंत्री पर टिप्पणी का आरोपी गिरफ्तार

**देवरनियां, अमृत विचार :** देवरनियां कोतवाली क्षेत्र निवासी युवक ने प्रधानमंत्री और देवी–देवताओं पर अभद्र टिप्पणी सोशल मीडिया पर करके माहौल बिगाड़ने की कोशिश की। शिकायत के बाद पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर लिया। गांव अमृती– अमृता निवासी राजपाल ने सीओ बहेड़ी को दी तहरीर में बताया कि उसके गांव का ताराचन्द्र उर्फ निशान्त सिंह ने सोशल मीडिया पर प्रधानमंत्री और देवी–देवताओं पर अभद्र टिप्पणी करता हैं। जब उसने उसे ऐसा करने से रोका तो आरोपी ने उसे जान से मारने की धमकी दी। सीओ के निर्देश पर देवरनियां पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार करके आगे की कार्रवाई कर रही हैं। इंस्पेक्टर देवेंद्र सिंह धामा ने बताया कि आरोपी को गिरफ्तार कर लिया गया है,और उसके खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर ली गई हैं।

# चार साल पहले बने 132 केवी सब स्टेशन से अब तक सप्लाई नहीं

**मीरगंज, अमृत विचार :** मीरगंज के बीथम नौगवां में बने 132/33 केवी सबस्टेशन से मीरगंज के सबस्टेशन अब तक नहीं जुड़ पाए हैं। इसके लिए आठ किमी लाइन पड़नी है। विभाग चार साल में भी लाइन डालकर 132 केवी के बिजली घर से मीरगंज के उपकेंद्रों को जोड़ नहीं पाया है। लोगों ने लाइन शीघ्र डलवाने की मांग मुख्यमंत्री से की गई है।

यहां से कस्बे और गांवों को नगरीय विद्युत उपकेंद्र मीरगंज, ग्रामीण उपकेंद्र मीरगंज, शाही उपकेंद्र, फतेहगंज पश्चिमी उपकेंद्र व जाफरपुर उपकेंद्रों से बिजली की आपूर्ति होती है। मीरगंज और फतेहगंज पश्चिमी के तीन उपकेंद्रों को परसाखेड़ा के 220 बिजली घर से बिजली आपूर्ति होती है। जर्जर और लंबी लाइन होने से आए दिन फॉल्ट होने से उपभोक्ता परेशान रहते हैं। बिजली की बेहतर आपूर्ति को विधायक डॉक्टर डीसी वर्मा की पैरवी पर बीथम नौगवां में बिजली विभाग ने 26.15 करोड़ की लागत से 132/33 केवी का बिजली घर बनवाया। इससे शाही उपकेंद्र को बिजली की आपूर्ति हो रही है। मीरगंज के उपकेंद्रों को जोड़ने को प्रस्तावित आठ किमी लाइन अभी तक नहीं पड़ी हैं। कई माह पूर्व लाइन धनेटा तक डाल दी गई थी। लाइन माध्यमिक कार्यखंड बना रहा है। ग्रामीणों ने मुख्यमंत्री को भेजे पत्र में कहा है कि परसाखेड़ा से मीरगंज को 40 किमी लंबी लाइन से बिजली सप्लाई होती है। इसी लाइन से फतेहगंज पश्चिमी का उपकेंद्र जुड़ा है। ओवरलोड होने से आए दिन फॉल्ट से सप्लाई ठप हो जाती है। ग्रामीण उपकेंद्र मीरगंज का करनपुर फीडर ओवरलोड है। एसडीओ जसीम अख्तर और जेई सोम प्रकाश ने संयुक्त रूप से बताया माध्यमिक कार्यखंड वाले बीथम नौगवां से नई लाइन डलवा रहे हैं।

KOPAL HOSPITAL BAREILLY
NABH PRE ACCREDITED
कोपल अस्पताल
AN ISO-9001-2008 CERTIFIED HOSPITAL



डा. के.पी. गंगवार
एम.एस. (आर्थो)
हड्डी एवं जोड़ रोग विशेषज्ञ
12.30 pm to 5.30 pm
डा. स्मृति गंगवार
एम.बी.बी.एस., डी.जी.ओ.
प्रसूति एवं स्त्री रोग विशेषज्ञ
12.00 pm to 3.00 pm, 6.30 pm to 7.30 pm



डॉ. मनोज गुप्ता
एम.एस. (जनरल सर्जन)
लैप्रोस्कोपिक सर्जन
12:00 pm to 2:00 pm
डॉ. एस.के. जौहरी
एम.डी.,
गहन चिकित्सा रोग विशेषज्ञ
3:30 pm to 5:00 pm, 6:00 pm to 9:00 pm
डॉ. आकाश गुप्ता
एम.डी.
नवजात शिशु एवं बाल रोग विशेषज्ञ
आयुष्मान कार्ड धारकों के लिए निःशुल्क ऑपरेशन एवं भर्ती की सुविधा उपलब्ध
पीलीभीत बाईपास रोड, सुरेश शर्मा नगर, बरेली
Ph.: 0581-2525711, 2525038
HELPLINE No. 9758519405

B.I.U.
प्रवेश प्रारम्भ
BIUCHJ BAREILLY Towards Professional Excellence
बरेली इंटरनेशनल यूनिवर्सिटी, बरेली
बी.आई.यू. कॉलेज ऑफ ह्यूमनटीज एण्ड जर्नलिज्म
• बी.ए. (जर्नलिज्म) • एम.ए. (मास कम्युनिकेशन)
• बी.ए. (मास कम्युनिकेशन) • एम.ए. (अंग्रेजी)
• एम.ए. (जर्नलिज्म) • एम.ए. (मनोविज्ञान)
बी.आई.यू. कॉलेज ऑफ मैनेजमेंट
• बी.कॉम. (ऑनर्स) • एम.कॉम.
• बी.बी.ए. (फाइनेन्स एण्ड टेक्सेशन) • एम.बी.ए.
• बी.सी.ए. (आई.टी. एंड मल्टीमीडिया)
प्रवेश हेतु संपर्क करें :-
डॉ. आशीष शर्मा (9105500202)
श्रीमती रिचा गुप्ता (9105500404)
श्री अतुल बाबू (7409998289)

अमृत विचार एक सम्पूर्ण अखबार
क्लासीफाइड

सूचना
मेरा एन.सी.सी. 'सी' सर्टिफिकेट वास्तव में कहीं खो गया है। जिसमें मेरा 'बी' ग्रेड आया था। जिसका नं. UPSW/2012/149658 है। **शीबा खां पुत्री मो. शमीम खां निवासी लोधीपुर, शाहजहांपुर**

For Rent
House on Rent in Prime Location of Rampur Garden
3 Bedroom Set, Modular kitchen, Drawing Room , Dining Hall, Store room, Balcony, Terrace, Parking
Govt Officer Preferred Only.
Mob.: 9837891810

सूचना
सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मैंने अपने पुत्र नौशाद व पुत्रवधू आसिया के गलत आचरण एवं दुर्व्यवहार के कारण सम्बन्ध विच्छेद कर अपनी समस्त चल–अचल सम्पत्ति से बेदखल कर दिया है। भविष्य में उनके द्वारा किए गए किसी भी प्रकार के कृत्य के लिए वह स्वयं जिम्मेदार होंगे। मेरा व मेरे परिवार से कोई वास्ता नहीं होगा। **औसाफ पुत्र यूसुफ निवासी पकड़िया नौगवा नगर पंचायत थाना सुनगढ़ी तहसील व जिला पीलीभीत।**

आवश्यकता है
एक लड़की या महिला की हास्टल की देखभाल, खाना बनाने हेतु
आकर्षक वेतन (रहना, खाना)
गाँधी नगर, बरेली।
संपर्क करें- 9634260005, 9412148721

सूचना
मैं दिनांक 31.05.2024 को कचहरी जा रहा था। मेरे पास एक पॉलीथीन में ब्लू–मून लॉन से सम्बन्धित पुराने कागजात जिसमें एक मुख्तारनामा– वाहिच सं. पं. जिल्द 220 के पृष्ठ 11/13 दिनांकित 26/3/वा तथा एक मुख्तारनामा दिनांक 01.04.2021 वही सं. प. जिल्द 352 के पृष्ठ 319 से 328 क्रमांक 193 तथा एक बैनामा दिनांकित 30.03.91 पुस्तक सं. 1 खण्ड 34 पृष्ठ सं. 201–218 क्रमांक 1598 थे। रास्ते में यह कहीं गिर गये हैं। काफी तलाशने पर नहीं मिला। **तसलीम रज़ा खां पुत्र स्व. नवाब दुला खां, 102 जाग्रति नगर, थाना किला, बरेली**

आवश्यकता है
लड़के व लड़कियों के लिए फील्ड वर्क हेतु
Best Finance Solution
वेतन 5 अंकों में
मिलें 11 AM से 2 PM
35H/1A, निकट आनन्द आश्रम मन्दिर, रामपुर गार्डन, बरेली।
9675477414, 8279824300

वैधानिक सूचना :- समाचार पत्र में प्रकाशित किसी भी विज्ञापन जैसे टावर सम्बन्धी, नौकरी सम्बन्धी, ऋण सम्बन्धी या अन्य किसी भी प्रकार के विज्ञापन में पाठकों को सावधान किया जाता है। विज्ञापनदाता द्वारा किये गये दावे या उल्लेख, समर्थन की पुष्टि समाचार पत्र नहीं करता है।

## एक नजर

### संपत्ति बंटवारे में लाठी-डंडे चले, एक युवक घायल

**भुता, अमृत विचार :** संपत्ति बंटवारे को लेकर परिवार वालों में लाठी-डंडे चले जिसमें बड़ा भाई घायल हो गया। भुता के ग्राम उदयपुर भीकमपुर निवासी सूरजपाल उसकी मां राजकुमारी, भाई नाथू लाल और बहन गंगादेवी के बीच संपत्ति बंटवारे को लेकर को लेकर मारपीट हो गई, जिसमें सूरजपाल घायल हो गया। गांव वालों की सूचना पर उसे सीएचसी कुआंडांडा में भर्ती कराया। घायल ने आरोपियों पर रिपोर्ट दर्ज कराई। मां राजकुमारी का आरोप है कि बड़ा बेटा मेरी नाबालिक बेटी की शादीअपने साले से जबरन कराना चाहता है। विरोध करने पर वह मारपीट करता है। राजकुमारी ने भी बेटे के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कराई।

### सरकारी भूमि पर निर्माण को लेखपाल ने रुकवाया

**भोजीपुरा, अमृत विचार :** भोजीपुरा के गांव खजुआ जागीर के शिकायतकर्ताओं ने गांव के ही एक युवक पर ग्राम समाज की जमीन कब्जा कर अवैध निर्माण कराने की शिकायत उप जिलाधिकारी सदर रत्निका श्रीवास्तव से की है। शिकायतकर्ताओं ने बताया कि गांव की सरकारी जमीन पर गांव के ही सुराज अहमद मकान का निर्माण करा रहे हैं। शिकायत के आधार पर हल्का लेखपाल महेंद्र गंगवार मौके पर पहुंचे और निर्माण कार्य रुकवाते हुए कहां जांच के बाद ही कोई भी निर्माण कराया जाए। शुक्रवार को लेखपाल ने आसपास की जमीनों और मकानों का सर्वे किया। लेखपाल ने बताया कि रिपोर्ट जल्द एसडीएम को सौंप देंगे।

# महिला की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत, हत्या की आशंका जताई

## मायके वालों को सूचना दिए बगैर शव दफनाने जा रहे थे ससुराली

संवाददाता, नवाबगंज

**अमृत विचार :** नवाबगंज के जयनगर गांव में गृह क्लेश से तंग विवाहिता ने शनिवार को जहरीला पदार्थ खा लिया, जिसकी इलाज के दौरान मौत हो गई। उसके मायके वालों ने ससुरालियों पर दहेज हत्या का आरोप लगाते हुए चार के विरुद्ध रिपोर्ट दर्ज कराई है।

ग्राम खिजरपुर निवासी असलम शाह ने बेटी सना का निकाह जयनगर निवासी नसीम शाह से दो साल पहले किया था। सना दो दिन पहले ही चचेरी बहन की शादी से लौटकर ससुराल आई थी। उसका पति गांव में ही सैलून चलाता है। शनिवार सुबह किसी बात को लेकर पति पत्नी में झगड़ा हो गया। पति सुबह 9 खोखे पर चला गया। इसी बीच सना ने जहरीला पदार्थ खा लिया, खबर मिलते ही नसीम परिजन के साथ उसे इलाज के लिए कस्बे में लेकर आए, जहां से बरेली ले गए, लेकिन उसकी जान नहीं बच पाई। सना के पिता का आरोप है कि उसके ससुराल वालों ने उन्हें देर तक कोई सूचना नहीं दी और उसे दफनाने की तैयारी थे, इसी बीच किसी ने उन्हें फोन पर सूचना दी। सूचना मिलते ही कोतवाली पहुंचे असलम शाह ने सना के ससुरालियों पर जहर देकर मारने का आरोप लगाते हुए पुलिस को तहरीर दी, जिस पर पुलिस ने ग्राम में पहुंच कर शव का पंचनामा भर पीएम को भिजवा दिया। विवाहिता के पिता की तहरीर पर पुलिस ने पति नसीम शाह, पति के भाइयों वसीम और राशिद के साथ ही सास कनीजन के विरुद्ध रिपोर्ट दर्ज कर ली। सीओ हर्ष मोदी ने भी नायब तहसीलदार के साथ ग्राम में पहुंच कर स्थलीय निरीक्षण कर परिजनों से जानकारी ली।



महिला की मौत के बाद परिजनों ने जानकारी लेते पुलिस अधिकारी। ● अमृत विचार

### विवाहिता को मारपीट कर घर से निकाला

**दुनका, अमृत विचार :** दहेज लोभियों ने एक लाख रुपये के लिए विवाहिता को प्रताड़ित करके घर से निकाल दिया, विवाहिता ने थाने में तहरीर देकर रिपोर्ट दर्ज कराई। शाही थाना क्षेत्र के गांव संग्रामपुर की पारुल ऊर्फ शकुंतला की शादी भूपेंद्र से 24 मई 2021 को हुई थी। शकुंतला के माता-पिता ने सामर्थ्य के अनुसार दहेज दिया, किंतु ससुराल वाले एक लाख रुपये के लिए उसे प्रताड़ित करने लगे। पीड़िता ने बताया कि 31 मार्च 2024 को सभी मारपीट कर घर से निकाल दिया। उसने दूसरे

## बार एसोसिएशन ने तहसीलदार की एसडीएम से की शिकायत

संवाददाता, आंवला

**अमृत विचार :** आंवला बार एसोसिएशन ने तहसीलदार और उनके पेशकार पर गंभीर आरोप लगाकर एसडीएम से शिकायत कर जांच की मांग की है। बार एसोसिएशन अध्यक्ष अगरपाल सिंह एडवोकेट, महासचिव गजेंद्र कुमार सिंह ने दी शिकायत में बताया कि तहसीलदार और तहसीलदार न्यायिक न्यायालय में भ्रष्टाचार व्याप्त है।

अधिकारी और कर्मी नियम-कानून का पालन नहीं कर रहे हैं। बगैर रिश्वत के कोई काम नहीं कर रहे हैं। खतौनी में संशोधन के एक हजार, ईडब्ल्यूएस के पांच सौ, अंश प्रमाण पत्र के तीन सौ, विरासत के एक हजार, खतौनी पर आदेश के पांच सौ आदि कार्यों की कीमत तय कर रखी हैं। खतौनी पर अंकन के लिए पंद्रह सौ आवेदन पेंडिंग हैं। यदि निर्धारित धनराशि की रिश्वत नहीं दी जाती है। तो उस काम को नियम विरुद्ध बताकर निरस्त कर दिया जाता है। अधिवक्ताओं ने 27 अप्रैल को तहसीलदार से मिलकर रिश्वत का विरोध किया था। परंतु उन्होंने सुधार नहीं किया। अधिवक्ताओं ने बताया कि तहसीलदार की कार्यशैली और दुव्यर्वहार से आहत होकर आंवला बार एसोसिएशन न्यायालय कार्य से बहिष्कार किए हुए है। अधिवक्ताओं ने तहसीलदार और उनके पेशकार की जांच कर कार्रवाई की मांग की है।

> न्यायालय में किसी तरह की कोई रिश्वत नहीं ली जाती है। सारे काम नियमानुसार किए जाते हैं, उनके ऊपर लगाए गए सभी आरोप निराधार हैं।- **अर्चि गुप्ता**, तहसीलदार आंवला

> तहसीलदार और अधिवक्ताओं के बीच वार्ता कर मनमुटाव दूर कराया जाएगा। रिश्वत लेने की बात निराधार है। **-नहनेराम**, एसडीएम आंवला

### जेल से छूटने के बाद आरोपी ने घर में घुसकर पीटा

**आंवला, अमृत विचार :** एक युवक ने किशोर को बेरहमी से पीटा, जिसने पुलिस से शिकायत की। थाने से छूटने के बाद आरोपी ने पुन: घर में घुसकर मारपीट की। पीड़िता ने एसएसपी से कार्रवाई की गुहार लगाई। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज की है। महमूदपुर गांव निवासी धर्मपाल की पत्नी जयश्री ने बताया कि बीती 13 मई को उसका 13 वर्षीय बेटा राहुल भैंस चरा रहा था। इसी दौरान एक बैल गांव के ही विजय के खेत में पड़े भूसे को खाने लगा। विजय ने बैल उसके बेटे का समझकर उसे पकड़कर उसे मारापीटा। जिससे उसने डायल 112 पुलिस बुला ली, जो आरोपी को थाने ले गई। उसने आरोप लगाया कि थाने से छूटने के बाद आरोपी उसके घर आया और मारपीट कर गांव से भगाने की धमकी दी।

## सार-संक्षेप

### मोदी फिर प्रधानमंत्री बनें, कैबिनेट मंत्री ने की पूजा



**आंवला, अमृत विचार :** केंद्र में तीसरी बार नरेंद्र मोदी की फिर सरकार बने इसी कामना से कैबिनेट मंत्री धर्मपाल सिंह कान्हा गोशाला में गौपूजन, सुंदर कांड और हनुमान चालीसा का पाठ किया। उन्होंने गोशाला में गायों की देखरेख करने वाले गोसेवकों को सम्मानित किया। कान्हा गोशाला में शनिवार की सुबह कैबिनेट मंत्री पहुंचे और उन्होंने नगरपालिका परिषद की ओर से गायों की देखभाल के लिए लगाए गए गौसेवकों के साथ मिलकर गायों को स्नान कराया और गोशाला में स्वच्छता अभियान चलाया। उन्होंने सुंदरकांड और हनुमान चालीसा का पाठ कराकर गायों का पूजन किया और केला और गुड़ खिलाया। गायों की सेवा करने वाले गोसेवकों का तिलक कर अंग वस्त्र भेंट कर सम्मानित किया। उन्होंने गौमाता से प्रार्थना की कि अबकी बार फिर मोदी जी प्रधानमंत्री बने। इस अवसर पर पूर्व चेयरमैन संजीव सक्सेना, राम निवास मौर्या, ब्लॉक प्रमुख पति वेद प्रकाश यादव, मित्रपाल सिंह, प्रभाकर शर्मा, महिला मोर्चा अध्यक्ष मीना मौर्या, नगरपालिका चेयरमैन सय्यद आविद अली, अधिशासी अधिकारी जितेन्द्र कुमार आदि लोग मौजूद रहे।

### जीआरएम में समर कैंप का रंगारंग समापन



**बरेली, अमृत विचार :** नैनीताल रोड स्थित जीआरएम स्कूल के जूनियर और सीनियर विंग में चल रहे दस दिवसीय समर कैंप का शनिवार को समापन हुआ। इस मौके पर छात्रों ने नृत्य, गायन, वादन आदि की प्रस्तुति दी। मुख्य अतिथि जीआरएम ग्रुप ऑफ इंस्टीट्यूशंस के प्रबंधक राजेश जौली, ग्रुप की निदेशक ऋद्धि अग्रवाल ने सभी प्रतिभागियों को सम्मानित किया। प्राचार्य रनवीर सिंह रावत, जूनियर विंग की समन्वयक डा. विनीता सक्सेना, सानिया खान, अमीषा जमानी मौजूद रहीं।

### एनसीसी कैडेट्स को नई रोशनी योजना की दी जानकारी



बरेली, अमृत विचार : एनसीसी की 8 यूपी गर्ल्स बटालियन ने बरेली कॉलेज परिसर में शनिवार को नई रोशनी योजना के तहत व्याख्यान का आयोजन किया, जिसमें 92 कैडेट्स ने भाग लिया। कैप्टन बीनम सक्सेना ने बताया कि नई रोशनी योजना अल्पसंख्यक समुदाय की महिलाओं के कौशल और व्यक्तित्व विकास को बढ़ावा देती है। योजना के तहत मौलाना आजाद एजुकेशन फाउंडेशन की ओर से फंड दिया जाता है। इस दौरान लेफ्टिनेंट वंदना शर्मा, जीसीआई मोनिका शर्मा, सीएचएम जय प्रकाश साहू और नायक प्रदीपता कुमार मौजूद रहे।

### कुष्ठ आश्रम में वितरित किया भोजन



**बरेली, अमृत विचार :** मानव सेवा क्लब ने शनिवार को रामगंगा स्थित विवेकानंद कुष्ठ आश्रम में भोजन, फल और मिष्ठान का वितरण किया। क्लब के अध्यक्ष सुरेन्द्र बीनू सिन्हा ने कहा कि जरूरतमंदों की सेवा करना सर्वोत्तम सेवा है। डीडी शर्मा, सत्या शर्मा, प्रिय दर्शनी शर्मा, महेश चंद्र शर्मा, सत्येन्द्र सक्सेना, प्रकाश चंद्र, अरुणा सिन्हा, उमेश गुप्ता, पूनम गुप्ता मौजूद रहीं।

### उधार दिए 50 हजार मांगने पर दबंगों ने युवक को पीटा

कैंट, अमृत विचार : कैंट थाना क्षेत्र के ढिरिया निजाबत खां वार्ड नंबर 4 निवासी फखरुन निशा पत्नी फहीम खान ने बताया कि 28 मई को शाम 5 बजे उनका भाई फहीम खान ढिरिया निजाबत खां के वार्ड नंबर आठ निवासी छोटा के घर उधार दिए 50 हजार मांगने गया था। तकादा करने पर छोटा अखलाक, शानू व मोहसिन आदि लोग उसके साथ गाली गलौज करने लगे। विरोध करने पर लाठी डंडों से बुरी तरह पीटा। लोगों के एकत्र होने पर आरोपी जान से मारने की धमकी देते हुए फरार हो गए।

### मतगणना के लिए महानगर कांग्रेस ने की बैठक



**बरेली, अमृत विचार :** चार जून को होने वाली मतगणना को लेकर महानगर कांग्रेस कमेटी ने शनिवार को एक होटल में बैठक की, जिसमें महानगर अध्यक्ष अजय शुक्ला ने कहा कि पदाधिकारी और कार्यकर्ता मतगणना स्थल पर जाएंगे। जनता ने लोकसभा चुनाव में इंडिया गठबंधन के प्रत्याशियों को भरपूर वोट दिया है। महेश पंडित, योगेश जौहरी, महसर, सादिक अंसारी, जहीरूद्दीन, मसूद पीरजादा, सरवत हुसैन हाशमी, राजेश कुमार, हाजी सुल्तान, मुकेश वाल्मीकि आदि मौजूद रहे।

### रेलवे फाटक के पास से अज्ञात युवक का शव बरामद

**बरेली, अमृत विचार :** नवदिया रेलवे फाटक के पास से पुलिस ने देर रात अज्ञात युवक को शव बरामद किया है। मोहल्ला स्वलेनगर निवासी छोटेलाल ने शनिवार देर रात किला थाना पुलिस को सूचना दी थी। पुलिस ने शव पोस्टमार्टम के लिए भेजा है।

### पति और ननद के खिलाफ दहेज उत्पीड़न की रिपोर्ट

**अमृत विचार, भोजीपुरा :** महिला ने पति और ननद के खिलाफ दहेज उत्पीड़न की रिपोर्ट दर्ज कराई। अनुसूचित जाति की महिला ने बताया कि उसने ग्यारह साल पहले एक सवर्ण जाति के युवक से प्रेम विवाह किया था। महिला ने पति और ननद के खिलाफ दहेज उत्पीड़न और जाति सूचक शब्दों का प्रयोग करने का आरोप लगाकर रिपोर्ट कराई हैं। भोजीपुरा के पीपलसाना चौधरी निवासी दीपक शर्मा ने ग्यारह साल पहले एक अनुसूचित जाति की महिला से प्रेम विवाह किया था। महिला पदमा का आरोप है कि पति शराब पीकर उससे मारपीट करता है और जाति सूचक शब्दों का प्रयोग करता है। ननद हर्षिता शर्मा भी उससे प्रताड़ित करती है।

### दुष्कर्म के आरोपी की जमानत अर्जी मंजूर

**विधि संवाददाता, बरेली, अमृत विचार :** किशोरी को बहलाकर ले जाने के बाद दुष्कर्म करने के आरोपी फरीदपुर करपिया निवासी राजन बाबू की जमानत अर्जी स्पेशल जज पॉक्सो एक्ट कुमार मयंक ने मंजूर कर ली। आरोपी 16 मार्च से जेल में बंद था। बचाव पक्ष के वकील अजय कुमार ने आरोपी को झूठा फंसाने का तर्क दिया था। पीड़िता के पिता ने थाना फरीदपुर में 5 मार्च को तहरीर देकर बताया कि 3 मार्च को पुत्री को राजन बाबू और कृष्णपाल बहलाकर ले गए थे। पीड़िता ने बयान में आपसी सहमति से शारीरिक संबंध बनने की बात कबूली थी।

### सामूहिक दुष्कर्म के आरोपी की जमानत अर्जी नामंजूर

**विधि संवाददाता, बरेली, अमृत विचार :** किशोरी का अपहरण कर सामूहिक दुष्कर्म के मामले में आरोपी देवरनियां पिपरा नानककार निवासी लाखन सिंह की जमानत अर्जी पॉक्सो एक्ट कोर्ट के स्पेशल जज उमाशंकर ने खारिज कर दी। सरकारी वकील राजीव तिवारी ने बताया कि पीड़िता के पिता ने थाना सिरौली में तहरीर देकर बताया कि उसकी पुत्री का अपहरण का गैंगरेप किया गया।

### पालिका सख्ती से करेगा दुकानदारों से वसूली

**बहेड़ी, अमृत विचार :** सरकार के राजस्व वसूली के लिए विशेष जोर देने के बाद पालिका प्रशासन ने सख्त रुख अपनाया है। बकायादारों के दुकानों को सीज करने का फैसला लिया गया है। शनिवार को राजस्व निरीक्षक विपिन कुमार की टीम पूरन लाल की दुकान पर कार्रवाई करने पहुंची। उन पर पालिका परिषद का 3.21 लाख रुपये बकाया है। टीम के तेवर देख दुकान मालिक ने एक लाख का चेक तुरंत दे दिया और बकाया राशि को भी जल्दी जमा कर देने का आश्वासन दिया।

### बच्चे को डंडे से पीटने वाले पर रिपोर्ट दर्ज

**बहेड़ी, अमृत विचार :** मोहल्ला जाजूनागर निवासी युवक ने शुक्रवार को चार साल के बच्चे को डंडे से पीटा था, क्योंकि वह रास्ते में खेल रहा था, उसके आवाज लगाने के बाद भी वह नहीं हट रहा था। पुलिस ने तहरीर के आधार पर आरोपी पर रिपोर्ट दर्ज कर ली। खैरुन्निशा ने बताया कि उसका चार साल का पोता अरसलान मस्जिद के निकट अन्य बच्चों के साथ खेल रहा था। उसी दौरान मोहल्ले का ही मदन लाल मिट्टी से भरा डनलप लेकर गुजरा। उसके रास्ते से हटने की आवाज लगाने पर वह नहीं हटा तो आरोपी ने उसके साथ मारपीट की थी।

### मनौना मंदिर परिसर से मोबाइल चोर दबोचा

**आंवला, अमृत विचार :** मनौना मंदिर परिसर में लगी एक दुकान से एक युवक ने मोबाइल चुरा लिया। दुकानदारों ने खोजबीन करके उसे पकड़कर पुलिस को सौंप दिया। पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज कर आरोपी को न्यायालय भेजा, जहां से जेल भेज दिया गया। बदायूं के मोहल्ला खिन्नी निवासी मुनीश कुमार ने बताया कि वह मनौना के श्री खाटूश्यामजी मंदिर परिसर में पकौड़ी की दुकान चलाता है। शुक्रवार रात एक युवक पकौड़ी खाकर उसकी दुकान पर ही बैठ गया। रात दो बजे उसकी मां को नींद आ गई। इसी बीच वह मोबाइल लेकर फरार हो गया।


Admission Open 2024-25 Admission Open 2024-25

KESHLATA COLLEGE
OF NURSING AND PARAMEDICAL INSTITUTE
Affiliated to Atal Bihari Vajpayee Medical University, Lucknow (UP) - Approved by INC, PCI, New Delhi
Affiliated to U.P. State Medical Faculty, Lucknow (UP), Email : kconbly2012@gmail.com, Web : www.keshlatanursing.com

Nursing Courses
- B.Sc. Nursing (4 Year)
- Post Basic B.Sc. Nursing (2 Year)
- G.N.M (3 Year)
- A.N.M (2 Year)

Paramedical Diploma Courses (2 Year)
- O.T. Technician
- Optometry
- Cardiology
- Physiotherapy
- C.T. Scan

Pharmacy Course (2 Year)
- D. Pharma

Facilities Available
- QCI Rating 'A' Institute
- Scholarship Facility
- Smart Classes
- 100% Placement
- Clinical Training in 1050 Beded Hospital
- Experienced Faculty
- Well Equipped Computer Lab.
- Library
- Modern Specialization Laboratory
- Value Added Courses
- Field Visits
- Wi-Fi & Lush Green Campus
- Hostel
- Education Loan Available

Campus : Keshlata Hospital, Delapeer, Stadium Road, Bareilly-243122
Mob. 9412289231, 9837052422, 7983676609, 6395492431



बरेली इंटरनेशनल विश्वविद्यालय
प्रवेश प्रारम्भ
सत्र : 2024-25

Accreditations, Affiliations & Approvals
University Grants Commission of India · Medical Council Of India · Dental Council of India · Pharmacy Council of India · Indian Nursing Council · Uttar Pradesh Nursing & Midwives Council · Association of Indian Universities · Uttar Pradesh State Medical Faculty

प्रस्तुत पाठ्यक्रम
CUET (UG/PG) स्कोर स्वीकृत और CUET (UG/PG) में सूचीबद्ध

मेडिकल साइसेंज
एमएससी मेडिकल (एनाटॉमी/बायोकेमिस्ट्री/माइक्रोबायोलॉजी/फार्माकोलॉजी/फिजियोलोजी)

डेन्टल साइंसेज
डिप्लोमा - डेंटल हाइजिनिस्ट/डिप्लोमा - डेंटल मैकेनिक्स

नर्सिंग विज्ञान
एएनएम/जीएनएम/बीएससी नर्सिंग/पोस्ट बेसिक बीएससी नर्सिंग/निर्स प्रक्टिशनर इन क्रिटिकल केयर (NPPCC)/एमएससी नर्सिंग (मेडिकल सर्जिकल/चाइल्ड हेल्थ/मेंटल हेल्थ/अब्स्टेट्रिक्स एवं गायनेकोलॉजिस्ट)

फार्मेसी
डी. फार्मा/बी. फार्मा/एम फार्मा (फार्माकोलॉजी/फार्मास्यूटिक्स)

पैरामेडिकल साइंसेज
डिप्लोमा इन मेडिकल लैब तकनीशियन (DMLT)/डिप्लोमा इन एक्स-रे तकनीशियन/डिप्लोमा इन डायलिसिस तकनीशियन/डिप्लोमा इन इमरजेंसी और ट्रामाकेयर/डिप्लोमा इन एम आर आई तकनीशियन/बैचलर इन फिजियोथेरेपी (BPT)/बैचलर इन मेडिकल लेबोरेटरी (BMLT)/बैचलर ऑफ रेडियोलॉजी एंड इमेजिंग टेक्नोलॉजी (BRIT)/बीएससी (ऑप्टोमेट्री)

फोरेंसिक साइंसेज
बीएससी फोरेंसिक विज्ञान

मैनेजमेंट एंड कॉमर्स
बी.कॉम (ऑनर्स)/बीबीए (Finance & Texation)/बीसीए (आईटी और मल्टीमीडिया)/एम.कॉम (ऑनर्स)/मास्टर ऑफ बिजनेस एडमिनिस्ट्रेशन (MBA)/मास्टर ऑफ हॉस्पिटल एडमिनिस्ट्रेशन (MHA)/मास्टर ऑफ पब्लिक हेल्थ (MPH)

ह्यूमैनिटीज एंड जर्नलिज्म
बी.ए (पत्रकारिता)/बी.ए (जनसंचार)/एम.ए (अंग्रेजी)/एम.ए (मनोविज्ञान)/एम.ए (पत्रकारिता)/एमए (जनसंचार)

योगा एंड नेचुरोपैथी
पीजी डिप्लोमा इन योगा एंड नेचुरोपैथी (PGDYN)

अधिक जानकारी के लिए सम्पर्क करें - 9105500202, 9105500404, फोन-0581-2526153, 051, 053
पता : एडमिशन सेल, एडमिनिस्ट्रेटिव ब्लॉक, बरेली इंटरनेशनल यूनिवर्सिटी, रोहिलखंड मेडिकल कॉलेज कैंपस, बरेली, पिन कोड-243006 (उ.प्र.)
E-mail : admission@biu.edu.in


## बीसलपुर किसान सहकारी चीनी मिल लि.
### बीसलपुर (पीलीभीत)

पत्रांक : बी.के.एस./क्रय/2024-25/309 दिनांक : 30.05.2024

### ई-निविदा सूचना

इस मिल समिति में वर्ष 2024-25 में निम्न सामानों की आपूर्ति एवं ठेके के कार्यो हेतु अनुभवी पार्टियों से ई निविदायें अंकित तिथि तक एवं अंकित धरोहर राशि जमा करने के उपरांत आमंत्रित की जाती है। ई निविदा की नियम एवं शर्ते व विस्तृत विवरण www.etender.up.nic.in से एवं संघ कार्यालय लखनऊ की वेबसाइट www.upsugarfed.org से डाउनलोड की जा सकती है।

| क्र. सं. | कार्य विवरण | निविदा लोड करने की तिथि सायं 6:55 बजे तक | निविदा अपलोड करने की अन्तिम तिथि सायं 6:55 बजे तक | टेक्नीकल बिड खोलने की तिथि अपरान्ह 12:00 बजे | कामर्शियल बिड की तिथि अपरान्ह 3:00 बजे | धरोहर राशि |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1. | अन्य चीनी मिलों से लूज़ बैगास का परिवहन कार्य | 10.06.2024 | 18.06.2024 | 19.06.2024 | 19.06.2024 | 50000/- |
| 2. | आक्सीजन गैस की आपूर्ति | 10.06.2024 | 18.06.2024 | 19.06.2024 | 19.06.2024 | 5000/- |
| 3. | रिफैक्ट्री सामानों की आपूर्ति | 10.06.2024 | 18.06.2024 | 19.06.2024 | 19.06.2024 | 10000/- |
| 4. | सी.आई./जी.एम. कास्टिंग व कन्वर्जन सामानों की आपूर्ति | 10.06.2024 | 18.06.2024 | 19.06.2024 | 19.06.2024 | 5000/- |
| 5. | सी.एस. कास्टिंग व कन्वर्जन सामानों की आपूर्ति | 10.06.2024 | 18.06.2024 | 19.06.2024 | 19.06.2024 | 20000/- |
| 6. | मशीनों सामानों की आपूर्ति | 10.06.2024 | 18.06.2024 | 19.06.2024 | 19.06.2024 | 5000/- |
| 7. | क्लीनिंग उपकरण की आपूर्ति | 11.06.2024 | 19.06.2024 | 20.06.2024 | 20.06.2024 | 5000/- |
| 8. | जनरल हार्डवेयर सामानों की आपूर्ति | 11.06.2024 | 19.06.2024 | 20.06.2024 | 20.06.2024 | 5000/- |
| 9. | नट बोल्ट की आपूर्ति | 11.06.2024 | 19.06.2024 | 20.06.2024 | 20.06.2024 | 5000/- |
| 10. | लिफिटिंग मैटेरियल की आपूर्ति | 11.06.2024 | 19.06.2024 | 20.06.2024 | 20.06.2024 | 5000/- |
| 11. | टूल टैकिल्स एवं पाइप फिटिंग की आपूर्ति | 11.06.2024 | 19.06.2024 | 20.06.2024 | 20.06.2024 | 5000/- |
| 12. | पैकिंग ज्वाइटिंग की आपूर्ति | 12.06.2024 | 20.06.2024 | 21.06.2024 | 21.06.2024 | 5000/- |
| 13. | सी.आई. स्लूस बल्ब की आपूर्ति | 12.06.2024 | 20.06.2024 | 21.06.2024 | 21.06.2024 | 5000/- |
| 14. | जनरल इलैक्ट्रिकल सामानों की आपूर्ति | 12.06.2024 | 20.06.2024 | 21.06.2024 | 21.06.2024 | 5000/- |
| 15. | स्विचगेयर सामानों की आपूर्ति | 12.06.2024 | 20.06.2024 | 21.06.2024 | 21.06.2024 | 5000/- |
| 16. | पी.वी.सी. केबिल की आपूर्ति | 12.06.2024 | 20.06.2024 | 21.06.2024 | 21.06.2024 | 5000/- |
| 17. | रबर गोल्डेड सामानों की आपूर्ति | 13.06.2024 | 21.06.2024 | 22.06.2024 | 22.06.2024 | 5000/- |
| 18. | रबर की बेल्ट की आपूर्ति | 13.06.2024 | 21.06.2024 | 22.06.2024 | 22.06.2024 | 5000/- |
| 19. | नया डी.जी. सेट 63 केवीए की आपूर्ति एवं स्थापना कार्य | 13.06.2024 | 21.06.2024 | 22.06.2024 | 22.06.2024 | 20000/- |
| 20. | सी.एस. ट्रांसमिशन गेयर (204 दांते) की आपूर्ति | 13.06.2024 | 21.06.2024 | 22.06.2024 | 22.06.2024 | 40000/- |
| 21. | नया हाइड्रोलिक ग्रैब (05 टन) की आपूर्ति एवं स्थापना कार्य | 13.06.2024 | 21.06.2024 | 22.06.2024 | 22.06.2024 | 15000/- |
| 22. | 30 टन क्षमता के आई.डी. फैन की आपूर्ति एवं स्थापना कार्य | 14.06.2024 | 24.06.2024 | 25.06.2024 | 25.06.2024 | 10000/- |
| 23. | मैगनेटिक स्टीम फ्लोमीटर की आपूर्ति एवं स्थापना कार्य | 14.06.2024 | 24.06.2024 | 25.06.2024 | 25.06.2024 | 20000/- |
| 24. | कापर लाइनर एवं एस.एस. वायरनेटिंग की आपूर्ति | 14.06.2024 | 24.06.2024 | 25.06.2024 | 25.06.2024 | 5000/- |
| 25. | निकिल स्क्रीन की आपूर्ति | 14.06.2024 | 24.06.2024 | 25.06.2024 | 25.06.2024 | 10000/- |
| 26. | मोटर रिवाइडिंग कार्य | 14.06.2024 | 24.06.2024 | 25.06.2024 | 25.06.2024 | 10000/- |

अधोहस्ताक्षरी को निविदा की शर्तो में परिवर्तन करने एवं बिना कारण बताये एक या समस्त ई निविदायें निरस्त करने का अधिकार सुरक्षित होगा।

(जय प्रकाश)
पी.सी.एस.
प्रधान प्रबन्धक

# प्राचीन राष्ट्र भारत

भारत प्राचीन राष्ट्र है,लेकिन कई यूरोपीय और देश के वाम विचार के विद्वान भारत को राष्ट्र नहीं मानते। इस विशाल देश में अनेक बोलियां, अनेक रीति रिवाज व अनेक भाषाएं हैं। वामपंथी इतिहासकार रामशरण शर्मा ने 'प्रारंभिक भारत का परिचय' में भारतीय संस्कृति को विलक्षण बताया है। यह शर्मा जी की लिखी सुंदर किताब है। उन्होंने लिखा है, "भारत अनेकानेक मानव प्रजातियों का संगम रहा है। प्राक् आर्य, हिन्द आर्य, यूनानी, शक, हूण और तुर्क आदि प्रजातियों ने भारत को अपना घर बनाया है। प्रत्येक प्रजाति ने भारतीय सामाजिक व्यवस्था,शिल्प कला, वास्तु कला और साहित्य के विकास में यथाशक्ति अपना अपना योग दिया है। सभी समुदाय और उनके सांस्कृतिक वैशिष्ट्य इस तरह मिल गए हैं कि उनमें से किसी को हम उनके मूल रूप में पहचान भी नहीं सकते।" यूनानी, शक, हूण आदि इस तरह मिल गए कि उन्हें पहचानना कठिन है। शर्मा ने इस घुलनशीलता का श्रेय मूल भारतीय आर्य संस्कृति को नहीं दिया। इस्लाम भारतीय समाज में घुल नहीं पाया। ब्रिटिशों ने भारतीय संस्कृति, इतिहास परंपरा और दर्शन को परलोकवादी बताया। दुर्भाग्य से उनके निष्कर्ष यहां 'आधुनिक' कहे जाते हैं। यह चुनौती बड़ी है। देश में बाहर से आई प्रजातियों के योगदान की प्रशंसा उचित है। कला और साहित्य के विकास में भी उनके योगदान का उल्लेख सही है,लेकिन शर्मा जी ने यहां के मूल निवासी अभिजनों के रचनात्मक कार्यों की ओर ध्यान नहीं दिया है।

भारत में वैदिक काल में ही शिल्प, वास्तु और साहित्य का विकास हो चुका था। भारत के लोग राष्ट्रीय एकता के लिए सक्रिय रहे हैं। इसका मूल कारण उनके चित्त में सक्रिय सांस्कृतिक राष्ट्रभाव था। रामशरण शर्मा ने भी लिखा है, "भारत के लोगों ने इस विशाल उपमहाद्वीप को एक अखंड देश समझा। सारे देश को भरत नामक एक प्राचीन वंश के नाम पर 'भारतवर्ष' नाम दिया गया।" ऋग्वेद के अनेक ऋषि भरतजन हैं। ऋग्वेद में इनकी चर्चा है। शर्मा ने लिखा है, "हिमालय से समुद्र तक फैली यह भूमि को सार्वभौम राजा के द्वारा शासित क्षेत्र के रूप में कल्पित है। हिमालय से कन्याकुमारी तक। पूर्व में ब्रह्मपुत्र की घाटी से पश्चिम में सिंधु पार तक अपना राज्य फैलाने वाले राजाओं का व्यापक यशोगान किया है।" राष्ट्र



हृदय नारायण दीक्षित
पूर्व विधानसभा अध्यक्ष उ.प्र.

**ब्रिटेन ने भारत का शासन हथिया लिया। शासन चलाने के लिए उन्हें भारतीय इतिहास की जानकारी की आवश्यकता प्रतीत हुई। 1765 में बंगाल और बिहार ईस्ट इंडिया कंपनी के शासन में आ गए। अंग्रेज शासकों के सामने काफी कठिनाइयां आईं। हिन्दुओं के उत्तराधिकार की न्याय व्यवस्था के संचालन में कठिनाई आई।**

यहां के निवासियों के लिए आराध्य रहा है। सो इस अखंड देश का राजा यशस्वी होना चाहिए। ऐसे राजा प्राचीन काल में चक्रवर्ती कहलाते थे। देश के बड़े भूभाग की राजनैतिक एकता का स्वप्न काल्पनिक नहीं था। ईसा पूर्व तीसरी सदी में अशोक ने अपना साम्राज्य सुदूर दक्षिणांचल को छोड़कर सारे देश में फैलाया। इसके पहले चन्द्रगुप्त मौर्य का शासन भी उल्लेखनीय है। चैथी सदी में समुद्रगुप्त की विजय यात्रा गंगा की घाटी से तमिल देश के छोर तक पहुंची थी। शर्मा ने याद दिलाया है कि राजनैतिक एकता के अभाव में भी सारे देश में राजनैतिक ढांचा कमोबेश एक जैसा था। इसका कारण संस्कृति है।

सांस्कृतिक एकता महत्वपूर्ण होती है। यहां सांस्कृतिक एकता मजबूत करने के प्रयास जारी रहे हैं। ईसा पूर्व तीसरी सदी में प्राकृत भाषा काफी बड़े हिस्से में प्रयुक्त होती थी। अशोक के शिलालेख प्राकृत और ब्राह्मी लिपि में लिखे गए। शर्मा जी ने संस्कृत भाषा के संबंध में सही बात लिखी है, "बाद में संस्कृत ने प्रतिष्ठित स्थान पाया। संस्कृत देश के अधिकांश हिस्सों में राजभाषा के रूप में स्वीकृत थी।" प्राचीन भारत का इतिहास प्रेरक है। भारतीय विद्वानों ने हस्तलिखित महाकाव्यों और पुराणों आदि में अपने प्राचीन इतिहास को लगातार व्यवस्थित करने का काम जारी रखा,लेकिन यूरोपीय विद्वानों की शिकायत है कि प्राचीन भारत के इतिहास में इतिहास लेखन की यूरोपीय शैली नहीं मिलती।

ब्रिटेन ने भारत का शासन हथिया लिया। शासन चलाने के लिए उन्हें भारतीय इतिहास की जानकारी की आवश्यकता प्रतीत हुई। 1765 में बंगाल और बिहार ईस्ट इंडिया कंपनी के शासन में आ गए। अंग्रेज शासकों के सामने काफी कठिनाइयां आईं। हिन्दुओं के उत्तराधिकार की न्याय व्यवस्था के संचालन में कठिनाई आई। भारत की विधि व्यवस्था पर अलग-अलग प्राचीन ग्रंथों में सामग्री थी। रामशरण शर्मा ने बताया है कि 1776 में सबसे अधिक प्रामाणिक मानी जाने वाली मनुस्मृति का अंग्रेजी अनुवाद 'ए कोड ऑफ जेंटू लॉज' के नाम से किया गया। 1784 में कोलकाता में ईस्ट इंडिया कम्पनी के सिविल सर्वेंट विलियम जोंस (1746-1794) ने 'एशियाटिक सोसाइटी ऑफ बंगाल' नामक शोध संस्था की स्थापना की। दिलचस्प बात यह है कि जोंस ने 1789 में कालिदास के 'अभिज्ञान शाकुंतलम' नामक नाटक का अंग्रेजी में अनुवाद किया। एक विद्वान विलकिंस ने भगवद्गीता का अंग्रेजी अनुवाद किया। एशियाटिक सोसाइटी काफी चर्चा में थी। मुम्बई में भी एशियाटिक सोसाइटी की स्थापना हुई और लंदन में भी। विलियम जोंस ने लिखा है कि मूलतः यूरोपीय भाषाएं संस्कृत और ईरानी भाषाओं से बहुत मिलती हैं। यह बड़ा तथ्य था। उन्होंने संस्कृत की प्रशंसा की।

जर्मनी, फ्रांस, रूस आदि यूरोपीय देशों में भारतीय दर्शन के प्रति विद्वानों में आकर्षण बढ़ा। जर्मनी के विद्वान मैक्समूलर (1823-1902) ने वैदिक साहित्य का अनुवाद किया। अंग्रेज 1857 के विद्रोह से परेशान थे। उन्हें अनुमान हो गया कि भारत जैसे विशाल देश पर राज करना आसान नहीं है। भारतीय परपंराओं और सामाजिक व्यवस्था का अध्ययन जरूरी था। ईसाई मिशनरी धर्मांतरण के लिए सक्रिय थे। वे भी हिन्दू धर्म की खामियां बढ़ा चढ़ाकर बता रहे थे। ईसाई धर्मांतरण का उद्देश्य ब्रिटिश साम्राज्य की मजबूती था। लेकिन भारतीय दर्शन के प्रति पूरे यूरोप में रुचि बढ़ रही थी। मैक्समूलर के सम्पादन में प्राचीन भारतीय ग्रंथों का बड़ी मात्रा में अनुवाद हुआ। यह अनुवाद 'सैकरेड बुक्स ऑफ दि ईस्ट' सीरीज में लगभग 50 खण्डों में संकलित है।

पाश्चात्य विद्वानों ने जानबूझकर निष्कर्ष निकाला कि प्राचीन भारत के लोगों को इतिहास का विशेषतया काल और तिथि क्रम का बोध नहीं था कि भारत के लोग स्वेच्छाकारी शासन के आदी रहे हैं। वे आध्यात्मिक या पारलौकिक समस्याओं में ही डूबे रहे। पाश्चात्य विद्वानों ने कहा कि भारतवासियों को राष्ट्रीय भावना का अहसास नहीं था। ऐसे सारे निष्कर्षों के आधार पर विंसेंट स्मिथ की पुस्तक 'अर्ली हिस्ट्री ऑफ इंडिया' चर्चा का विषय रहती है। उनका दावा है यह प्राचीन भारत का पहला सुव्यवस्थित इतिहास है। भारत के विरुद्ध सारे आरोप मिथ्या थे। कालिदास ने रघुवंश में राम के समय के इतिहास-बोध की चर्चा की है। भवभूति, कालिदास और राजशेखर ने रामायण को इतिहास बताया है। बौद्ध जातकों में अयोध्या के इक्ष्वाकुवंशीय मांधाता, दशरथ और राम का उल्लेख है। बौद्ध पंथ अंधविश्वासी नहीं है। राम भारत की श्रुति व स्मृति में हैं। कुछेक राजनेता, वामदल और विद्वान राम को इतिहास नहीं मानते। दरअसल भारत ने यूरोपीय तर्ज पर इतिहास संकलन नहीं किया। अलबरूनी का भी आरोप था-''हिन्दू चीजों के ऐतिहासिक क्रम पर अधिक ध्यान नहीं देते, वे अपने सम्राटों के काल क्रमानुसार उत्तराधिकार के वर्णन में लापरवाह हैं।" भारत ने राजाओं की विवरणी नहीं बनाई। भारतीय इतिहासकारों का मुंह भविष्य की ओर था। उन्होंने इतिहास से अनुकरणीय पात्र छाटें, उन्हें काव्य और गीत बनाया। लोकस्मृति ने बुद्धि में सुरक्षित जगह दी और लोकमन ने हृदय में। राजा और राज्य बहुत हुए,लेकिन राम राज्य ने गांधी को भी मोहित किया। आधुनिकता अंग्रेजी सभ्यता की नकल नहीं हो सकती।

# प्रकृति से लड़ पाना अत्यंत कठिन

लंबे अरसे से प्राकृतिक संसाधनों के साथ छेड़छाड़ का जवाबी प्रहार यह होने हो रहा है कि आसमान से आग बरसने लगी है। प्रचंड धूप से लोकतंत्र का महापर्व में मतदान भी प्रभावित हुआ है। तमाम प्रयासों के बावजूद मतदान में गिरावट के पीछे प्रकृति के प्रकोप को भी माना जा रहा है।

**एक घने वृक्ष पर अनेक जीव-जंतु परिवार के सदस्यों की तरह ही शरण पाते हैं। इसका उदाहरण त्रेतायुग में रावण द्वारा अपहृत माता सीता की खोज के समय भगवान श्रीराम वृक्षों के संरक्षण में रहने वाले पशु-पक्षियों से सीता का पता पूछते हैं। पेड़ों पर आश्रित पक्षियों में जटायु ने श्रीराम की मदद भी की।**

दरअसल प्रकृति के सबसे बड़े संरक्षक वृक्ष होते हैं। ऐसी भी प्रजाति के वृक्ष होते हैं,जो ग्रीष्म ऋतु में सूर्य की प्रचंड और घातक किरणों को धरती पर आने से पहले खुद झेलकर अवशोषित तथा निष्प्रभावी कर देते हैं। जिस तरह देश की सीमाओं पर तैनात सेना के जवान दुश्मन राष्ट्र की ओर से होने वाले आघातों को रोकते हैं,ठीक उसी तरह की भूमिका पेड़ निभाते हैं और अंतरिक्ष से आने वाले घातक शत्रु-दल को निष्प्रभावी कर देते हैं,लेकिन विकास तथा आधुनिकीकरण के चलते पृथ्वी के संरक्षक वृक्षों पर सर्वाधिक प्रहार किया जा रहा है। जब अपने संरक्षक पर ही चोट होगी तब उसके घातक परिणाम भुगतने ही होंगे।



सलिल पांडेय
मिर्जापुर

यदि देखा जाए तो पेड़ों का भी अपना परिवार होता है। एक घने वृक्ष पर अनेक जीव-जंतु परिवार के सदस्यों की तरह ही शरण पाते हैं। इसका उदाहरण त्रेतायुग में रावण द्वारा अपहृत माता सीता की खोज के वक्त भगवान श्रीराम वृक्षों के संरक्षण में रहने वाले पशु-पक्षियों से सीता का पता पूछते हैं। पेड़ों पर आश्रित पक्षियों में जटायु ने श्रीराम की मदद भी की। यदि पूरे वन-क्षेत्र में पेड़ न होते तो शायद श्रीराम को सीता का पता पाने में कठिनाई होती। पेड़ों को धरती पर रहने में सहयोगी भूमिका अदा करने के चलते भारतीय संस्कृति में पेड़ों की पूजा का विधान किया गया है। यहां तक हर मांगलिक कार्यक्रमों में 'स्वस्तिवाचन' मंत्रों को पढ़ते समय वनस्पतियों के साथ पंचभौतिक जल, अग्नि, औषधि, पृथ्वी, अंतरिक्ष आदि की शांति की कामना की जाती है। वृक्षों की पूजा में जलदान एवं खाद्य पदार्थ आदि के अर्पित करने के पीछे यही उद्देश्य रहा है कि पेड़ों की छत्रछाया में रहने वाले जीव-जंतु भी आहार प्राप्त कर सकें।

पेड़ों के कटने से ऐसे तमाम जीव-जंतु तथा विषाणु जिन्हें वृक्ष अपने अधीन रखते थे, वे मानव आबादी की तरफ भाग रहे हैं जिसका प्रभाव यह है कि बीमारियां बढ़ रही हैं और संक्रामक रोगों का आक्रमण भी हो रहा है। इन स्थितियों को देखते हुए ऋषियों द्वारा 'वसुधैव कुटुंबकम्' के बताए गए सिद्धांत के तहत पंच भौतिक तत्वों को भी कुटुंब का सदस्य मानना पड़ेगा वरना प्रकृति की जवाबी कार्रवाई को झेल पाना कठिन होगा।

# क्यों इंतजार है चुनाव नतीजों का

अब चुनाव नतीजे का इंतजार है। मैं उन व्यक्तियों में नहीं हूं,जो सोचते हैं कि यह चुनाव तय कर देगा कि देश में लोकतंत्र बचेगा या नहीं। या तय हो जाएगा कि भारत धार्मिक राष्ट्र बन जाएगा या सेकुलर रहेगा। मैं इतनी आसानी से कुछ भी होते नहीं देख पा रहा हूं, भले यह देश फिलहाल लोकतंत्र और सेकुलर भावना से काफी दूर चला गया है। जटिलताएं बढ़ी हैं। अतः इसी लोकसभा चुनाव से सब कुछ तय होने जा रहा है, ऐसा नहीं है। फिर भी क्यों इंतजार है चुनाव नतीजों का? बस यह देखने के लिए कि इस युग के एक बड़े ढोंग और पतन से हमारा देश कितनी ताकत से लड़ रहा था। वह कितना लड़ पाया,उसकी हजारों साल की उदात्त मानवीय ताकत और धार्मिक राष्ट्रवाद की सौ सालों की सामुदायिक ताकत में फिलहाल कौन भारी पड़ा?



शंभुनाथ
सेवानिवृत्त प्रोफेसर, कोलकाता

**पहले के चुनावों में कठोर वक्तव्य होते थे, पर 'भाषा का चीरहरण' पहली बार हुआ। यह मानो शालीनता से पूर्णत: विदाई हो! चिंताजनक है, गिरने की होड़ में पब्लिक से बार-बार हंकारी लगाकर जनसभाओं में उसे भी व्यापक रूप से शामिल किया गया। इतना सतहीपन कभी नहीं देखा गया। 2024 के चुनाव प्रचार में भारत की महान ऐतिहासिक विरासत को अंधेरे में फेंक दिया गया। चुनाव में नजर आया कि यह देश अपने इतिहास की सारी उच्च परंपराओं से विच्छिन्न होकर धर्म, जाति और प्रांतीयता पर आधारित 'भिन्नता' की मिथकीय छवियों में खो गया है। दुखद रूप से गांधी सहित कई महापुरुषों का लगातार अपमान किया गया या महापुरुष महज पोस्टर बना दिए।**



हमें चुनाव के नतीजों से देखना यह है कि भारत ने अपनी भारतीयता को कितना पुनरुपलब्ध किया है और अभी 'भारतीय पुनर्निर्माण' के लिए आत्मनिरीक्षण, आत्मसुधार और संघर्ष करना कितना बाकी है। हमें इस पर सोचना है कि अब अधिक उदार होकर किस तरह पहले से ज्यादा मेहनत करनी होगी और भारतीय एकता के लिए अपने को सुधारना होगा, ताकि एक बड़ी समवेत आवाज बन सके।


स्पष्ट है, आगे का रास्ता किसी के लिए भी बड़ा कठिन है। एग्जिट पोल पर भरोसा न करके हमें चार जून का इंतजार करना चाहिए। हमारे लिए चुनाव के आंकड़े से ज्यादा महत्वपूर्ण है देश की विविधता, सामाजिक न्याय और बौद्धिक स्वतंत्रता की रक्षा। लोकतंत्र का सच्चा दर्पण उसकी भाषा है। लोकसभा चुनाव 2024 की बात की जाए तो चुनाव प्रचार में आज से पहले किसी लोकसभा चुनाव में इतनी लुटी-पिटी, खोखली और उन्मादपूर्ण भाषा नहीं थी। आज से पहले किसी चुनाव में इतने झूठ नहीं बोले गए थे। राजनीति कभी इतनी विपन्न नहीं थी। इस चुनाव में नेताओं के बड़प्पन की जगह हमेशा उनका बड़बोलापन ही दिखता रहा। बौद्धिक बल की जगह भौतिक बल प्रदर्शित हुआ।

पहले के चुनावों में कठोर वक्तव्य होते थे, पर 'भाषा का चीरहरण' पहली बार हुआ। यह मानो शालीनता से पूर्णतः विदाई हो! चिंताजनक है, गिरने की होड़ में पब्लिक से बार-बार हंकारी लगाकर जनसभाओं में उसे भी व्यापक रूप से शामिल किया गया। इतना सतहीपन कभी नहीं देखा गया। 2024 के चुनाव प्रचार में भारत की महान ऐतिहासिक विरासत को अंधेरे में फेंक दिया गया। चुनाव में नजर आया कि यह देश अपने इतिहास की सारी उच्च परंपराओं से विच्छिन्न होकर धर्म, जाति और प्रांतीयता पर आधारित 'भिन्नता' की मिथकीय छवियों में खो गया है। दुखद रूप से गांधी सहित कई महापुरुषों का लगातार अपमान किया गया या महापुरुष महज पोस्टर बना दिए गए। यह महान विचारों को अलविदा कहना है और संकुचित स्वार्थ की जयजयकार करना है।

मीडिया और अपने को सर्वाधिक तेज घोषित करने वाले न्यूज चैनल पहली बार इतनी बेशर्मी से सत्ताधारी दल का ढोल बने। वे खुद पार्टी प्रचारक बन गए। जिस देश में तर्क विस्थापित हो जाता है, वहां अंततः लोकतंत्र का भी विस्थापन हो जाता है। इस लोकसभा चुनाव में देश के नागरिकों ने अपने लोकतांत्रिक मताधिकार का उपयोग तो किया, पर आखिर भाषा, ऐतिहासिक विरासत और मीडिया की एक कितनी अंधेरी दुनिया में पहुंचकर, इस पर सोचने की जरूरत है। जिस देश में भाषा, ऐतिहासिक विरासत और मीडिया एक रक्ताक्त अंधेरे में पहुंचा दिए गए हों, उस देश में अंततः आम लोगों के लिए कितनी आजादी और सुख-शांति बची रहेगी, इस पर सोचा जा सकता है। यह चुनाव यह भी बताएगा कि आखिर इस सार्वभौम ढोंग और पतन से फिलहाल महान भारत कितना लड़ पाया और वह कितना दबा दिया गया। एक दूसरा दिलचस्प सवाल है,इतने तामझाम भरे प्रचार और सैकड़ों अरब खर्च करने के बावजूद देश में पिछली बार से औसतन 5-6 प्रतिशत वोट कम क्यों पड़ते रहे? अगर देश पहले से अधिक जाग्रत हुआ है तो वोट प्रतिशत बढ़ना चाहिए था।

# दुनिया एक वाइल्ड ग्रोथ

कभी लगता है,यह दुनिया एक वाइल्ड ग्रोथ है। बिना किसी दिल-दिमाग के उगती-फैलती चली गई। इस ग्रोथ में हम बहुत बाद में आए। हम आए तो वाइल्ड ग्रोथ से ही,लेकिन आने के बाद इसे देखा (शायद पहली बार कोई इसे देख रहा था),महसूस किया और फिर इसे पालतू बनाने में लग गए। फिर कुछ लोग आए जिन्होंने इस पर अपनी अमलदारी का दावा कर दिया। बोले,मैंने (या मेरे आका ने) इसे बोया,सींचा और बड़ी किया,इसे फैलाया, तुमको भी बनाया। अब मेरे बताए रास्ते पर चलो, मेरा नाम जपते रहो,मेरे शुक्रगुजार बने रहो तो इसमें भटकोगे नहीं। अब वाइल्ड ग्रोथ तो भाई साहब वाइल्ड ग्रोथ। इसने दुनिया के सारे अमलदारों को ठेंगा दिखाया और अपने झाड़-झंखाड़ के रास्ते चलती रही। हमारा छोटा-सा दिमाग, वह भी आखिर उसी वाइल्ड ग्रोथ का हिस्सा। जितना कर सकते थे किया और दुनिया में कुछ लोगों के लिए ही सही थोड़ी चमक-दमक आई,रास्ता आसान हुआ। औरों के लिए भी आशा बंधी,लेकिन कुछ लोगों ने जो भी दिमाग था,उसे भी ताक पर रख दिया और आंख मूंदकर अमलदारों के बताए रास्ते पर चल पड़े। फिर तो जो होना था,वही हुआ। उन्हें बताया गया। रास्ता दुर्गम जंगल में ले गया और वहीं छोड़कर गुम हो गया। वे छाती पीट रहे हैं और वाइल्ड ग्रोथ और ग्रो कर रही है और वाइल्ड हो रही है। अमलदार से पूछते हैं तो कहता है,हमने तो रास्ता ठीक बताया था,तुम उससे भटक गए तो मैं क्या करूं, अब झेलो। अरे भाई! रास्ता बताते समय हमारी काबिलियत-नाकाबिलियत पर गौर क्यों नहीं किया? और नहीं किया तो किस बात के अमलदार! हम इस काबिल होते तो आपकी जरूरत ही क्या थी? लेकिन वही हाथ गहे की लाज,हम कह नहीं पाते किअपनी अमलदारी अपने पास रखो और रास्ता नापो। हमारे पास जितना भी दिमाग है,उसी से रास्ता खोजेंगे, नहीं तो अरुंझकर मर जाएंगे। किसी के एहसान के बोझ तले दबकर मरने की नौबत तो नहीं आएगी,लेकिन हम ठहरे आलसी और डरपोक। वाइल्ड ग्रोथ और वाइल्ड होती जा रही है। हम अमलदार से कुछ कह नहीं पाते। उसके बताए रास्ते को बिना देखे सही सिद्ध करने के लिए कट-मरते हैं,लेकिन जो भी दिमाग है उसे लगाकर अपने तईं रास्ता नहीं खोजते,न औरों को खोजने देते है। जब हमें बनाने वाला सांचा ही वाइल्ड है तो हम अपनी काबिलियत पर भी क्या भरोसा करें! नतीजतन,भेड़ियाधसान जारी है और जारी रहने वाली है।



कमलाकांत त्रिपाठी
पूर्व आईआरएस

# हत्या का अर्थ

बहुत सारे धर्मों में हत्या करने की मनाही है,लेकिन इसकी विवेचना ठीक से नहीं की गई है। हत्या का क्या अर्थ है? अगर बहुत विस्तृत अर्थ लिया जाए तो हत्या का अर्थ है किसी सजीव की जीवन-प्रक्रिया में व्यवधान करने के कार्य में शामिल होना,लेकिन इस परिभाषा के अनुसार आदमी जी ही नहीं सकेगा और खुद की हत्या का सचेष्ट दोषी होगा।

पौधे भी तो जीव हैं और उनके बीज भी जीव हैं। यह परिभाषा फूड सायकिल को तोड़ देगी तो ऐसा उपदेश निरर्थक है,लेकिन परिभाषा को विस्तृत रखना हमारी मजबूरी नहीं है। हम संकुचित परिभाषा पर सोचें। हम कल्पना करें कि किसी आदमी में अमुक गुणों का होना अनिवार्य है जिनमें वे गुण न हों वह होमोसैपियन या होमो इरेक्टस होने के बावजूद आदमी नहीं है। किसी व्यक्ति में उन गुणों के रहने की प्रक्रिया में बाधा पहुंचाना हत्या है। सज्ञान और सचेष्ट हत्या नहीं करनी चाहिए।



डॉ सुधांशु के. मिश्रा
सेवानिवृत्त प्रोफेसर

संकुचित परिभाषा के अनुसार आततायी वध के योग्य है। संगीन अपराधी को फांसी दी जा सकती है। युद्ध में दुश्मन को मारा जा सकता है। बकरे की बलि दी जा सकती है। मछली और चिकन खाया जा सकता है। हम देखते हैं कि सारे धर्मों में अंततः संकुचित परिभाषा ही ग्राह्य है। फर्क है उस लिस्ट में जो ह्युमेन क्वालिटीज और उसके स्कोप का वर्णन करते हैं।

# तापमान वृद्धि एक वैश्विक समस्या

तापमान वृद्धि यद्यपि वैश्विक समस्या है तथापि भारत में तापमान वृद्धि की भयावह स्थिति को देखते हुए अब बड़े-बड़े जयघोषों को छोड़कर केन्द्र में नव सरकार बनते ही इसी वर्ष से सशक्त कानून बनाएं जाने के साथ ही संबंधित क्षेत्र में विधिवत क्रियान्वयन की नितांत आवश्यकता है। अन्यथा की स्थिति में प्रतिवर्ष जिस द्रुतगति से तापमान बढ़ रहा है उससे अनुभव होता है अगले 10-15 वर्षों में भारत के कुछ नगर-महानगर और मैट्रो शहर जीव-मानवों के रहने योग्य नहीं रह पाएंगे।



डॉ. हेमंत कुमार जोशी
नैनीताल

**आइए समय रहते हुए प्राकृतिक संपदाओं एवं साझा संपत्तियों के संरक्षण में कुछ तो योगदान करें। चाहे हम किसी भी वर्ग या समाज से आते हों।**

फिर क्या करेंगे ऐसे तीसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था से और क्या करेंगे कथित जयघोषित विकसित भारत से और कैसे पहुंच पाएंगे 2047 तक? जब व्यक्ति को लेने के लिए शुद्ध प्राणवायु उपलब्ध नहीं हो पाएगी,जब व्यक्ति को पीने को जल नहीं मिल पाएगा और जब व्यक्ति 50-55 डिग्री सेल्सियस तापमान में जल रहा होगा। देश में बढ़ती हुई शिक्षित-प्रशिक्षित-युवा बेरोजगारी, कम होता कृषि क्षेत्र,राजनैतिक तुष्टिकरण, सरकारी शिक्षा-स्वास्थ्य व्यवस्था आदि को तो तापमान वृद्धि विषय पर गौण ही कर दीजिए। भारत के कई शहर आज जल रहे हैं, जलस्रोत सूख रहे हैं और लू चलने से लोग मर रहे हैं। इनको निम्नलिखित प्रमुख कारणों से रेखांकित किया जा सकता है- देश में जनसंख्या वृद्धि,देश में 1947-50 से ही अनियंत्रित एवं अनियोजित भौतिक विकास। राष्ट्रीय राजमार्ग ,एक्सप्रेस वे तथा सड़क मार्गों के कटान में कटने वाले लाखों पेड़ों के स्थान पर सड़क मार्ग के किनारे-किनारे पौधे लगाकर उसकी भरपाई करने का कानून आजतक न होना। अगले पांच वर्ष तक टेंडर में ही ठेकेदार की जिम्मेदारी तय न करना न ही संबंधित विभाग की जिम्मेदारी तय करना। बढ़ती जनसंख्या के कारण बढ़ती वाहन संख्या उनमें बढ़ता हुआ एसी प्रयोग,पैट्रोल-डीजल के बढ़ते हुए प्रयोग से बढ़ती हुई कार्बन डाइऑक्साइड गैस आदि का उत्सर्जन। सीमेंट और कंक्रीट का बढ़ता हुआ प्रयोग,घरों एवं सरकारी कार्यालयों में एसी का बढ़ता प्रयोग और उससे निकलने वाली गर्मी। पर्यावरण एवं जल संरक्षण के प्रति सशक्त कानूनों का अभाव,वनों में आग लगाने वालों के लिए सशक्त कानून का अभाव,प्राकृतिक जीवन को छोड़कर कृत्रिम जीवन को अपनाने का प्रभाव जिस कारण खान-पान-परिधान आदि के लिए बढ़ती हुई कंपनी, कारखानों का आधिक्य,उनसे निकलने वाला धुआं, होने वाली ध्वनि विकृत तरंग आदि। प्राकृतिक,आध्यात्मिक और शांतिमय जीवन की अपेक्षा भौतिक-चकाचौंध मय जीवन को प्रधानता।

भारतीय राजनेताओं एवं उच्च वर्ग का भोग-भौतिक-विलासितापूर्ण जीवन, एक गाड़ी की जगह आगे-पीछे चलने वाली 40-50 गाड़ियां जिसमें खर्च होने वाला पैट्रोल-डीजल और उतनी गाड़ियों से निकलने वाली गैस। देश में प्रति व्यक्ति आय बढ़ रही है,क्रय शक्ति बढ़ रही है, वेतन-भत्ते बढ़ रहे हैं,लोगों की आमदनी बढ़ रही,जिस कारण देश की अर्थव्यवस्था भी कुछ क्षेत्रों के कारण बढ़ रही है। आने वाले कुछ वर्षों में तीसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था का भी जोर-शोर से जयघोष दिया जा रहा है,लेकिन लोगों को पीने का पानी नहीं मिल पा रहा है। समाचार पत्रों में प्रतिदिन चार-चार पृष्ठ पानी के संकट से भरे पड़े हैं। लोगों को अपनी संपत्ति तुच्छ लग रही है,उच्च वर्ग,उच्च मध्यम वर्ग गर्मी से राहत के पाने के लिए अपनी लग्जरी गाड़ियां से बद्रीनाथ,केदारनाथ,गंगोत्री, यमुनोत्री आदि पर्वतीय क्षेत्रों में आकर पर्वतीय क्षेत्रों के तापमान को बढ़ाने में लगा है। कई सरकारें प्रसन्न मुद्रा में इसीलिए हैं कि उनका राजस्व बढ़ रहा है। अखबारों में वे स्वागत करते हुए दिखाई दे रहे हैं,लेकिन जरा सोचिए हम और हमारी सरकारें अपनी भविष्य के लिए और आने वाली पीढ़ी के लिए क्या करने में लगे हैं?

आइए समय रहते हुए प्राकृतिक संपदाओं एवं साझा संपत्तियों के संरक्षण में कुछ तो योगदान करें। चाहे हम किसी भी वर्ग या समाज से आते हों। स्वतंत्रता के बाद देश में नियोजित/ नियंत्रित विकास हुआ होता तो अवश्य ही देश तापमान वृद्धि में बहुत पीछे होता। विधि निर्माताओं की परवरिश माहौल के कारण आजतक देश में सशक्त कानून नहीं बन पाए। साथ ही उन लाखों देश के दल ध्वज वाहकों से भी आग्रह है कि कभी बंद कमरे में आप भी अपने साथियों से इस विपदा के विषय में बातें करें,क्योंकि इस तप्त विपदा में आप भी तप्त पीड़ित ही हैं,जो वर्तमान में अनुभव किया जा सकता है। अभी तापमान वृद्धि चरम पर है,इसीलिए केवल इसी समय जागरूक होने की आवश्यकता नहीं,अपितु आने वर्ष चौबीस घंटे प्रत्येक नागरिक को कानून के माध्यम से हो या चैतन्य स्तर से हो अब जागरूक हो ही जाना है। अन्यथा जीव मात्र का भविष्य कुछ ही वर्षों में संकट में जाएगा जिसका निराकरण तत्क्षण असंभव ही लगता है।

# ढूंढने होंगे रोजगार के अवसर

गर्मियों की छुट्टी बिताने आई अपनी नातिनों (ग्रैंड डॉटर्स) की जिद्द पूरी करने के लिए कई महीनों बाद मॉल का रुख करना पड़ा। बढ़े हुए तापमान से बचने के लिए गर्मियों में मॉल घूमना काफी भाता है। यही कारण है मॉल में भीड़ देखने को मिली। सबसे ज्यादा भीड़ खाने-पीने के स्टाल पर थी। दूसरी ओर बड़े-बड़े सुसज्जित चमचमाते शोरूम में इक्का-दुक्का ही ग्राहक दिखे।



संजीव मेहरोत्रा
बरेली

इन बड़े शोरूम के एक युवा कर्मचारी से उसकी दिनचर्या के विषय में जानना चाहा तो उसने बड़े निराशा जनक तरीके से बताया की वो दो साल से वहा काम कर रहा है। प्रतिदिन 12 घंटे की ड्यूटी के बदले प्रतिमाह 10000 रुपये मिलते हैं। सीजन पर अच्छी सेल होती है तो मालिक की तरफ से थोड़ा बहुत इंसेंटिव के रूप में भी मिल जाता है। माह में केवल 4 छुट्टी ही मिलती है,अगर 10 मिनट लेट हो जाओ तो छुट्टी कट जाती है। अभी शादी नहीं हुई है। मां-बाप साथ रह रहे हैं। थोड़ी सी खेती होती है इसलिए गुजारा चल रहा है। कमोबेश यही हाल दूसरे युवा कर्मचारियों का दिखा। असंगठित क्षेत्र में अन्य जगह काम करने वाला युवा किस तरह से उपेक्षित है इसकी कल्पना भी नहीं की जा सकती। अक्सर मीटिंग या अन्य अवसरों पर जब असंगठित क्षेत्र में काम करने वाले युवाओं से चर्चा होती रहती है तो पता चलता है सबसे बुरा हाल होटलों, अस्पतालों, दुकानों, पटरी पर काम करने वालो का है,कितनी विपरीत और अमानवीय परिस्थितियों में उन्हें काम करना पड़ता है इसका अनुमान नहीं लगाया जा सकता।

भारत युवाओं का देश कहा जाता है। जहां जनसंख्या का 66 प्रतिशत में 35 वर्ष से कम के युवा है। भारत में श्रम बल में लाखों युवा काम कर रहे हैं,लेकिन रोजगार की संभावनाएं कम होती जा रही हैं।

एक रिपोर्ट के अनुसार बेरोजगारी की फोर्स में 83 प्रतिशत युवा है,जो या तो रोजगार तलाश रहे हैं या कोई छोटा-मोटा रोजगार कर गुजारा कर रहे हैं। इस युवा पीढ़ी की दुश्वारियां भी लगातार बढ़ रही हैं। पूंजीपतियों का फरमान काम के घंटे बढ़ाने के साथ-साथ उनकी निगाह इन लोगों को मिलने वाले साप्ताहिक अवकाश पर भी है। युवा पीढ़ी के लिए रोजगार के अच्छे और सम्मानजनक अवसर ढूंढने होंगे तभी उनको निराशा से बचाया जा सकेगा।

वाराणसी समेत कई लोस सीट पर मतदान व्यवस्था को लेकर आरोप-प्रत्यारोपों का रहा दौर

# चुनाव के अंतिम चरण में भी चली सत्तापक्ष-विपक्ष में खींचतान

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

**अमृत विचार :** लोकसभा चुनाव के अंतिम चरण के मतदान के दौरान भी सत्तापक्ष और विपक्ष के बीच चुनावी व्यवस्थाओं को लेकर खींचतान चलती रही। शनिवार को उप्र. की 13 सीट के लिए चुनाव संपन्न हुए। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के चुनाव क्षेत्र वाराणसी समेत कई लोस सीट पर मतदान व्यवस्था को लेकर विपक्ष की ओर से आरोपों का दौर रहा। भाजपा की तरफ से इन सभी आरोपों का खंडन करते हुए उल्टा कई क्षेत्रों में इंडी गठबंधन के कार्यकर्ताओं पर ही अभ्रदता का आरोप लगाया।

मतदान के बीच उप्र. कांग्रेस पार्टी के अध्यक्ष व वाराणसी लोस. सीट से इंडी गठबंधन के उम्मीदवार अजय राय ने आरोप लगाया कि पार्टी कार्यकर्ताओं और नेताओं को नजरबंद कर चुनाव प्रभावित करने की कोशिश की जा रही है। सोशल मीडिया साइट एक्स पर अजय राय ने लिखा, वाराणसी लोस. में प्रशासन द्वारा इंडी गठबंधन के नेताओं, कार्यकर्ताओं को घर पर नज़रबंद करके मतदान को प्रभवित करने की कोशिश की जा रही है। उन्होंने लिखा, चुनाव आयोग कृपया यह संज्ञान ले कि हमारे गठबंधन के लोगों को चिन्हित करके ऐसा क्यों किया जा रहा है?

वहीं, देवरिया में सपा नेताओं ने आरोप लगाया है कि वहां की तमकुही राज विधानसभा में बूथ संख्या 86 पर थाना अध्यक्ष द्वारा सपा बूथ एजेंट को बाहर कर दिया गया है। साथ ही फर्जी मतदान की आशंका है। वहीं सपा की एक एक्स पोस्ट सामने आयी जिसमें आरोप लगाया है कि मिर्जापुर लोकसभा के छानबे विधानसभा में बूथ संख्या 381 पर पीठासीन अधिकारी द्वारा भाजपा के पक्ष में स्वयं ही मतदान किया जा रहा है।

यह भी आरोप लगाया गया कि मिर्जापुर सीट के छानबे विधानसभा में बूथ संख्या 77, 78, 79 पर चौकी इंचार्ज द्वारा भाजपा नेताओं के साथ मिलकर सपा के सेक्टर इंचार्ज और कार्यकर्ताओं के साथ अभद्रता की गई है। उधर, बलिया सीट की जहूराबाद विधानसभा में बूथ संख्या 61, 63 पर धीमा मतदान होने की शिकायत भी चुनाव आयोग से की गई।




- कहीं पीठासीन अधिकारी तो कही ड्यूटी पर तैनात पुलिस कर्मियों पर लगे आरोप

### सपा प्रमुख ने भी लगाया आरोप

समाजवादी पार्टी प्रमुख अखिलेश यादव ने मतदाताओं का आभार व्यक्त करते हुए दावा किया कि भाजपा की पराजय की पटकथा लिखने के साथ ही मतदाताओं ने सत्ता में आने का मार्ग सपा और इंडी गठबंधन के लिए प्रशस्त कर दिया। सपा प्रमुख ने शनिवार को जारी एक संदेश में कहा कि अंतिम चरण के चुनाव में सत्ता के बल पर मतदाताओं को डराने धमकाने, मतदान में बाधा डालने के साथ पोलिंग एजेंट को धमकाने या भगा देने की तमाम शिकायतें भाजपा के खिलाफ दर्ज हुई हैं। उन्होंने सवाल किया कि मिर्जापुर छानवे विधानसभा क्षेत्र के बूथ संख्या 430, 431 पर प्रशासन ने सीसीटीवी क्यों बंद करा दिया? धीमी गति से मतदान के खिलाफ आवाज उठाने पर पडरौना में पूर्व प्रधान को गिरफ्तार करा दिया गया। बलिया में भी खराब ईवीएम में मतदान कराया गया।

### भाजपा प्रदेश अध्यक्ष का पलटवार

भाजपा प्रदेश अध्यक्ष भूपेन्द्र चौधरी ने इंडी गठबंधन की दिल्ली में हुई बैठक पर प्रतिक्रिया दी कि वहां हार का ठीकरा फोड़ने के लिए ईवीएम, सरकारी मशीनरी के दुरूपयोग और चुनाव आयोग की भूमिका को घेरने के लिए चर्चा हुई है। शनिवार को पार्टी मुख्यालय में आयोजित प्रेसवार्ता में भाजपा प्रदेश अध्यक्ष ने कहा कि विपक्षी गठबंधन के नेताओं में साहस की कमी रही, इस कारण राहुल गांधी और अखिलेश यादव सभी 80 लोकसभा सीटों पर जाने की हिम्मत भी नहीं जुटा पाये। उन्होंने कहा कि चुनाव में जिस तरह से विपक्षी गठबंधन ने बंटवारे की राजनीति की, निम्न स्तर पर उतर कर भाषाई मर्यादायें लांघीं, उसका जवाब जनता ने भाजपा के समर्थन में मतदान करके दिया।

# इटावा सफारी में शेरनी नीरजा ने तीन शावकों को दिया जन्म

कार्यालय संवाददाता, इटावा

**अमृत विचार :** इटावा लॉयन सफारी पार्क से बड़ी खुशखबरी मिली। बीती रात शेरनी नीरजा ने यहां तीन शावकों को जन्म दिया। पहले शावक का जन्म रात 9:50 बजे, दूसरा 10:50 बजे और कुछ घंटे के इंतजार के बाद रविवार सुबह तीन बजे शेरनी नीरजा ने तीसरे शावक को जन्म दिया। इस घटना से सफारी में खुशी का माहौल है। शेरनी नीरजा गर्भवती थी और डॉक्टरों ने डिलीवरी डेट 29 या 30 मई बताई थी। इस कारण उसे खास देखभाल और निगरानी में रखा जा रहा था।

नीरजा ने 31 मई और पहली जून की रात तीन शावकों को सफलता पूर्वक जन्म दिया। इनमें से एक शावक को नीरजा अपना दूध भी पिलाने लगी है। सफारी के निदेशक डॉ. अनिल पटेल ने बताया कि शेरनी नीरजा और नवजात शावक पूरी सरह स्वस्थ हैं।


सीसीटीवी की निगरानी में शेरनी नीरजा।

### सफारी में अब हो गए 16 बब्बर शेर

सफारी पार्क में तीन शावकों के जन्म लेने से अब बब्बर शेरों की संख्या 16 हो गयी है। दो सप्ताह पहले सफारी से एक शेर और एक शेरनी को गोरखपुर प्राणि उद्यान भेजा गया था। इसके बाद यहां 13 शेर-शेरनी रह गए थे।

## दस्तावेज फर्जी पाए जाने पर ही बयाना राशि जब्त की जा सकती है

**प्रयागराज, अमृत विचार :** इलाहाबाद हाईकोर्ट ने खनन पट्टे के लिए जमा की गई बयाना राशि को जब्त करना गलत मानते हुए कहा कि खनन पट्टे के लिए जमा की गई बयाना राशि तभी जब्त की जा सकती है, जब जांच के दौरान किसी व्यक्ति के दस्तावेज झूठे या फर्जी पाए जाएं। उक्त आदेश न्यायमूर्ति अंजनी कुमार मिश्रा और न्यायमूर्ति जयंत बनर्जी की खंडपीठ ने मेसर्स प्रज्ञासन कंस्ट्रक्शन प्राइवेट लिमिटेड की याचिका को स्वीकार करते हुए विपक्षियों को 90 लाख रुपए की बयाना राशि वापस करने का निर्देश दिया। कोर्ट ने अपने आदेश में आगे कहा कि शासनादेश दिनांक 9 अक्टूबर 2017 के अनुसार उत्तर प्रदेश राज्य में किसी भी व्यक्ति को 50 हेक्टेयर से अधिक कुल क्षेत्रफल के लिए दो से अधिक खनन पट्टे नहीं दिए जा सकते हैं। उक्त शर्त का उल्लंघन होने पर अंतिम पट्टा निरस्त कर दिया जाता है और उसके लिए जमा की गई बयाना राशि जब्त कर ली जाती है। कोर्ट ने विपक्षियों को याची द्वारा जमा की गई राशि लौटने का निर्देश दिया।

# कुत्तों के हमले से बचने को तालाब में कूदा युवक, डूबने से हुई मौत

## मॉर्निंग वॉक पर निकला था, अचानक कुत्तों का झुंड टूट पड़ा

कार्यालय संवाददाता लखनऊ

**अमृत विचार :** आशियाना में शनिवार सुबह टहलने निकले युवक पर कुत्तों के झुंड ने हमला बोल दिया। दहशत में आकर युवक ने बचने के लिए तालाब में छलांग लगा दी। युवक को तैरना नही आता था, इलसिए डूबने से उसकी मौत हो गई। सूचना पाकर पहुंची पुलिस ने गोताखोरों की मदद से शव को बाहर निकलवाकर पोस्टमार्टम के लिए भेजा। पुलिस के मुताबिक मृतक कुछ दिन पहले अपने भाई से मिलने के लिए हैदराबाद से आया था।

पुलिस के अनुसार औरांगाबाद जागीर में रहने वाले कासिम पीरा का छोटा भाई कासिम (25) हैदराबाद में एयरपोर्ट पर सुपरवाइजर था। सप्ताह भर पहले भाई से मिलने लखनऊ आया था। सुबह करीब 4 बजे वो टहलने निकला था। इसी दौरान कुत्तों का झुंड उसपर टूट पड़ा। इनसे बचने के लिए दौड़कर कासिम तालाब में कूद गया। आसपास मौजूद लोगों ने इसकी जानकारी पुलिस को दी। पुलिस पहुंची तो गोताखोरों को बुलाकर कासिम को बाहर निकाला गया तो मौत हो चुकी थी। उसके भाई पीरा ने बताया कि शनिवार शाम को ही उसे हैदराबाद वापस लौटना था। लेकिन सड़क पर घूम रहे खूंखार कुत्ते उसका काल बन गए।

### बढ़ते तापमान में हिंसक हो रहे कुत्ते

पशु कल्याण अधिकारी डॉ. अभिनव वर्मा का कहना है कि भीषण गर्मी का असर कुत्तों पर भी पड़ रहा है। इसकी वजह से सड़क पर घूमने वाले कुत्ते हिंसक हो रहे हैं। इनसे खुद का बचाव करना जरुरी है। घटना की जानकारी होते ही कैटल कैचिंग दस्ते को औरंगाबाद जागीर भेजा गया। वहां से नौ कुत्तों को पकड़कर जरहरा श्वान केंद्र भेजा गया। नसबंदी और टीकाकरण के बाद इन्हें छोड़ा जाएगा।

### अधिक गर्मी कुत्तों में बढ़ा रही व्याकुलता

पशु कल्याण अधिकारी का कहना है कि 35 से 37 डिग्री सेल्सियम तापमान तक कुत्ते सामान्य अवस्था में रहते हैं। 42 डिग्री के उपर पारा पहुंचने पर इनमें व्याकुलता बढ़ जाती है। इसकी वजह से हिंसक होकर राहगीरों पर हमला बोल देते हैं। उन्होंने बताया कि तीन साल में अभियान चलाकर 80 हजार कुत्तों को श्वान केंद्र पहुंचाया गया। यहां उनकी नसबंदी और टीकाकरण कराने के लिए उन्हें उसी इलाके में छोड़ा गया जहां से पकड़ा गया था। उनका कहना है कि कुत्तों का क्षेत्र बदलने से वे नई जगह पर वे और हिंसक हो जाते हैं।

## कन्या के खाते में भेजे जा सकते हैं गृहस्थी के दस हजार रुपये

**लखनऊ, अमृत विचार :** मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजना के तहत कन्या को गृहस्थी के लिए दिए जाने वाले दस हजार रुपये भी सीधे खाते में भेजे जा सकते हैं। हालांकि इसका निर्णय शासन स्तर पर होना है। जून या जुलाई में होने वाली कैबिनेट बैठक में इसका प्रस्ताव पारित हो सकता है। बता दें कि मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजना में प्रदेश के कुछ जिलों से गड़बड़ियों की बात सामने आई थीं। बलिया में विवाह कर चुके व्यक्ति को भी लाभार्थी दिखाया गया था। साथ ही एक कन्या को बिना विवाह के ही योजना में शामिल किया गया था। मामले का खुलासा होने पर एक अधिकारी को निलंबित किया गया था। जबकि आठ अपात्र लाभार्थियों समेत नौ के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज कराई गई थी। योजना में फर्जीवाड़े की शिकायतें आने के बाद ही तय किया गया कि वर और वधु-पक्ष के पास-पड़ोस के पांच-पांच लोगों से गवाही कराई जाएगी। पड़ोस के लोग प्रमाणित करेंगे कि वर या वधु का विवाह नहीं हुआ है।

# एक ही मामले में दो विरोधाभासी आदेश पारित करने पर न्यायिक अधिकारी से जवाब-तलब

विधि संवाददाता,प्रयागराज

- गाजियाबाद के अपर मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट को हलफनामा दाखिल करने का निर्देश
- इलाहाबाद हाईकोर्ट ने मामले की अगली सुनवाई 9 जुलाई को सुनिश्चित की

**अमृत विचार :** इलाहाबाद हाईकोर्ट ने गाजियाबाद के अपर मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट को एक ही मामले में एक ही दिन दो विरोधाभासी आदेश पारित करने के लिए अपना व्यक्तिगत हलफनामा दाखिल करने का निर्देश दिया है।

याची के अधिवक्ता ने कोर्ट को बताया कि याची को आर्थिक अपराध शाखा में शिकायत दर्ज करानी पड़ी और आईपीसी तथा भ्रष्टाचार निवारण अधिनियम की विभिन्न धाराओं के तहत प्राथमिकी भी दर्ज करानी पड़ी। याची के अधिवक्ता ने तर्क दिया कि अपर मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट, गाजियाबाद ने मानहानि मामले में दो विरोधाभासी आदेश पारित किए।



बता दें कि विभिन्न समाचार पत्रों में याची के खिलाफ समाचार प्रकाशित होने के कारण गाजियाबाद में याची के विरुद्ध विपक्षी अंकुर गर्ग द्वारा मानहानि का मुकदमा दाखिल किया गया था, जिसके सापेक्ष मजिस्ट्रेट ने दो विरोधी आदेश पारित किए।एक आदेश सीआरपीसी की धारा 203 के तहत शिकायत को खारिज करते हुए पारित किया गया। इसके बाद दूसरे आदेश में याची को आईपीसी की धारा 500 के तहत मानहानि के मुकदमे के लिए समन जारी किया गया। अंत में कोर्ट ने मानहानि के मुकदमे में याची के खिलाफ कोई दंडात्मक कार्यवाही न करने का निर्देश देते हुए गाजियाबाद के मजिस्ट्रेट संदीप सिंह द्वारा पारित दो विरोधाभासी आदेशों के लिए उनसे जानकारी तलब की। मामले की अगली सुनवाई आगामी 9 जुलाई को सुनिश्चित की गई है।


### वर्ग पहेली-88

**बाएं से दाएं**

2. 1. जो उचित न हो, नामुनासिब, बेजा 2. बुरा।
4. बहुधा, प्राय:, अनेक बार, बार-बार।
5. 1. किसी कार्य या बात के रूप में किया हुआ आंशिक परिवर्तन 2. विभिन्न रूपों के बीच का अंतर।
8. सार्वजनिक इमारतों
10. 1. साठ वर्ष की उम्र का होना 2. बुड्ढा होना, बूढ़ा हो जाना 3. साठ वर्ष से अधिक की आयु होने पर मानसिक शक्ति का कमज़ोर होना या याददाश्त क्षीण होना।

**ऊपर से नीचे**

1. वह स्थान जहाँ चार रास्ते मिलते हों, चौरास्ता, चौमुहानी।
3. किसी कर्मचारी को एक स्थान से हटाकर दूसरे स्थान पर नियुक्त किया जाना, स्थानांतरण।
6. 1. पानी से सराबोर करना 2. खेत आदि को पानी से सींचना।
7. 1. कठिनता से घुसना।
9. 1. (भूगोल) मिट्टी का एक प्रकार, बाढ़ आदि के द्वारा बहा कर लाई गई मिट्टी 2. कछारी भूमि।



### वर्ग पहेली -87 का हल

| | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 प | रा | यु | ■ | ■ | ■ | 2 स |
| ■ | ■ | ■ | 3 अ | व | ता | री |
| 4 ब | लि | वे | दी | ■ | ■ | ह |
| न | ■ | ■ | पि | ■ | 5 दे | ■ |
| फू | ■ | 6 उ | त | रा | व | ■ |
| ल | ■ | मा | ■ | ■ | रा | ■ |
| ■ | ■ | ■ | 7 गु | हाँ | ज | नी |

# मतगणना स्थल पर ड्यूटी दे रहे सिपाही की मौत

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

- मुरादाबाद पीएसी 23वीं वाहिनी में तैनात था सिपाही आदेश

**अमृत विचार :** रमाबाई अंबेडकर रैली मैदान में मतगणना स्थल पर ड्यूटी दे रहे पीएसी के सिपाही आदेश प्रजापति (32) की शनिवार दोपहर में मौत हो गई। कारण हीट स्ट्रोक बताया जा रहा है। उसे दस्त व सीने में दर्द की शिकायत पर लोकबंधु अस्पताल में भर्ती कराया गया था।

सहारनपुर के सरसावा निवासी आदेश प्रजापति मुरादाबाद पीएसी 23वीं वाहिनी में जीडी लेखक के पद पर तैनात था। 11 मार्च को मुरादाबाद पीएसी की गारद लखनऊ आकर रमाबाई अंबेडकर रैली मैदान में रुकी थी। शनिवार दोपहर ड्यूटी के दौरान करीब 12.30 बजे उसे दस्त होने लगे। सिपाही ने सीने में दर्द के साथ कमजोरी की शिकायत की। इस पर साथी उसे लोकबंधु हॉस्पिटल ले गए। वहां से उसे सिविल अस्पताल रेफर किया गया, जहां पहुंचने के कुछ देर बाद सिपाही ने दम तोड़ दिया।

### शादी के बाद से नहीं मिली थी छुट्टी

आदेश 2019 में जीडी लेखक के पद पर भर्ती हुआ था। आदेश की शादी फरवरी में हुई थी। साथी सिपाहियों ने बताया कि शादी के कुछ दिन बाद ही ड्यूटी पर आ गया था। फिर सहारनपुर नहीं लौट सका था।

### न पंखा न कूलर

मतगणना स्थल पर ड्यूटी दे रहे पुलिस व पीएसी के सिपाहियों के लिए कोई इंतजाम नहीं किए गए हैं। रमाबाई रैली मैदान में ड्यूटी दे रहे सिपाहियों ने बताया कि यहां न पंखा लगा है और न कूलर। इस संबंध में पीएसी के बड़े अधिकारी कुछ भी कहने से बच रहे हैं।

## सरकारी वकीलों के लिए बीमा योजना बनाने पर विचार करे सरकार: हाईकोर्ट

**लखनऊ, अमृत विचार :** हाईकोर्ट की लखनऊ बेंच ने राज्य सरकार को सलाह दी है कि वह सरकारी वकीलों के लिए बीमा योजना बनाने पर विचार करे। इसके पूर्व न्यायालय ने पूछा था कि सरकार के पास हाईकोर्ट के सरकारी वकीलों के लिए ऐसी कोई योजना है जिससे दुर्घटना आदि की स्थिति में उनकी आर्थिक मदद की जा सके। इसके जवाब में न्यायालय को बताया गया कि फिलहाल ऐसी कोई स्कीम नहीं है। न्यायालय ने राज्य सरकार को चार सप्ताह में जवाबी हलफ़नामा दाखिल करने का आदेश दिया है। यह आदेश न्यायमूर्ति राजन रॉय व न्यायमूर्ति ओम प्रकाश शुक्ला की खंडपीठ ने अधिवक्ता एचपी गुप्ता की ओर से दाखिल जनहित याचिका पर पारित किया। याचिका में हाईकोर्ट में तैनात नीरज चैरसिया के साथ हुई दुर्घटना के बाद इलाज में उनके परिवार के समक्ष आ रही आर्थिक समस्या का मुद्दा उठाया गया है।

# राम मंदिर ट्रस्ट के इंजीनियर को ईडी का फर्जी नोटिस

अयोध्या कार्यालय

- ईडी के सहायक निदेशक ने दर्ज कराई रिपोर्ट

**अमृत विचार :** राम मंदिर निर्माण की निगरानी और सहयोग के लिए श्रीराम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट की ओर से नियुक्त इंजीनियर जगदीश शंकर आफले को प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) का एक नोटिस मिलने का मामला प्रकाश में आया है। इंजीनियर की शिकायत पर प्रवर्तन निदेशालय लखनऊ ज़ोन ने प्रारंभिक जांच में नोटिस फर्जी मिला। सहायक निदेशक ने अज्ञात के खिलाफ थाना राम जन्मभूमि में रिपोर्ट दर्ज कराई है।

श्रीराम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट के इंजीनियर जगदीश आफले को गत माह लेटर हेड पर जारी हुआ प्रवर्तन निदेशालय का नोटिस मिला था। परेशान इंजीनियर ने सहायक निदेशक प्रवर्तन निदेशालय लखनऊ कार्यालय में पत्र के साथ नोटिस की छायाप्रति भेज जानकारी मांगी थी। जिसके बाद प्रवर्तन निदेशालय ने प्रारंभिक जांच की तो उनको नोटिस फर्जी मिला। इसके बाद प्रवर्तन निदेशालय लखनउ में सहायक निदेशक के पद पर तैनात रूचीन कुमार ने ट्रस्ट इंजीनियर के शिकायती पत्र व नोटिस की छाया प्रति के साथ थाना रामजन्मभूमि पुलिस को तहरीर दी। तहरीर में सहायक निदेशक का कहना है कि प्रवर्तन निदेशालय के लेटर हेड पर जारी नोटिस में किसी भी प्रवर्तन निदेशालय कार्यालय का पता नहीं दिया गया है। हस्ताक्षर करने वाले अधिकारी का जो नाम दर्शाया गया है, उस नाम का कोई अधिकारी उत्तर प्रदेश के किसी प्रवर्तन कार्यालय में तैनात नहीं है।

### सुडोकू-1

सुडोकू एक तरह का तर्क वाला खेल है, जो एक वर्ग पहेली की तरह होता है। जब आप इस खेल को खेलना सीख जाते हैं तो यह बहुत ही सरलता से खेला जा सकता है। सुडोकू खेल में बॉक्स में 1 नंबर से 9 नंबर तक आने वाले अंक दिए हैं। इसमें कुछ बॉक्स खाली हैं, जिन्हें आपको भरना है। कोई भी अंक दोबारा नहीं आना चाहिए। एक सीधी लाइन और एक खड़ी लाइन तथा बॉक्स में नंबर रिपीट नहीं होना चाहिए।

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 2 | | | | | 4 | 8 | | |
| 5 | | 9 | | | 3 | | 6 | |
| | 3 | | 9 | | 1 | | | 5 |
| | | 1 | | | | 9 | | 2 |
| 3 | 9 | | | | | | 1 | 7 |
| 7 | | 5 | | | | 4 | | |
| 1 | | | 6 | | 9 | | 7 | |
| | 4 | | 2 | | | 6 | | 1 |
| | | 8 | 5 | | | | | 9 |

### सुडोकू -166 का हल


| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 6 | 5 | 2 | 9 | 8 | 7 | 3 | 4 |
| 4 | 9 | 8 | 5 | 3 | 7 | 1 | 6 | 2 |
| 7 | 2 | 3 | 4 | 6 | 1 | 9 | 8 | 5 |
| 3 | 1 | 2 | 7 | 8 | 4 | 5 | 9 | 6 |
| 5 | 7 | 6 | 3 | 2 | 9 | 4 | 1 | 8 |
| 8 | 4 | 9 | 6 | 1 | 5 | 2 | 7 | 3 |
| 9 | 8 | 4 | 1 | 5 | 3 | 6 | 2 | 7 |
| 2 | 3 | 7 | 9 | 4 | 6 | 8 | 5 | 1 |
| 6 | 5 | 1 | 8 | 7 | 2 | 3 | 4 | 9 |

### आज का भविष्यफल

-पं.डॉ. ज्ञानेन्द्र शर्मा

आज की ग्रह स्थिति : 2 जून रविवार 2024 संवत-2081,शक संवत 1946 मास-ज्येष्ठ, पक्ष-कृष्ण पक्ष, तिथि-एकादशी 3 जून 02.41 तक तत्पश्चात द्वादशी।

### आज का पंचांग




दिशाशूल-पश्चिम। ऋतु-ग्रीष्म।
चन्द्रबल-वृषभ, मिथुन, कन्या, तुला, मकर, मीन।
ताराबल-अश्विनी, भरणी, रोहिणी, आर्द्रा, पुष्य, आश्लेषा, मघा, पूर्वा फाल्गुनी, हस्त, स्वाति, अनुराधा, ज्येष्ठा, मूल, पूर्वाषाढ़ा, श्रवण, शतभिषा, उत्तराभाद्रपद, रेवती।
नक्षत्र-रेवती 3 जून 01.40 तक तत्पश्चात अश्विनी।

**मेष** — आज भाषा की मर्यादा का विशेष ध्यान रखें। लोग आपको गुस्सा दिलाने का प्रयास करेंगे। गुप्त शत्रु आपको काफी लंबा नुकसान पहुंचा सकते हैं। धन को लेकर आप काफी परेशान हो सकते हैं। ऋण लेने के कारण आपको परेशानी महसूस होगी।

**वृष** — आज परिवार का माहौल बहुत अच्छा रहेगा। कार्यक्षेत्र में अपेक्षा से बेहतर परिणाम मिलेंगे। नौकरी में आय बढ़ने की संभावना बन रही है। बच्चों को लेकर कोई समस्या दूर होगी। परिस्थितियों को लेकर आप काफी प्रसन्न रहेंगे। लोग आपसे काफी आकर्षित हो सकते हैं।

**मिथुन** — आज प्रबंधन से जुड़े कार्यों में उत्तम सफलता मिलेगी। परिजन आपसे किसी गंभीर मामले पर चर्चा कर सकते हैं। समाज में आपका वर्चस्व बढ़ेगा। मन में किसी बात को लेकर असुरक्षा हो सकती है। विदेश यात्रा के योग बन रहे हैं।

**कर्क** — आज घर के बुजुर्ग आपसे काफी खुश रहेंगे। बीमार लोगों की सेहत में सुधार होगा। सेहत को लेकर सावधान रहें। धूप में निकलने से बचें। पैतृक संपत्ति से जुड़े मामलों में सफलता मिलेगी। प्राचीन विद्याओं को सीखने की रुचि मन में हो सकती है।

**सिंह** — आज कार्यक्षेत्र में डाटा अथवा सूचनाओं में त्रुटियां हो सकती हैं। अपने कम्प्यूटर या इलेक्ट्रॉनिक डिवाइस का सावधानी पूर्वक प्रयोग करें। अपनी क्षमता से ज्यादा काम न करें। इससे एक तो आपके काम रुकेंगे दूसरा आपकी विश्वसनीयता में भारी कमी आ सकती है।

**कन्या** — आज अविवाहित लोगों का विवाह तय हो सकता है। होटल कारोबारियों की आय बढ़ सकती है। नए कार्यों की शुरुआत की योजना बना सकते हैं। आपसे लोग काफी प्रसन्न रहेंगे। आपको प्रबुद्ध लोगों का मार्गदर्शन प्राप्त होगा।

**तुला** — आज अपने विरोधियों की गतिविधियों पर ध्यान रखना आवश्यक है। किसी अपरिचित व्यक्ति से आपको काफी मदद मिल सकती है। आप जॉब को लेकर महत्वपूर्ण निर्णय ले सकते हैं। मन में अज्ञात भय रहेगा। स्थान परिवर्तन को लेकर परिवार में चर्चा करेंगे।

**वृश्चिक** — आज व्यापारी अपने ग्राहकों को लेकर थोड़े कठोर हो सकते हैं। स्वार्थी भाव रखने के कारण कुछ लोग आपसे दूरी बनाने का प्रयास करेंगे। अनावश्यक मामलों को तूल न दें। जीवनसाथी के साथ अपने संबंध अच्छे रखें।

**धनु** — आज व्यक्तिगत कार्यों के लिए आप दूसरों पर ज्यादा निर्भर न रहें। घर के सदस्य भी असंतुष्ट हो सकते हैं। अपने घर की चर्चा बाहर वाले लोगों से करना उचित नहीं होगा। विरोधी आपका नुकसान करने की योजना बना सकते हैं।

**मकर** — आज का दिन आपके लिए शुभ रहेगा। यदि आप अपने प्रेमी को विवाह के लिए प्रपोज करना चाह रहे हैं तो दिन बेहद शुभ है। आपकी मनोकामनाएं पूर्ण होंगी। संतान की उन्नति पर गर्व होगा। अधीनस्थ कर्मचारियों के ऊपर आपका प्रभाव मजबूत होगा।

**कुंभ** — आज आप कुछ महत्वपूर्ण लोगों से संपर्क करना चाहेंगे,किंतु ध्यान रखें गुप्त बातों को शेयर न करें। अनिर्णय की स्थिति में हैं तो अपने मित्रों से सहयोग ले सकते हैं। विवादित मामलों पर प्रतिक्रिया न करें। आप घर पर आराम करना पसंद करेंगे।

**मीन** — आज घर पर रिश्तेदारों का आगमन हो सकता है। संपत्ति पर निवेश करने के लिए समय शुभ है। नया कारोबार शुरू करने में सहयोगियों की मदद मिलेगी। आपका मन काफी प्रसन्न रहेगा। कुछ अच्छी सूचनाएं मिलने से आपकी चिंता दूर होगी।

### आज की फिल्में

B4U MOVIES
लोहा
सुबह : 09.23
गुरुदेव
शाम : 04.26

SONY PIX
स्पाइडर मैन
सुबह : 10.29
द अनहोली
रात : 07.26

SONY MAX
आजा नचले
सुबह : 09.50
हर दिल जो प्यार करेगा
शाम : 06.00

ZEE CINEMA
रॉकस्टार
सुबह : 10.00
आप तो ऐसे न थे
रात : 07.20

colors CINEPLEX
जॉनी दुश्मन
दोपहर : 12.05
स्पाई
रात : 07.58

### आज की सुपरहिट फिल्म



सोनी मैक्स पर शाम : 06.00 बजे

### जोक्स ऑफ द डे

मां-बेटा इतनी लिपस्टिक लगा के कहां जा रही है?
बेटी - मां मैं कॉलेज जा रही हूं
मां- बेटी तुझे कोई लड़का पसंद है क्या?
बेटी खुश होके - हां मां बहुत पसंद है
मां - तो उस कमीने से बोल दे कि तेरी शादी वर्मा जी के बेटे से तय कर दी है।

चिंटू- भाई समोसा खाएगा?
मिंटू- नहीं ,आज मेरा व्रत है।
चिंटू- भाई मेरी तरफ से है।
मिंटू- मीठी चटनी डालकर लाना



चोट के कारण लंबे समय तक मैदान से बाहर रहे तेज गेंदबाज जसप्रीत को बेहतर प्रदर्शन की उम्मीद, बोले- खेल का आनंद ले रहा हूं

# जीत की कुंजी हैं जसप्रीत बुमराह



न्यूयॉर्क, एजेंसी

चोट के कारण लंबे समय तक क्रिकेट के मैदान से बाहर रहे तेज गेंदबाज जसप्रीत बुमराह का टी-20 विश्वकप में प्रदर्शन भारत के लिए काफी अहम माना जा रहा है। चोट से उबरने के बाद तेज गेंदबाज ने हाल के दिनों में मैदान पर सफल वापसी की है और टी-20 विश्व कप के दौरान वह उस लय को बरकरार रखने की उम्मीद कर रहे हैं।

अमेरिका और वेस्टइंडीज में दूसरे आईसीसी पुरुष टी-20 विश्व कप खिताब के लिए भारत की खोज में बुमराह को एक प्रमुख कुंजी के रूप में देखा जा रहा है। बुमराह 2022 और 2023 के बीच काफी समय तक अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट से बाहर रहे। पिछले साल अगस्त में आयरलैंड के खिलाफ टी-20 सीरीज के साथ वापसी की और उसके बाद से पीछे मुड़कर नहीं देखा।

विश्व कप 2023 के फाइनल में भारत की ओर से वह सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करने वाले गेंदबाज थे जिन्होंने 18.65 की औसत से 20 विकेट लिए, जबकि उनकी इकॉनोमी केवल चार की थी। बुमराह भारत के लिए जीत की कुंजी हैं, जो अकेले मैच को बदलने की क्षमता रखते हैं।

बुमराह ने कहा जब से मैं अपनी चोट से उबरा हूं, मैंने केवल जितना हो सके खेल का आनंद लेने पर ध्यान केंद्रित किया है। मैं खेल को लेकर अनिश्चितता के बजाय प्रक्रिया पर ध्यान केंद्रित करने की कोशिश कर रहा हूं क्योंकि कुछ चीजें मेरे अनुकूल होंगी। कुछ चीजें मेरे अनुकूल नहीं होंगी। ये सभी चीजें मेरी प्रक्रिया का हिस्सा होंगी। मैं अंतिम परिणाम के बजाय उस पर ध्यान केंद्रित करूंगा। उस पहलू में आप अपना दबाव कम करते हैं और खेल का आनंद लेते हैं। जब आप उन चीजों पर ध्यान केंद्रित करते हैं जिन्हे आप नियंत्रित नहीं कर सकते,तो परिस्थितियां जटिल हो सकती है।

### किसी को भी अधिक सीख देने की कोशिश नहीं करता

**न्यूयॉर्क।** भारतीय तेज गेंदबाजों की नई पीढ़ी के लिए मार्गदर्शक माने जाने वाले तेज गेंदबाज जसप्रीत बुमराह ने कहा कि वह युवा खिलाड़ियों को बहुत अधिक सिखाने की कोशिश नहीं करते और जब उनसे पूछा जाता है तभी मदद करते हैं क्योंकि वह उन पर किसी तरह का बोझ नहीं डालना चाहते हैं। भारत के लिए टी-20 विश्व कप के अभियान में 30 वर्षीय बुमराह की भूमिका महत्वपूर्ण होगी। माना जा रहा है कि वह मोहम्मद सिराज और अर्शदीप सिंह जैसे कम अनुभवी तेज गेंदबाजों के लिए मार्गदर्शक की भूमिका भी निभाएंगे। बुमराह ने कहा आप बहुत अधिक सिखाने की कोशिश नहीं करते। यह कुछ ऐसा है जो मैंने सीखा है। जब भी कोई मेरे के पास मदद के लिए आता है तो मैं उसे सवाल पूछने देता हूं क्योंकि मैं बहुत अधिक जानकारी देना अच्छा नहीं समझता हूं। बुमराह ने कहा कि युवा खिलाड़ियों के लिए बहुत अधिक जानकारी का बोझ लिए बिना अपना मार्ग प्रशस्त करना महत्वपूर्ण होता है।



मैच से पहले अभ्यास सत्र में पसीना बहाते ऋषभ पंत।

# टी-20 विश्वकप में खुल कर खेले भारत: गांगुली

कोलकाता, एजेंसी

भारत के पूर्व कप्तान सौरव गांगुली ने आगामी टी20 विश्व कप मैचों की तैयारी के लिए भारतीय क्रिकेट टीम की क्षमता पर भरोसा जताया है। गांगुली ने कहा हमें उम्मीद है कि टीम अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करेगी। उन्होंने खिलाड़ियों को खुलकर खेलने की सलाह दी और टी-20 क्रिकेट में छक्के मारने के महत्व पर जोर दिया।

उन्होंने कहा जो टीम सबसे ज्यादा छक्के मारेगी वह जीतेगी और भारत का हर बल्लेबाज लंबे छक्के मार सकता है। रोहित शर्मा, विराट कोहली, ऋषभ पंत, संजू सैमसन, शिवम दुबे, हार्दिक पंड्या और जिस टीम में सूर्यकुमार यादव हैं, क्या वे कमजोर पक्ष हो सकते हैं। उन्होंने टी-20 क्रिकेट की अप्रत्याशितता पर ध्यान दिया, जहां कोई भी टीम शीर्ष पांच में पहुंचने की क्षमता रखती है।

मैं भारतीय कोच रखने के पक्ष में हूं क्योंकि हमारे देश में अपार प्रतिभा है। हमारे देश में बेहद कुशल खिलाड़ी हैं जिन्होंने भारतीय क्रिकेट में बहुमूल्य योगदान दिया है और उन्हें व्यवस्था का हिस्सा होना चाहिए। गांगुली से पूछा गया कि क्या कोच पद की दौड़ में आगे चल रहे गंभीर इस भूमिका के लिए उपयुक्त व्यक्ति होंगे, उन्होंने कहा क्या गंभीर ने आवेदन किया है, क्योंकि पहले उन्हें आवेदन करना होगा और फिर उसी के बाद वह यह पद हासिल कर पाएंगे।

● पूर्व कप्तान बोले- गंभीर कोच पद के लिए बेहतरीन उम्मीदवार

मुझे लगता है कि 27 मई आवेदन की अंतिम तिथि थी। जाहिर है, बीसीसीआई के पास समय सीमा बढ़ाने का अधिकार है। अगर गंभीर आवेदन करते हैं और अगर वह चाहते हैं, तो वह बहुत अच्छे उम्मीदवार होंगे। आपने देखा होगा कि इस साल केकेआर के लिए उन्होंने किस तरह से काम किया। आप उनकी जीत की भूख और जुनून देख सकते थे और बोर्ड उन्हें यह पद सौंपने का फैसला करता है तो मुझे खुशी होगी। मेरा मानना है कि वह इस पद के लिए अच्छे उम्मीदवार हैं।

## खेल डायरी



मुंबई में ब्लू ओशन कॉरपोरेशन इंटरनेशनल प्रोक्योरमेंट एंड सप्लाई चेन कॉन्फ्रेंस के दौरान पूर्व क्रिकेटर सौरव गांगुली को किया गया सम्मानित। ● एजेंसी

### ताइवान ओपन में डीपी मनु ने जीता स्वर्ण



**नई दिल्ली।** भारत के डीपी मनु ने शनिवार को ताइपे में 81.58 मीटर थ्रो के साथ ताइवान ओपन 2024 में पुरुषों की भाला फेंक स्पर्धा में स्वर्ण पदक जीता। एशियाई एथलेटिक्स चैंपियनशिप के रजत पदक विजेता ने अपने आखिरी प्रयास में अपना सर्वश्रेष्ठ थ्रो दर्ज किया। ताइवान ओपन विश्व एथलेटिक्स कॉन्टिनेंटल टूर कांस्य स्तर की प्रतियोगिता है। इसमें खिलाड़ियों को महत्वपूर्ण रैंकिंग अंक भी मिलते हैं। मनु ने 78.32 मीटर थ्रो के साथ शुरुआत की, जबकि उनका दूसरा प्रयास 76.80 मीटर का रहा। इस 24 वर्षीय खिलाड़ी ने तीसरे और पांचवें प्रयास में भाले को 80.59 मीटर और 81.52 मीटर दूर फेंककर अपने खेल के स्तर को ऊंचा किया। वह अपने चौथे प्रयास में वैध थ्रो नहीं कर सके। यह प्रदर्शन हालांकि मनु के व्यक्तिगत सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन 84.35 मीटर से बहुत दूर था। यह मौजूदा सत्र में उनके सर्वश्रेष्ठ प्रयास 82.06 से भी कम है, जो पिछले महीने भुवनेश्वर में फेडरेशन कप में आया था।

### डोरमी ओपन में प्रणवी संयुक्त बढ़त पर

**हेल्सिंगबर्ग (स्वीडन)।** भारतीय गोल्फर प्रणवी उर्स लेडीज यूरोपियन टूर में अपना शानदार प्रदर्शन जारी रखते हुए डोरमी ओपन में दूसरे दौर के बाद तालिका में संयुक्त रूप से शीर्ष पर पहुंच गई है। उन्होंने बारिश से प्रभावित पहले दौर में दो अंडर 70 का कार्ड खेलने के बाद दूसरे दौर में छह अंडर 66 का शानदार कार्ड खेला। प्रणवी इंग्लैंड की कारा गेनर (65-71) के साथ बढ़त बना ली है। प्रणवी पिछले सप्ताह जाबरा क्लासिक गोल्फ प्रतियोगिता से हटने से पहले इस सत्र में इस प्रतियोगिता में कट में जगह बनाने में सफल रही है। अन्य भारतीयों में त्वेसा मलिक (70-71) संयुक्त 15वें स्थान पर है और वह कट में आसानी से जगह बना लेंगी। पहले दौर में 70 का कार्ड खेलने वाली दीक्षा ने दूसरे दौर में अपना खेल शुरू नहीं किया है।

### शुभंकर ने यूरोपीय ओपन के कट में जगह बनाई




**हैमबर्ग (जर्मनी)।** शुभंकर शर्मा शनिवार को यहां यूरोपीय ओपन के दूसरे दौर में एक अंडर 72 का कार्ड खेलने के बाद कट में जगह बनाने में सफल रहे। शुभंकर दो दौर के खेल के बाद कुल एक अंडर के स्कोर के साथ संयुक्त रूप से 38वें स्थान पर है। पहले राउंड में तीन बर्डी और तीन बोगी के साथ 73 का स्कोर करने वाले इस भारतीय खिलाड़ी ने दूसरे दौर में तीन बोगी के मुकाबले चार बर्डी लगाईं। इस बीच वीर अहलावत (79-70) और ओम प्रकाश चौहान (75-76) कट में जगह बनाने में नाकाम रहे।

### इंडियन ओपन ऑफ सर्फिंग में तमिलनाडु का दबदबा

**मंगलुरु।** इंडियन ओपन ऑफ सर्फिंग के पांचवें संस्करण के दूसरे दिन शनिवार को भी तमिलनाडु के सर्फर्स ने अपना दबदबा बनाये रखा और पुरुषों के ओपन श्रेणी में चारों फाइनल स्थान और महिला ओपन श्रेणी के फाइनल में दो स्थान हासिल किए। दूसरे दिन की शुरुआत पुरुषों के ओपन सर्फ श्रेणी के क्वार्टरफाइनल्स के साथ हुई, जहां सिवराज बाबू और तमिलनाडु के सर्फर्स ने बढ़त को जारी रखा, सिवराज ने दिन के सबसे अधिक अंक (15.17) इकट्ठे किए। इस श्रेणी में अन्य सर्फर्स जो सिवराज के साथ सेमीफाइनल्स में शामिल हुए वे संजेकुमार एस (12.83), संजय सेल्वमानी (11.63), अजीष अली (11.43), श्रीकांत डी (10.33), मणिवन्ना टी (9.40) थे। दिन की प्रक्रिया सर्फिंग ग्रोम्स 16 और अंडर बॉयज क्वार्टर फाइनल के साथ शुरू हुई, जहां हरीश पी, जो वर्तमान में भारत में 5वें स्थान पर हैं, ने 10.17 के साथ श्रेणी में उच्चतम स्कोर बनाया।

### दिनेश कार्तिक ने सभी प्रारूपों से लिया संन्यास



**चेन्नई।** भारत के पूर्व विकेटकीपर बल्लेबाज दिनेश कार्तिक ने दो दशक तक देश के लिए खेलने के बाद शनिवार को प्रतिस्पर्धी क्रिकेट के सभी प्रारूपों से संन्यास की घोषणा की। रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु (आरसीबी) के इंडियन प्रीमियर लीग एलिमिनेटर से बाहर होने के बाद उनका संन्यास लेना तय था लेकिन कार्तिक ने अपने 39वें जन्मदिन पर आधिकारिक रूप से फैसला लिया। कार्तिक ने एक्स पर लिखा, काफी सोच विचार के बाद मैंने प्रतिस्पर्धी क्रिकेट से संन्यास लेने का फैसला किया है। मैं आधिकारिक तौर पर अपने संन्यास की घोषणा करता हूं और आगे आने वाली नई चुनौतियों के लिए तैयार हूं। तीनों प्रारूपों में भारत के लिए 180 मैच में प्रतिनिधित्व करते हुए कार्तिक ने एक शतक और 17 अर्धशतक से 3463 रन बनाए हैं। बतौर विकेटकीपर उन्होंने 172 को आउट किया है।

# अभ्यास मैच में भारतीय टीम ने बांग्लादेश को 60 रन से रौंदा

न्यूयार्क, एजेंसी

टी-20 विश्वकप के खिताब पर दूसरी बार कब्जे के इरादे से निकले भारतीयों ने शनिवार को अपने एकमात्र अभ्यास मैच में बांग्लादेश को 60 रनों से रौंद दिया। अभ्यास मैच में पहले बल्लेबाजी करते हुए भारत ने निर्धारित 20 ओवर में पांच विकेट पर 182 रन बनाए जिसके जवाब में बांग्लादेश की 19.5 ओवर में नौ विकेट पर 121 रन ही बना सकी। पूरे मैच में भारतीयों के आगे बांग्लादेश किसी भी विभाग में नहीं टिके।

ऋषभ पंत ने मात्र 32 गेंदो में चार चौके और चार छक्के की मदद से 53 रन ठोके वहीं आखिरी ओवरों में बल्लेबाजी करने उतरे हार्दिक पांड्या ने 23 गेंदों में दो चौके और चार छक्के की बदौलत 40 रन की नाबाद पारी खेली। शिवम दुबे (14) अपने अंदाज के अनुरुप छाप छोड़ने में विफल रहे वहीं संजू सैमसन भी अपने हाथ दिखाने में सफल नहीं हुए। विस्फोटक सूर्य कुमार यादव अपने चिरपरिचित अंदाज से खेले और 18 गेंदों में चार चौकों की मदद से 31 रन बनाकर लौटे। रोहित शर्मा ने 23 रन बनाए। कप्तान रोहित ने 20 ओवर के खेल में आठ गेंदबाजों को हाथ खोलने का मौका दिया। शिवम दुबे ने दो विकेटों चटकाए वहीं अर्शदीप ने दो विकेट झटके। बुमराह, अक्षर, हार्दिक और जडेजा ने एक-एक विकेट बांटे। बांग्लादेश की ओर से महमूदउल्लाह (40) और शाकिब (28) ही कुछ समय तक भारतीय आक्रमण के सामने टिक सके।



# जीत की तलाश में उतरेगी वेस्टइंडीज

जॉर्जटाउन (गुयाना), एजेंसी

ईडन गार्डन्स में कार्लोस ब्रेथवेट के चार छक्कों से दूसरा टी-20 विश्व खिताब जीतने के आठ से ज्यादा साल बाद वेस्टइंडीज की टीम रविवार को यहां जब नौवें चरण में घरेलू मैदान पर पापुआ न्यू गिनी (पीएनजी) के खिलाफ उतरेगी तो उसकी कोशिश जीत से शुरूआत कर मजबूती हासिल करने की होगी।

ब्रेथवेट ने तब बेन स्टोक्स पर अंतिम ओवर में लगातार चार छक्के जड़े थे जिससे वेस्टइंडीज दो बार टी-20 विश्व कप खिताब जीतने वाली पहली टीम बनी थी। इससे पहले उन्होंने 2012 में खिताब जीता था, लेकिन इसके बाद टीम बदलाव के दौर में खुद को संभाल नहीं सकी और उसका प्रदर्शन निराशाजनक रहा। 2021 में उन्हें पांच में से चार मैच में हार मिली जिससे टीम सुपर 12 से बाहर हो गई। इसके बाद तो हालत और खराब हो गए और ऑस्ट्रेलिया में 2022 चरण में वेस्टइंडीज कमजोर स्कॉटलैंड और आयरलैंड से हारकर मुख्य दौर के लिए क्वालीफाई भी नहीं कर सकी। ईडन गार्डन्स में पिछला खिताब जीते हुए 2982 दिन हो गए हैं और अब जब टूर्नामेंट उनकी सरजमीं पर हो रहा है तो वे ट्राफी जीतने के लिए बेताब होंगे।



### कनाडा के खिलाफ अमेरिका का पलड़ा भारी

**डलास।** अमेरिका और कनाडा के बीच होने वाले टी-20 विश्व कप मुकाबले में हाल में आईसीसी की पूर्ण सदस्य बांग्लादेश को हराने वाली मेजबान टीम जीत की दावेदार होगी। यह मुकाबला भारतीय समयानुसार दो जून को सुबह छह बजे होगा। ऑस्ट्रेलिया के पूर्व बल्लेबाज स्टुअर्ट लॉ अमेरिका के कोच हैं। टी20 विश्व कप में पदार्पण करने वाली टीम कुछ हैरानी भरे नतीजे हासिल कर सकती है। अमेरिका ने टूर्नामेंट की तैयारियों में पूर्ण सदस्य बांग्लादेश को 2-1 से हराकर साबित कर दिया कि उसे कमजोर नहीं आंका जा सकता। हाल में अमेरिका ने कनाडा को 4-0 से हराया था। न्यूजीलैंड के पूर्व खिलाड़ी और 2015 विश्व कप फाइनल खेलने वाले कोरी एंडरसन भी टीम में हैं जिसकी अगुआई विकेटकीपर बल्लेबाज मोनांक पटेल करेंगे।

# अल्काराज और सबालेंका ने जीते मैच

पेरिस, एजेंसी

स्टेफानोस सिटसिपास ने सीधे सेटों में जीत दर्ज करके कार्लोस अल्काराज, यानिक सिनर और इगा स्वियातेक के साथ फ्रेंच ओपन टेनिस टूर्नामेंट के चौथे दौर में प्रवेश किया। सिटसिपास ने झांग झिझेन को 6-3, 6-3, 6-1 से पराजित किया। उनका अगला मुकाबला इटली के गैर वरीयता प्राप्त माटेओ अर्नाल्डी से होगा जिन्होंने छठी वरीयता प्राप्त आंद्रे रुबलेव को 7-6 (6), 6-2, 6-4 से हराया।

इटली के दूसरी वरीयता प्राप्त खिलाड़ी सिनर ने पावेल कोटोव को 6-4, 6-4, 6-4 से हराया। ऑस्ट्रेलियाई ओपन चैंपियन सिनर का अगला मुकाबला फ्रांस के कोरेंटिन मौटेट से होगा। एलिना रिबाकिना और आर्यना सबालेंका ने शनिवार को यहां सीधे सेट में जीत दर्ज कर फ्रेंच ओपन टेनिस ग्रैंडस्लैम के चौथे दौर में प्रवेश किया। रिबाकिना ने बेल्जियम की एलिसे मर्टन्स को हराया। सबालेंका ने पाउला बडोसा पर जीत हासिल की।

दो बार के ग्रैंडस्लैम विजेता कार्लोस अल्काराज ने भी 27वीं वरीयता प्राप्त अमेरिकी सेबेस्टियन कोर्डा को 6-4, 7-6 (5), 6-3 से हराकर चौथे दौर में जगह बनाई। अल्काराज पिछले साल फ्रेंच ओपन के सेमीफाइनल में नोवाक जोकोविच से हार गए थे। महिला वर्ग में शीर्ष वरीयता प्राप्त स्वियातेक ने मैरी बौजकोवा को 6-4, 6-2 से हराकर चौथे दौर में प्रवेश किया। उनका अगला मुकाबला गैर वरीयता प्राप्त अनास्तासिया पोटापोवा से होगा। अमेरिका की तीसरी वरीयता प्राप्त कोको गॉफ ने ऑस्ट्रेलियाई ओपन की सेमीफाइनलिस्ट दयाना यास्त्रेम्स्का को 6-2, 6-4 से हराया, लेकिन उनकी हमवतन सोफिया केनिन को हार का सामना करना पड़ा। केनिन को डेनमार्क की गैरवरीयता प्राप्त खिलाड़ी क्लारा टूसन ने 6-2, 7-5 से हराया। टूसन का अगला मुकाबला विंबलडन में दो बार उपविजेता रही ओन्स जबूर से होगा। ट्यूनीशिया की आठवीं वरीयता प्राप्त जबूर ने 31वीं वरीयता प्राप्त कनाडाई खिलाड़ी लेयला फर्नांडीज को 6-4, 7-6 (5) से हराया। विंबलडन चैंपियन मार्केटा वोंद्रोसोवा ने फ्रांसीसी खिलाड़ी क्लो पैक्वेट को 6-1, 6-3 से पराजित किया। चेक गणराज्य की पांचवीं वरीयता प्राप्त खिलाड़ी का सामना अब क्वालीफायर ओल्गा डैनिलोविच से होगा।

भारत के एन श्रीराम बालाजी और मैक्सिको के उनके जोड़ीदार मिगुएल एंजेल रेयेस-वेरेला मार्टिनेज ने डैन एडेड और थियो एरिबेज की जोड़ी को तीन सेटों में हराकर पहली बार फ्रेंच ओपन प्री-क्वार्टर फाइनल में जगह बनाई। बालाजी और मार्टिनेज की जोड़ी ने एक घंटे 42 मिनट तक चले दूसरे दौर के मैच में फ्रांस की जाड़ी को 6-4, 3-6, 6-2 से हराया।


● फ्रेंच ओपन: स्टेफानोस सिटसिपास चौथे दौर में स्वियातेक, रिबाकिना और सिनर भी बढ़े आगे

# सेमीफाइनल में हार के बाद त्रिसा-गायत्री का सफर खत्म

सिंगापुर, एजेंसी

भारत की त्रिसा जॉली और गायत्री गोपीचंद की जोड़ी का सिंगापुर ओपन में स्वप्निल सफर शनिवार को यहां सेमीफाइनल में नामी मातसुयामा और चिहारू शिडा की दुनिया की चौथे नंबर की जोड़ी से सीधे गेम में हार के साथ समाप्त हो गया। इस हार से भारत का बीडब्ल्यूएफ विश्व टूर सुपर 750 में भी अभियान खत्म हो गया। गैर वरीयता प्राप्त भारतीय जोड़ी की निगाहें शीर्ष 10 खिलाड़ियों पर जीत की हैट्रिक बनाने पर लगी थी लेकिन ऐसा नहीं हो सका।

राष्ट्रमंडल खेलों की कांस्य पदक विजेता त्रिसा और गायत्री की जोड़ी जापान की खिलाड़ियों के आगे नहीं टिक सकीं जिन्होंने 47 मिनट में 23-21 21-11 से जीत हासिल की। जापान की जोड़ी ने इस तरह फरवरी में एशिया टीम चैंपियनशिप में त्रिसा और गायत्री से सेमीफाइनल में मिली हार का बदला चुकता किया। जापान की जोड़ी का भारतीय जोड़ी के खिलाफ जीत का रिकॉर्ड अब 3-1 हो गया है। त्रिसा और गायत्री ने इससे पहले दुनिया की दूसरे नंबर की बाएक हा ना और ली सो ही की जोड़ी को प्री क्वार्टर में और दुनिया की छठे नंबर की किम सो यियोंग और कोंग ही यंग की जोड़ी को क्वार्टरफाइनल में हराया था।

**सिंगापुर ओपन**



# भारत ने जर्मनी को हराया

लंदन, एजेंसी

भारत ने जर्मनी की कमजोर रक्षापंक्ति का फायदा उठाते हुए तीन गोल दागे जिससे हरमनप्रीत सिंह की अगुआई वाली टीम ने शनिवार को यहां एफआईएच प्रो हॉकी लीग में विश्व चैम्पियन को 3-0 से हराकर लंदन चरण में जीत से शुरुआत की। ड्रैग फ्लिकर हरमनप्रीत (16वें मिनट), सुखजीत सिंह (41वें मिनट) और गुरजंत सिंह (44वें मिनट) ने जर्मनी की युवा टीम के खिलाफ गोल दागे। जर्मनी ने शानदार शुरुआत की लेकिन अपनी लय बरकरार नहीं रख सकी।

विश्व की पांचवें नंबर की भारतीय टीम 13 मैचों में 24 अंक लेकर तीसरे स्थान पर बनी हुई है जबकि अर्जेंटीना 14 मैचों में 26 अंक लेकर दूसरे स्थान पर है। भारत ने प्रो लीग के एंटवर्प चरण में अर्जेंटीना को दो बार हराया था। नीदरलैंड 12 मैचों में 26 अंक लेकर तालिका में शीर्ष पर है। भारत के अनुभवी गोलकीपर पीआर श्रीजेश ने पहले क्वार्टर में जर्मनी के लगातार हमलों को रोकते हुए दो पेनल्टी कॉर्नर को नाकाम कर दिया। दूसरे क्वार्टर के पहले ही मिनट में हरमनप्रीत ने पेनल्टी कॉर्नर को गोल में बदलकर दुनिया की तीसरे नंबर की टीम को दबाव में ला दिया।

वहीं, भारतीय महिला टीम का एफआईएच प्रो लीग में निराशाजनक प्रदर्शन जारी रहा और वह शनिवार को यहां इंग्लैंड चरण के पहले मैच में जर्मनी से 1-3 से हार गई। एफआईएच प्रो लीग के यूरोपीय चरण में यह भारत की लगातार पांचवीं हार थी, इसी माह में एंटवर्प में बेल्जियम और अर्जेंटीना ने दो-दो बार हराया था।




# टीम की हार के बाद रो पड़े रोनाल्डो



**जेद्दा।** दिग्गज फुटबॉलर क्रिस्टियानो रोनाल्डो अपनी टीम अल नासर के किंग्स कप के फाइनल में अल हिलाल के हाथों हार के बाद अपने आंसू नहीं रोक पाए। रोनाल्डो अपनी टीम की हार के बाद जब स्टेडियम से बाहर निकले तो उनकी आंखों में आंसू थे। यह लगातार दूसरा सत्र है जबकि रोनाल्डो की मौजूदगी के बावजूद अल नासर की टीम सऊदी अरब में कोई बड़ा टूर्नामेंट नहीं जीत पाई। अल हिलाल ने यह मैच पेनल्टी शूटआउट में 5-4 से जीता। दोनों टीम अतिरिक्त समय के बाद भी 1-1 से बराबरी पर थी जिसके बाद पेनल्टी शूटआउट का सहारा लिया गया। रोनाल्डो टीम की हार के बाद निराशा में जमीन पर लेट गए और उनके साथियों ने उन्हें सांत्वना दी।

### मुंबई सिटी एफसी ने ब्रैंडन के साथ किया करार

**मुंबई।** मुंबई सिटी एफसी ने शनिवार को भारत के मिडफील्डर ब्रैंडन फर्नांडिस के साथ तीन साल का अनुबंध किया, जो 2015 में आईएसएल की इस टीम के साथ संक्षिप्त समय बिताने के बाद वापसी कर रहे हैं। इस 29 वर्षीय खिलाड़ी ने इसके बाद सात साल तक एफसी गोवा का प्रतिनिधित्व किया। उन्होंने एफसी गोवा के लिए 130 मैचों में 17 गोल किए। इस दौरान गोवा की टीम ने 2019-20 में आईएसएल लीग शील्ड जीती। उन्होंने टीम को क्रमशः 2019 और 2021 में इंडियन सुपर कप और डूरंड कप जीतने में भी मदद की। गोवा के इस खिलाड़ी ने करार पर हस्ताक्षर करने के बाद कहा मैं मुंबई सिटी एफसी में वापसी करके खुश हूं।

स्वामी-रुहेलखंड इंटरप्राइजेज के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक शंभू दयाल वाजपेयी द्वारा अमृत विचार प्रकाशन, नवादा जोगियान, चक रोड, रोहिलखंड मेडिकल कॉलेज के सामने, बरेली (उ.प्र.), पिन कोड-243006 से मुद्रित एवं 932 कटरा चांद खां, भारत पेट्रोल पंप के सामने पीलीभीत बाईपास रोड बरेली (उ.प्र.) पिन कोड-243005 से प्रकाशित।
संपादक-शंभू दयाल वाजपेयी, कार्यकारी संपादक- नवीन गुप्ता* 0581-4000222 (कार्यालय), ईमेल-amritvichar120@gmail.com, info@amritvichar.com, आर.एन.आई नं0-UPHIN/2019/78502, *इस अंक में प्रकाशित समाचार के चयन एवं संपादन हेतु पी.आर.बी. एक्ट की धारा 7 के अंतर्गत उत्तरदायी। (नोट-सभी विवादों का न्यायक्षेत्र बरेली होगा)।

# रक्त के नमूने बदलने पर मां गिरफ्तार

पुणे कार हादसा

पुणे, एजेंसी

● पुलिस ने मां की मौजूदगी में नाबालिग से एक घंटे पूछताछ की



पुणे पुलिस ने पोर्श कार दुर्घटना मामले में नाबालिग आरोपी की मां को गिरफ्तार कर लिया है। उसे अदालत में पेश किया जा सकता है। शहर के पुलिस आयुक्त अमितेश कुमार ने शनिवार को यह जानकारी दी। नाबालिग की मां को इस बात की पुष्टि होने के बाद गिरफ्तार किया गया कि किशोर के रक्त नमूने उसके रक्त नमूने से बदले गए थे।

पुलिस ने अपनी जांच के तौर पर नाबालिग से उसकी मां की मौजूदगी में उस सुधार गृह में एक घंटे तक पूछताछ की जहां उसे 5 जून तक रखा गया है। पुलिस आयुक्त अमितेश कुमार ने दुर्घटना की जांच का हवाला देते हुए बताया कि किशोर के रक्त नमूने उसकी मां के रक्त नमूने से बदले गए थे। पुलिस ने दो दिन पहले एक स्थानीय अदालत में कहा था कि किशोर के रक्त के नमूने एक महिला के रक्त के नमूने से बदले गए थे। अतिरिक्त पुलिस आयुक्त शैलेश बलकवडे ने पुलिस के नाबालिग से पूछताछ करने से पहले कहा हम नाबालिग से उसकी मां की मौजूदगी में सुधार गृह के भीतर पूछताछ करेंगे। किशोर न्याय बोर्ड ने नाबालिग से पूछताछ करने के लिए शुक्रवार को पुलिस को अनुमति दी थी। किशोर न्याय अधिनियम के तहत किसी नाबालिग से पूछताछ उसके माता-पिता की उपस्थिति में ही की जा सकती है।

### मुख्यमंत्री ने मामले में गहन जांच का दिया आश्वासन

**जबलपुर।** पुणे में नाबालिग चालक की पोर्श गाड़ी से हुई दुर्घटना में जान गंवाने वाली आईटी पेशेवर अश्विनी कोष्टा के पिता ने कहा कि महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे ने इस दुर्घटना पर दुख व्यक्त कर दोषियों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई का आश्वासन दिया है। महाराष्ट्र सरकार की ओर से जबलपुर भेजे गए विशेष कार्य अधिकारी (ओएसडी) ने मुख्यमंत्री शिंदे से फोन पर बात कराई। पुणे के कल्याणी नगर में 19 मई को तेज रफ्तार पोर्श कार ने मध्य प्रदेश की निवासी 24 वर्षीय अश्विनी कोष्टा और उसके दोस्त अनीश अवधिया की मोटरसाइकिल को टक्कर मार दी थी।

# किशोरावस्था में धूम्रपान की लत मौत को निमंत्रण




विश्व स्वास्थ्य संगठन की 2024 की रिपोर्ट के अनुसार, दुनिया भर में 13 से 15 वर्ष की आयु के लगभग तीन करोड़ 70 लाख बच्चे तंबाकू का इस्तेमाल करते हैं। 2023 में, ई-सिगरेट अमेरिका में सबसे अधिक इस्तेमाल किया जाने वाला तंबाकू उत्पाद था, जिसमें 7.7% मिडिल स्कूल और हाई स्कूल के छात्रों ने ई-सिगरेट के उपयोग की सूचना दी थी। सिगरेट अगला सबसे आम था, 1.6% माध्यमिक और उच्च विद्यालय के छात्रों ने कहा कि उन्होंने पिछले महीने में इसका सेवन किया था। शोध से पता चलता है कि ज्यादातर लोग तंबाकू का सेवन बचपन से ही शुरू कर देते हैं। रटगर्स विश्वविद्यालय में सामाजिक और व्यवहार विज्ञान के एसोसिएट प्रोफेसर जॉन-पैट्रिक अल्लेम ने कहा मैं एक सार्वजनिक स्वास्थ्य शोधकर्ता हूं जो उन विभिन्न तरीकों का अध्ययन करता है जिनसे निगम किशोर स्वास्थ्य को प्रभावित करते हैं, वर्तमान परियोजनाएं किशोरों और युवा वयस्कों के बीच तंबाकू मार्केटिंग के जोखिम के स्रोतों की पहचान करने पर केंद्रित हैं।

### धूम्रपान दिमाग पर डालता है असर, हर अंग के लिए हानिकारक

धूम्रपान मानव शरीर के हर अंग के लिए हानिकारक है और अन्य समस्याओं के अलावा कई प्रकार के कैंसर और हृदय रोग का कारण माना जाता है। ई-सिगरेट और खैनी जैसे उत्पादों में मौजूद निकोटीन, किशोरों के मस्तिष्क के विकास के लिए हानिकारक है। किशोर मस्तिष्क प्रारंभिक वयस्कता में विकसित होता है, विशेषकर प्रीफ्रंटल कॉर्टेक्स में। मस्तिष्क का यह हिस्सा उच्च संज्ञानात्मक विकास में शामिल है, जिसमें ध्यान, स्मृति और संज्ञानात्मक लचीलेपन से संबंधित कार्य शामिल हैं। शोध से पता चला है कि निकोटीन के संपर्क से मस्तिष्क में दीर्घकालिक कार्यात्मक और संरचनात्मक परिवर्तन होते हैं। दशकों के शोध से पता चला है कि कैसे तंबाकू कंपनियां अपने व्यवसाय को बनाए रखने और बढ़ाने के लिए युवा ग्राहकों को आकर्षित करने के लिए वर्षों तक तंबाकू उत्पादों की मार्केटिंग करती रहीं।

### जागरुकता बढ़ाने की जरूरत

बच्चों और किशोरों को उन संदेशों से बचाने के लिए सिगरेट और ई-सिगरेट मार्केटिंग पर प्रतिबंधों को प्रभावी ढंग से लागू और विस्तारित करना होगा जो उन्हें धूम्रपान और वेपिंग के लिए प्रोत्साहित करते हैं। युवाओं को तंबाकू की लत से बचाने के लिए हर जगह अतिरिक्त प्रयासों की आवश्यकता है। अधिकांश माता-पिता, शिक्षक और अन्य प्राधिकारी शायद इस बात से अनभिज्ञ हैं कि युवा किस हद तक ऑनलाइन तंबाकू सामग्री के संपर्क में हैं, जिसमें तंबाकू विज्ञापन और सोशल मीडिया पर सहकर्मी-जनित पोस्ट शामिल हैं जो तंबाकू के उपयोग को सामान्य बनाते हैं।

### बदल रहा मार्केटिंग का तरीका

सोशल मीडिया प्लेटफार्मों के जरिये तंबाकू कंपनियों को अपनी मार्केटिंग रणनीति को पत्रिकाओं, बिलबोर्ड और खुदरा स्टोर जैसे पारंपरिक चैनलों से ऑनलाइन चैनलों में स्थानांतरित करने के लिए प्रेरित किया है, जिससे युवा लोगों की ओर से स्क्रीन पर बिताए जा रहे समय का फायदा उठाया जा रहा है। तंबाकू कंपनियों ने ब्रांडेड सोशल मीडिया अकाउंट पेजों और सोशल मीडिया इन्फ्लुएंसर्स की मदद से ऑनलाइन तंबाकू के उपयोग को सामान्य बनाने में मदद की है।

## एक नजर

### वियतनामी राजदूत की पत्नी लापता होने के 4 घंटे बाद मिली

**इस्लामाबाद।** पाकिस्तान में वियतनाम के राजदूत गुयेन टीएन फोंग की पत्नी शनिवार को लापता हो गईं। इस्लामाबाद पुलिस ने एक्स पर एक पोस्ट में कहा कि चार घंटे के अंदर पुलिस ने वियतनामी राजदूत की पत्नी को खोज निकाला। सात टीमें शहर के कैमरों और सेलुलर तकनीक की मदद से उन्हें खोजने के लिए काम कर रही थीं। राजदूत की पत्नी को उनके पति के साथ घर वापस भेज दिया गया। वह एफ 9 पार्क के मेगा जोन में मौजूद थी। पति से बहस होने के बाद वह सुबह 11 बजे घर से निकल गयी थी।

### आईएसआईएस संदिग्धों का आका गिरफ्तार

**कोलंबो।** श्रीलंका की पुलिस ने आईएसआईएस के साथ कथित संबंधों के कारण भारत में अहमदाबाद हवाई अड्डे से गिरफ्तार किए गए चार श्रीलंकाई नागरिकों के आका (हैंडलर) को गिरफ्तार कर लिया है। डेली मिरर पोर्टल ने बताया कि कोलंबो में आपराधिक जांच विभाग ने पुष्पराजा उस्मान (46) को शुक्रवार को गिरफ्तार किया। उसकी गिरफ्तारी में मददगार साबित होने वाली विश्वसनीय जानकारी देने वाले को 20 लाख रुपए नकद इनाम देने की घोषणा की थी। पुलिस ने उसके खिलाफ नोटिस जारी किया था।

### ईरान ने अधिकारियों ने प्रतिबंधों की निंदा की

**तेहरान।** ईरान के विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता नासिर कनानी ने शुक्रवार को कई ईरानी अधिकारियों और संस्थाओं पर यूरोपीय संघ (ईयू) द्वारा लगाए गए नए प्रतिबंधों की निंदा की। कनानी ने कहा कि यूरोपीय संघ ने गाजा में इजरायली युद्ध अपराधों पर ध्यान केंद्रित करने और उनके लिए इजरायल को दंडित करने के बजाय, कुछ ईरानी अधिकारियों और संस्थाओं को अपनी प्रतिबंधों की सूची में शामिल किया था जो आतंकवाद के खिलाफ लड़ाई में अग्रणी और प्रभावी थे।

### मिशेल ओबामा की मां मारिया का निधन

**वाशिंगटन।** अमेरिका की पूर्व प्रथम महिला मिशेल ओबामा की मां मारियां शील्ड्स रॉबिन्सन का निधन हो गया है। वह 86 वर्ष की थी। वह अपने दामाद बराक ओबामा के राष्ट्रपति चुने जाने पर उनके परिवार के साथ व्हाइट हाउस में ही रही थीं। 'व्हाइट हाउस' अमेरिका के राष्ट्रपति का आधिकारिक आवास एवं कार्यालय है। मिशेल ओबामा और परिवार के अन्य सदस्यों ने एक बयान जारी कर रॉबिन्सन के निधन की जानकारी दी।

## सिंगापुर के शंगरी-ला रक्षा मंच पर कई देशों के रक्षा मंत्रियों ने रखी अपनी बात

# चीन से युद्ध पर अमेरिका बोला हर बातचीत सुखद नहीं होती

ऑस्टिन सिंगापुर, एजेंसी

सिंगापुर के शंगरी-ला रक्षा मंच पर कई देशों के रक्षामंत्री पहुंचे। यहां कई नेता द्विपक्षीय संबंधों को मजबूत करते दिए तो कई एक दूसरे को चेतावनी देते नजर आए। अमेरिका के रक्षामंत्री लॉयड ऑस्टिन ने शीर्ष सुरक्षा अधिकारियों के एक समूह से कहा कि एशिया-प्रशांत में तेजी से बढ़ते तनाव के बावजूद चीन के साथ युद्ध न तो आसन्न है और न ही अपरिहार्य है।

चीन से युद्ध पर पूछे गए सवाल पर ऑस्टिन ने कहा हर बातचीत सुखद नहीं होती। उन्होंने गलतफहमियों से बचने के लिए उनके तथा चीनी समकक्ष के बीच नए सिरे से संवाद की महत्ता पर जोर दिया। ऑस्टिन ने सिंगापुर में शंगरी-ला रक्षा मंच पर ये टिप्पणियां चीन के रक्षा मंत्री डोंग जुन के साथ एक घंटे से अधिक समय तक चली बैठक के बाद कीं। वर्ष 2022 में नैंसी पेलोसी की ताइवान यात्रा के बाद अमेरिका और चीन की सेनाओं के बीच संपर्क समाप्त हो गया था। इसके बाद से दोनों शीर्ष रक्षा अधिकारियों के बीच यह आमने-सामने की पहली बैठक है। विस्तार से बताने से इनकार करते हुए ऑस्टिन ने कहा दोनों नेता फिर से बात कर रहे हैं।



अमेरिका के रक्षामंत्री अपने चीनी समकक्ष के साथ।

### अमेरिका-भारत संबंध साझा दृष्टिकोण

**सिंगापुर।** अमेरिकी रक्षा मंत्री लॉयड जे ऑस्टिन ने कहा कि अमेरिका-भारत संबंध साझा दृष्टिकोण एवं मूल्यों पर आधारित है तथा दोनों देशों के संबंधों की गति में और तेजी आयेगी। ऑस्टिन ने द्विपक्षीय संबंधों के बारे में एक प्रतिनिधि के प्रश्न के उत्तर में यह टिप्पणी की। हर साल सिंगापुर में आयोजित होने वाला सांगरी ला डायलॉग एशिया का एक प्रमुख रक्षा सम्मेलन है। अमेरिकी रक्षा मंत्री ने प्रतिनिधियों से कहा फिलहाल भारत के साथ जो हमारा संबंध है, वह पहले जितना ही अच्छा या उससे भी बेहतर है। उन्होंने कहा हम भारत में बख्तरबंद वाहनों का सह-उत्पादन कर रहे हैं। इस परियोजना में अच्छी प्रगति हुई है।

### चीन बोला - ताइवान को आजाद नहीं होने देंगे

चीन के केंद्रीय सैन्य आयोग के संयुक्त स्टाफ विभाग के उप प्रमुख लेफ्टिनेंट जनरल जिंग जियानफेंग ने शनिवार को कहा कि चीनी पीपुल्स लिबरेशन आर्मी (पीएलए) ताइवान को कभी भी स्वतंत्र होने या अलग होने की अनुमति नहीं देगी। सिंगापुर में आईआईएसएस शांगरी-ला डायलॉग के मौके पर जिंग ने यह बयान दिया। ताइवान की आजादी युद्ध के समान है। सैन्य अधिकारी ने कहा कि पीएलए सैनिकों को प्रशिक्षित करना, युद्ध की स्थिति में तैयारी करना और ताइवान की स्वतंत्रता के खिलाफ लड़ाई जारी रखेगी।

### भारत से और मजबूत करेंगे संबंध : फिलीपींस

फिलीपीन के राष्ट्रपति फर्डिनेंड मार्कोस जूनियर ने कहा है कि उनकी सरकार क्षेत्रीय स्थिरता में मददगार स्तंभों के निर्माण के क्रम में भारत जैसे मित्रों के साथ संबंधों को और अधिक मजबूत करेगी। इसके साथ ही उन्होंने चीन को दक्षिण चीन सागर में सीमा रेखा पार न करने की चेतावनी देते हुए कहा कि यदि बीजिंग के जानबूझकर किए गए कार्यों के परिणामस्वरूप फिलीपीन के किसी भी नागरिक की मृत्यु होती है तो मनीला इसे युद्ध के कृत्य के रूप में मानेगा और इसी के अनुसार जवाबी कार्रवाई करेगा।

## साइबर ठगों ने नोएडा के व्यवसायी से नौ करोड़ ठगे

**नोएडा।** शेयर बाजार में निवेश का झांसा देकर साइबर ठगों ने एक व्यवसायी से 9.9 करोड़ रुपये ठग लिए। पुलिस अनुसार, एक महीने पहले पीड़ित को व्हॉट्सऐप समूह में जोड़ा गया था और फिर एप डाउनलोड करा शेयर बाजार कारोबार में फर्जी मुनाफे का लालच देकर ठगी को अंजाम दिया गया।

उसने बताया कि शुक्रवार को सेक्टर-36 स्थित साइबर क्राइम थाने में प्राथमिकी दर्ज कर ली गई है और कारोबारी के खाते में 1.62 करोड़ रुपये के लेनदेन को रोक दिया गया है। उसने बताया कि जांच जारी है। सहायक पुलिस आयुक्त (साइबर अपराध पुलिस थाना) विवेक रंजन राय ने कहा सेक्टर-40 ब्लॉक-बी के रजत बोथरा ने पुलिस को बताया कि 28 अप्रैल को उन्हें व्हॉट्सऐप समूह पर जोड़ा गया।

समूह में शेयर बाजार कारोबार के मुनाफे के बारे में बताया जाता था। उन्होंने 27 मई तक शेयर बाजार कारोबार में 9.09 करोड़ रुपये का निवेश किया। हालांकि, इसके बाद उनका (ट्रेडिंग) खाता बंद हो गया। राय ने कहा जब हमें शिकायत मिली तो हमने तुरंत जांच शुरू कर दी और हम उनके बैंक खाते से 1.62 करोड़ रुपये का लेन-देन रोकने में कामयाब रहे।

# दक्षिण अफ्रीका में एएनसी पार्टी को नहीं मिला बहुमत

जोहानिसबर्ग, एजेंसी

● रंगभेद से मुक्त कराने वाली एएनसी पार्टी ने 30 साल बाद गंवाया बहुमत पहली बार बनेगी गठबंधन सरकार

दक्षिण अफ्रीका में 29 मई को हुए आम चुनाव के परिणाम सामने आ गए हैं। यहां हुए ऐतिहासिक चुनाव के परिणाम में अफ्रीकन नेशनल कांग्रेस (एएनसी) को संसद में बहुमत नहीं मिला। दक्षिण अफ्रीका को रंगभेद से मुक्त कराने वाली एएनसी पार्टी ने इस तरह 30 साल में पहली बार बहुमत गंवा दिया। खबर लिखे जाने तक 99.5 प्रतिशत मतगणना हो चुकी थी और सत्तारूढ़ एएनसी को 40% से अधिक मत मिले है जो बहुमत से कम है।

राष्ट्रपति सिरिल रामाफोसा के नेतृत्व वाली एएनसी ने 30 साल पहले 1994 में नेल्सन मंडेला के निर्वाचित होने के बाद पहली बार अपना बहुमत खो दिया। निर्वाचन आयोग ने अभी अंतिम नतीजों की औपचारिक रूप घोषणा नहीं की है। विपक्षी दलों ने इसे गरीबी और असमानता से जूझ रहे देश के लिए एक महत्वपूर्ण सफलता बताया। एएनसी हालांकि किसी तरह सबसे बड़ी पार्टी बनी रही, लेकिन अब उसे सरकार में बने रहने और राष्ट्रपति रामाफोसा को दूसरे कार्यकाल के लिए फिर से चुनने के लिए गठबंधन सहयोगियों की तलाश करनी होगी। राष्ट्रीय चुनाव के बाद संसद दक्षिण अफ्रीकी राष्ट्रपति का चुनाव करती है। इस परिणाम से दक्षिण अफ्रीका में एएनसी का तीन दशक से चला आ रहा प्रभुत्व समाप्त हो गया।



बहुमत न मिलने से निराश एएनसी नेता व राष्ट्रपति सिरिल रामफोसा।

### जादुई आंकड़े से दूर

सरकार बनाने के लिए वार्ताओं का दौर शुरू होने वाला है और संभवत: वे जटिल होंगी। एमके पार्टी ने कहा कि किसी भी समझौते के लिए उनकी शर्तों में से एक यह है कि रामाफोसा को एएनसी नेता और अध्यक्ष के पद से हटा दिया जाये। एएनसी बहुमत के जादुई आंकड़े से बहुत दूर है और ऐसी संभावना है कि उसे तीन मुख्य विपक्षी दलों में से किसी एक से संपर्क करना होगा।

# बाइडेन का दावा- इजराइल ने सीजफायर प्रस्ताव स्वीकारा

वाशिंगटन, एजेंसी

● कहा-अब जंग रोकने का वक्त आ गया, हमास में इजराइल पर और हमले करने की हिम्मत नहीं



अमेरिकी राष्ट्रपति जो बाइडेन ने शुक्रवार को दावा किया कि इजराइल ने एक नए सीजफायर प्लान को स्वीकार कर लिया है। व्हाइट हाउस में हुई प्रेस कॉन्फ्रेंस में बाइडेन ने कहा कि हमास अब इजराइल पर और हमले करने की हिम्मत नहीं रखता है। इजराइल ने कहा है कि वो सभी बंधकों की रिहाई के बदले जंग खत्म करने को तैयार है।

अमेरिकी राष्ट्रपति चुनावों के बीच इजराइल का समर्थन करने पर बाइडेन की काफी आलोचना हो रही है। इस बीच व्हाइट हाउस के स्टेट डाइनिंग रूम से उन्होंने कहा, अब जंग खत्म करने का वक्त आ गया है। बाइडेन ने कहा कि इजराइल ने जंग रोकने के लिए प्रोपोजल दिया है। हमास भी सीजफायर की मांग कर रहा है। यही वक्त है कि वो ये साबित कर दें कि वे सच में सीजफायर के लिए तैयार हैं। न्यूयॉर्क टाइम्स के मुताबिक हमास-इजराइल के बीच किसी भी तरह की सीजफायर बाइडेन की चुनावी कैंपेन में अहम भूमिका निभाएगी।

## पासिंग आउट परेड



चेन्नई के ताम्बरम वायु सेना स्टेशन पर संयुक्त पासिंग आउट परेड के दौरान अग्निवीर वायु प्रशिक्षु ने सलामी दी। 234 महिलाओं सहित 1983 अग्निवीर वायु प्रशिक्षु उत्तीर्ण हुए। ● एजेंसी

# सार्वजनिक भूमि पर समाधि की इजाजत दी तो गंभीर परिणाम होंगे

नई दिल्ली, एजेंसी

● दिल्ली हाईकोर्ट ने महंत नागा बाबा शंकर द्वारा उनके उत्तराधिकारी के माध्यम से दायर याचिका की खारिज

दिल्ली हाईकोर्ट ने कहा यदि प्रत्येक साधु, बाबा और गुरु को सार्वजनिक भूमि पर मंदिर या समाधि स्थल बनाने और निजी लाभ के लिए इसका इस्तेमाल करने की अनुमति दी गई तो इसके विनाशकारी परिणाम होंगे तथा व्यापक जनहित खतरे में पड़ जाएगा।


कोर्ट ने कहा कि भगवान शिव के भक्त नागा साधु को सांसारिक मामलों से पूरी तरह विरक्त जीवन जीने की दीक्षा दी जाती है और उनके नाम पर संपत्ति का अधिकार मांगना उनकी मान्यताओं एवं प्रथाओं के अनुरूप नहीं है। न्यायमूर्ति धर्मेश शर्मा ने कहा हमारे देश में हमें विभिन्न स्थानों पर हजारों साधु, बाबा, फकीर या गुरु मिल जाएंगे और यदि उनमें से प्रत्येक को सार्वजनिक भूमि पर मंदिर या समाधि स्थल बनाने की अनुमति दी गई और निहित स्वार्थी समूह इसका निजी लाभ के लिए उपयोग करना जारी रखें, तो इसके विनाशकारी परिणाम होंगे एवं व्यापक सार्वजनिक हित खतरे में पड़ जाएगा। उच्च न्यायालय ने यह टिप्पणी महंत नागा बाबा शंकर गिरि द्वारा उनके उत्तराधिकारी के माध्यम से दायर याचिका खारिज करते हुए की, जिसमें जिला मजिस्ट्रेट को यहां त्रिवेणी घाट, निगमबोध घाट पर नागा बाबा भोला गिरि की समाधि की संपत्ति का सीमांकन करने का निर्देश देने का अनुरोध किया गया था।

## बॉलीवुड हलचल

### कार्तिक आर्यन के साथ काम करना शानदार अनुभव रहा : कबीर

**मुंबई।** अभिनेता कबीर का कहना है कि फिल्म भूल भुलैया 3 में कार्तिक आर्यन के साथ काम करना उनके लिए शानदार अनुभव रहा। अनीस बज्मी के निर्देशन में बन रही इस फिल्म में कार्तिक आर्यन, विद्या बालन, माधुरी दीक्षित और तृप्ति डिमरी की अहम भूमिका होंगी। इस फिल्म में कबीर भी अहम भूमिका में नजर आएंगे। भूल भुलैया 3 की शूटिंग पूरी हो गई है। कबीर ने कहा भूल भुलैया 3 में काम करना किसी रोमांच से कम नहीं रहा है। हमने फिल्म बनाने में जीजान लगा दी है। मुझे यकीन है कि फिल्म दर्शकों पर एक स्थायी प्रभाव छोड़ेगी। कार्तिक आर्यन और अनीस बज्मी सर के साथ काम करना शानदार अनुभव रहा। टी-सीरीज और सिने 1 स्टूडियोज द्वारा निर्मित भूल भुलैया 3 इस साल के अंत में रिलीज होने वाली है।

### बिग बॉस ओटीटी-3 को होस्ट करेंगे अनिल कपूर



**मुंबई।** बॉलीवुड के मिस्टर इंडिया अनिल कपूर बिग बॉस ओटीटी 3 को होस्ट करेंगे। जिसकी अनाउंसमेंट हो चुकी है। इस बार सलमान खान किन्हीं कारणों से होस्ट करेंगे। रियलिटी शो बिग बॉस ओटीटी का तीसरे सीजन जल्द शुरू होने वाला है, जिसका प्रोमो सामने आ चुका है। बिग बॉस ओटीटी 3 जियो सिनेमा पर प्रीमियर होने के लिए तैयार है। शो के प्रोमो और टीजर में अनिल कपूर बिग बॉस ओटीटी 3 के बारे में बताते नजर आ रहे हैं। बिग बॉस का आजाग जून में ही होगा।

## बाइडेन से मिला अमेरिकी स्पर्धा के फाइनल में पहुंचने वाला छात्र

**वाशिंगटन।** स्क्रिप्स नेशनल स्पेलिंग बी प्रतियोगिता के चैंपियन ब्रुहत सोम समेत फाइनल में जगह बनाने वाले सात अन्य प्रतिभागियों को व्हाइट हाउस आमंत्रित किया गया जो इन किशोर प्रतिभाओं के लिए जीवन का अहम अनुभव रहा।

फ्लोरिडा के 12 वर्षीय भारतीय-अमेरिकी छात्र ब्रुहत (सातवीं कक्षा के विद्यार्थी) को बृहस्पतिवार को स्क्रिप्स नेशनल स्पेलिंग बी प्रतियोगिता का विजेता घोषित किया गया और 50,000 अमेरिकी डॉलर से अधिक नकद और अन्य पुरस्कार दिए गए। एक दिन बाद, उन्हें व्हाइट हाउस ने एक कार्यक्रम में शामिल होने के लिए आमंत्रित किया जहां राष्ट्रपति जो बाइडन ने उनसे मुलाकात की।

पीली टी-शर्ट और माथे पर लाल तिलक लगाए ब्रुहत के साथ सात अन्य प्रतिभागी और उनके माता-पिता भी इस कार्यक्रम में शामिल हुए।

खगोल विज्ञान | जलवायु परिवर्तन को लेकर भौतिकी शोध में किया गया दावा

# जलवायु को प्रभावित करने में गुरुत्वाकर्षण बड़ी वजह

संवाददाता, नैनीताल

**अमृत विचार:** जैसे-जैसे जलवायु में बदलाव आ रहे हैं, वैसे वैसे पृथ्वी व अन्य ग्रहों के बीच चेताने वाले शोध सामने आ रहे हैं। हाल में भौतिकी आधार पर हुए शोध में सामने आई जानकारी के अनुसार गुरुत्वाकर्षण मंगल और पृथ्वी पर जलवायु व समुद्री धाराओं में बदलाव लाने का बड़ा कारण है।

ऑस्ट्रेलिया के सिडनी विश्वविद्यालय और पेरिस में सोरबोन विश्वविद्यालय के भू-वैज्ञानिकों ने भौतिक आधार पर साक्ष्य जुटाए हैं। जिसमें बताया गया है कि पृथ्वी और मंगल की कक्षाओं में 2.4 मिलियन वर्ष में बदलाव आता है। जिस कारण जलवायु में बड़ा परिवर्तन आता है। दरअसल गुरुत्वाकर्षण के कारण गर्म महासागरों के परिणामस्वरूप गहरा परिसंचरण अधिक तीव्र होता है। ध्यान रहे कि मंगल ग्रह में भी कभी गहरे विशाल सागर नदियां बहा करती थी, जो आज समाप्त हो चुके हैं। यह शोध नेचर कम्युनिकेशंस में प्रकाशित हुआ है। इस खोज के लिए वैज्ञानिकों को प्राचीन गहरे समुद्र के कोर में खुदाई करनी पड़ी। इससे पृथ्वी पर गुरुत्वाकर्षण के प्रभाव की जानकारी जुटाई गई। इससे समुंदर की जलधराओं पर गहरा प्रभाव पड़ता है, जो जलवायु परिवर्तन में गहरा असर डाल सकता है। इसकी सबसे बड़ी वजह मंगल और पृथ्वी के बीच जुड़े गुरुत्वाकर्षण है, जो एक दूसरे की कक्षा को प्रभावित करती हैं।

सिडनी विश्वविद्यालय के वैज्ञानिक एड्रियाना डुट्किविज़ का कहना है कि गहरे समुद्र तलछटी में 2.4 मिलियन वर्षीय चक्र के दौरान मंगल और पृथ्वी के सूर्य की परिक्रमा करने की परस्पर क्रिया के चक्रों से गहरे जुड़े हुए हैं, जो मंगल व पृथ्वी के गहरे समुद्र की धाराओं को मजबूत और कमजोर करता है। बहरहाल पृथ्वी की जलवायु के भविष्य के लिए मंगल व शुक्र ग्रह पर शोध करने होंगे।



पृथ्वी और मंगल गृह की तस्वीर। ● अमृत विचार

### कहां गायब हुआ मंगल का वातावरण

वैज्ञानिक मानते हैं कि कभी मंगल पर पृथ्वी की तरह वातावरण रहा होगा और जलवायु पृथ्वी की तरह रही होगी, बारिश व बर्फबारी भी होती होगी। तभी नदियां बहा करती होंगी। मगर अब मंगल वीरान हो चुका है। इसकी वजह समझने को वैज्ञानिक प्रयासरत हैं। इस रहस्य का खुलासा होने के बाद, पृथ्वी के भविष्य का अंदाजा लगाया जा सकेगा।